माघ शुक्ल पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 16 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 22, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अब छंटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव 16
मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री 15

## एक नजर

### किसानों के लिए खोलें सोयाबीन-चना खरीद केंद्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने महाराष्ट्र सरकार से यवतमाल, चंद्रपुर और विदर्भ जिलों में सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने को कहा है, जहां ज्यादातर किसान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने से इसकी खेती में लगे क्षेत्रीय किसानों को लाभ होगा। महाराष्ट्र के सहकारिता, विपणन और कपड़ा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी किसानों की शिकायत और ऐसे खरीद केंद्रों की उनकी मांग के बारे में सूचित किया गया।

### यूएपीए संबंधी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले व्यक्तियों और समूहों ने गुरुवार को अचानक उच्चतम न्यायालय में अपनी याचिकाएं वापस ले लीं और कहा कि उन्होंने उचित मंचों पर जाने का निर्णय लिया है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने बुधवार को आठ याचिकाएं वापस लेने की अनुमति दे दी।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड पर लगाई रोक

## योजना को निरस्त कर दानदाताओं और राशि के खुलासे का भी दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया तथा चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया।



- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा-यह अभिव्यक्ति और सूचना के अधिकारों का उल्लंघन
- 13 मार्च तक निर्वाचन आयोग को दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने के दिए निर्देश

न्यायालय के आदेशानुसार, निर्वाचन आयोग 13 मार्च तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी देगा। संविधान पीठ ने 232 पृष्ठों के अपने दो अलग-अलग, लेकिन सर्वसम्मत फैसलों में कहा कि एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुगतान कराए गए सभी चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देना होगा। इस ब्योरे में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉण्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया, जिसमें बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

### ऑडिट रिपोर्ट : भाजपा को मिला सबसे अधिक चंदा

फैसले में 2017-18 से 2022-23 तक राजनीतिक दलों की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट का हवाला दिया गया, जिसमें ऐसे बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त पार्टी-वार चंदे को दर्शाया गया है। इस दौरान भाजपा को 6,566.11 करोड़ रुपये, जबकि कांग्रेस को 1,123.3 करोड़ रुपये मिले। इसी अवधि के दौरान तृणमूल कांग्रेस को 1,092.98 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। फैसले में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना चुनाव में काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र साधन नहीं है।

### फैसले से लोकतंत्र पर विश्वास बहाल होगा : कुरैशी

पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस. वाई. कुरैशी ने इस फैसले पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों का लोकतंत्र पर विश्वास बहाल होगा। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता था। यह उच्चतम न्यायालय की ओर से पिछले पांच-सात वर्ष में दिया गया सबसे ऐतिहासिक निर्णय है। यह लोकतंत्र के लिए वरदान है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड को असंवैधानिक करार दिया। उच्चतम न्यायालय जिंदाबाद।

### शीर्ष कोर्ट के फैसले का सम्मान : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी बॉन्ड योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसका प्रामाणिक उद्देश्य चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाना था। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद किए जाने के बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह टिप्पणी सामने आई। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है।

### फैसले से वोट की ताकत मजबूत होगी : कांग्रेस

कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर लिखा कि योजना की शुरुआत के दिन कांग्रेस ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी बॉण्ड को कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था।

# पटरियों पर बैठे किसान ट्रेनों का बदला गया मार्ग

## कई टोल प्लाजा पर दिया धरना, पथकर न लेने का बनाया दबाव



पटियाला के राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान।

लुधियाना/होशियारपुर, एजेंसी

'दिल्ली चलो' आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को लेकर पंजाब में कई स्थानों पर किसान घंटों पटरियों पर बैठे रहे। जिससे दिल्ली-अमृतसर मार्ग पर कुछ ट्रेनों को दूसरे मार्गों से भेजा गया। किसानों ने कई टोल प्लाजा पर धरना भी दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से पथकर नहीं लेने के लिए दबाव बनाया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) और बीकेयू डकोंदा (धनेर) ने पंजाब में कई जगहों पर चार घंटे के लिए 'रेल रोको' का आह्वान किया था। किसानों ने दोपहर करीब 12 बजे अपना आंदोलन शुरू किया और कई स्थानों पर पटरियों पर बैठ गए। प्रदर्शन शाम चार बजे तक जारी रह सकता है। हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस के इस्तेमाल के विरोध में किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कई टोल प्लाजा पर प्रदर्शन भी किया। होशियारपुर में किसानों ने जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया। दोआबा किसान कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों ने चोलांग और हरसे मानसर में टोल प्लाजाओं का घेराव किया और वहां धरना दिया। उन्होंने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारे लगाए और किसानों के लिए न्याय की मांग की।

### हमें किसानों के तौर-तरीके पर आपत्ति

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए किसानों के तौर तरीके निंदनीय हैं क्योंकि वे आक्रमण करने जा रही किसी सेना की तरह दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खट्टर ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को रोक सकती थी। अगर वे नहीं रुके, तो वहां कुछ समझ होनी चाहिए और 'दिल्ली वाले' कहते हैं कि वे किसानों के आंदोलन के साथ हैं।

# सोनिया ने लिखी रायबरेली को चिट्ठी... परिवार को संभालिएगा

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान में राज्यसभा के नामांकन के बाद से भाजपा लगातार उन्हें ट्रोल कर रही है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अवसरवादी बताया तो इस बीच सोनिया गांधी ने रायबरेली के नाम एक भावानात्मक चिट्ठी लिखी है।

सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है।



- अब सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा पर प्राण आपके पास

रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी जी को जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं रायबरेली से अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा।

## हेमंत सोरेन को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**रांची।** रांची में एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ईडी की हिरासत में थे। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि हेमंत सोरेन को आज विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया और उन्हें 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### फेमा मामले में टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को ईडी का समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा कानून के कथित उल्लंघन के एक मामले में समन जारी कर अगले सप्ताह पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 49 वर्षीय मोइत्रा को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में 19 फरवरी को पेश होने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा के पेश होने पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया जा सकता है। मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी जांच कर रही है।

## तहखाने में पूजा पर रोक के लिए दायर याचिका पर 28 को सुनवाई

संवाददाता वाराणसी

ज्ञानवापी मामला

**अमृत विचार:** वाराणसी की एक अदालत ने गुरुवार को मस्जिद के तहखाने में पूजा-पाठ करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की है।

हिंदू पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश ((पंचम) अनिल कुमार की अदालत ने मस्जिद परिसर में तहखाने में पूजा-पाठ की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय की है।



वाराणसी की जिला अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था कि एक पुजारी ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में प्रतिमाओं के सामने प्रार्थना कर सकता है। मस्जिद समिति ने इस फैसले के खिलाफ अदालत का रुख किया था। ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने जिला अदालत के इस फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भी एक याचिका दायर की थी।

## पुलिस भर्ती फॉर्म में त्रुटि वाले अभ्यर्थी भी दे सकेंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 17-18 फरवरी को होगी सिपाही के लिए लिखित परीक्षा
- उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने जारी किए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार :** उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में वह अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनके ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के उप सचिव ने सभी डीएम-एसपी को पत्र लिखकर इस बाबत दिशा-निर्देश जारी किया है। दरअसल, सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो पालियो में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसमें ढेर सारे अभ्यर्थियों ने भर्ती बोर्ड को यह जानकारी दी है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय अथवा उसमें संशोधन करते समय खुद से या साइबर कैफे द्वारा फार्म में विभिन्न तरह की त्रुटि हो गई हैं। ऐसे में उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित न किया जाए। उसके बाद बोर्ड की ओर से निर्देश जारी किया गया। जिसमें कहा गया है कि जरूरी औपचारिकता पूरी कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल कराना सुनिश्चित किया जाए।

# रामलला और अयोध्या थीम पर सिक्का जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया। राम लला और अयोध्या की थीम पर आधारित रंगीन सिक्का में एक तरफ राम लला की प्रतिमा तो दूसरी ओर राम मंदिर की आकृति बनी है। यह सिक्का एसपीएमसीआईएलआई की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। इसके अलावा दो अन्य स्मारक सिक्के भी जारी किए जो महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर हैं।

उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. (एसपीएमसीआईएल) के 19वें स्थापना दिवस समारोह में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और इसमें एक सींग वाले गैंडे (देश में लुप्तप्राय पशु श्रृंखला का हिस्सा) पर सिक्का जारी किया। बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति पर जारी सिक्का सीमित संस्करण वाला है और इस पर बुद्ध और स्तूप की तस्वीर है। सीतारमण ने पंचतंत्र विषय पर स्मारक टिकट और सिक्के लाने के लिए एसपीएमसीआईएल के प्रयासों की सराहना की। वित्तमंत्री ने कहा कि हाल ही में आप जिन विषयों को लेकर आ रहे हैं, चाहे वह स्मारक टिकट हों या सिक्के, यह बताता है कि आप दुनियाभर की गतिविधियों से अवगत हैं। आप पर्यावरण और दिव्यांगों के लिए चिंताओं को समझते हैं। साथ ही इसे इतना आकर्षक बनाना चाहते हैं जिसे किसी को उपहार दिया जा सके। वर्चुअली आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता सीतारमण ने की। राम लला और अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर जारी स्मारिका सिक्का को 50 ग्राम के 999 शुद्ध रजत से बनाया गया है।



एसपीएमसीआईएल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान सिक्का जारी करतीं वित्तमंत्री।



- रंगीन सिक्के में एक ओर रामलला तो दूसरी ओर उकेरी गई है श्रीराम मंदिर की आकृति
- वित्तमंत्री ने महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर भी जारी किए स्मारक सिक्के



## एक नजर

### अन्नदाता का अपमान सरकार को पड़ेगा भारी : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता और तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही है। किसानों की मांगों को मानने के बजाय उन पर आंसू गैस के गोले दागकर लाठियां बरसायी जा रही है। अन्नदाता का अपमान सरकार को बहुत भारी पड़ेगा। पार्टी मुख्यालय द्वारा गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से कई झूठे वादे किए, बड़े-बड़े सपने दिखाए। भाजपा के झूठे वादों से किसानों के सब्र का बांध टूट चुका है। किसानों को अब भाजपा सरकार के झूठे वादे नहीं चाहिए। भाजपा किसान के हितों के बजाय पूंजीपतियों के हितों का संरक्षण कर रही है। किसान को बिचौलियों का बंधक बनाकर रखना चाहती है। सपा प्रमुख ने कहा कि देश का किसान अब एकजुट होकर भाजपा को सबक सिखाएगा।

# समाज सेवा को लेकर उद्योग घराने करेंगे कई घोषणाएं

जीबीसी

## समाज की जिम्मेदारी उठाने को लेकर अरबों का फंड जुटाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार ने बनाई गरीबों की मदद को लेकर नायाब कार्य योजना
- कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों से संवाद करेगी शीर्ष अधिकारियों की टीम

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने जीबीसी के दौरान 10.15 लाख करोड़ के करीब 15 हजार निवेश प्रस्तावों को धरातल उतारने के साथ उद्योग घरानों से गरीबों की मदद के लिए भी एक नायाब कार्य योजना तैयार की है। इसे लेकर उद्योग घराने कई घोषणाएं कर सकते है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया है, जिनसे शासन के शीर्ष अधिकारियों से संवाद करके समाज की जिम्मेदारी से जुड़ी कार्य योजनाएं साझा करेंगे। उम्मीद है कि कुल लाभ पर दो फीसदी सीसीआर के रूप में दिग्गज कंपनियों के पास हर साल अरबों की धनराशि से राज्य को बड़ा फंड हासिल होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 फरवरी से आयोजित तीन दिनी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में दूसरे दिन कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों से संवाद के लिए हाल तैयार हो रहा है। कई विभागों ने उद्योग घरानों को सीसीआर फंड देने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। समाज सेवा पीपीटी समेत आडियो-वीडियो प्रदर्शन के साथ जरूरत पड़ने पर लाइव जोड़ने की भी पूरी तैयारी है।

दअरसल, भारत में कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) संशोधन नियम- 2022 कंपनियों को सामाजिक उत्तरायित्व से जोड़ता है। इसके लिए कंपनियों को मौजूदा वित्तीय वर्ष से पहले के तीन वित्तीय वर्षों से अपने औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत सीएसआर के जरिए सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहल पर खर्च करना होता है। ज्यादातर प्रतिष्ठित कंपनियां सीएसआर के तहत करोड़ों रुपए सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहलों पर खर्च करते हैं।

### छह विभागों के शीर्ष अधिकारी देंगे प्रजेंटेशन

20 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जीबीसी में सक्रिय प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों के बीच संगोष्ठी के दौरान सीधे संवाद होगें। महिला एवं बाल विकास, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दुग्धशाला विकास विभाग और खेल विभाग के शीर्ष अधिकारी प्रदेश में सीएसआर से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स से अवगत कराएंगे। साथ ही सीएसआर उद्देश्यों के अनुरूप सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों से भी कॉर्पोरेट्स को परिचित कराएंगे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी को लेकर बनायी जा रही मुख्य सड़क। अमृत विचार

## आईजीपी की मुख्य सड़कें बना रहा एलडीए

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) को सजाया और संवारा जा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। गुरुवार को एलडीए ने आईजीपी की मुख्य सड़कों को बनाने का काम शुरू कर दिया। मेहमानों के स्वागत में प्रतिष्ठान को जगह-जगह फूलों और लाइटिंग से सजाया जा रहा है। प्रवेश द्वार पर उद्यान विभाग ने वर्टिकल गार्डेन लगाकर रंग-बिरंगे फूलों से सजाया है। इसके अलावा गमले और पौधे भी लगाए हैं। बिल्डिंग और गमलों को भी पेंट किया गया है। इसके लिए एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है। सचिव विवेक श्रीवास्तव और संयुक्त सचिव एसपी सिंह की देखरेख में ओएसडी राजीव कुमार और रविनंदन सिंह की इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में तैयारियां की जा रही हैं। अधिशासी अभियंता संजय जिंदल सिविल कार्य और उद्यान अधीक्षक कर्ण सिंह द्वारा औद्यानिक कार्य कराए जा रहे हैं।

# वैश्विक समुदाय को नया संदेश दे रहा वनवासी समाज

## सेवा समर्पण संस्थान के एकलव्य वनवास छात्रावास के लोकार्पण में बोले मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वनवासी समाज देश के अतीत की परंपराओं का वाहक है। अगर प्रकृति और परमात्मा के बीच में समन्वय नहीं होगा तो प्रलय जरूर आएगा। इससे बचना है तो हमें वन परंपरा के साथ जुड़ना होगा और कहीं न कहीं अरण्य संस्कृति को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित भी करना पड़ेगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एचपीसीएल के सीएसआर फंड के सहयोग से सेवा समर्पण संस्थान के एकलव्य वनवास छात्रावास के लोकार्पण एवं सारंग धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी के साथ गोरखपुर में श्री राम वनवासी छात्रावास की स्थापना 1984 में हुई थी। पूर्वोत्तर के राज्यों में जहां पहले कोई जा नहीं सकता था। उस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सानिध्य में संचालित सेवा समर्पण संस्थान के श्री राम वनवासी छात्रावास में यहां के बच्चों को लाकर भारत के साथ जोड़ कर उन्हें राष्ट्र और समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा गया। आज पूरा पूर्वोत्तर भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की मुख्य धारा के साथ जुड़ करके आत्म गौरव की अनुभूति करता है। भारत को जोड़ने का सबसे बड़ा कार्य प्रचारकों ने किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एचपीसीएल की तरह अन्य संस्थाओं को भी अपनी आय का दो प्रतिशत भाग इस प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिए देना चाहिये।



मोहनलालगंज में धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

- एचपीसीएल की तरह अन्य संस्थाओं को भी अपनी आय का दो प्रतिशत सामाजिक कार्यों के लिए देना चाहिए : योगी

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक संजीव, प्रांत प्रचारक कौशल, राजीव गोयल, जितेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### महिला आत्मनिर्भर तो समाज सशक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे।

वे गुरुवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या सुमंगला योजना की धनराशि अप्रैल से 25 हजार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत अप्रैल माह से इसकी धनराशि 25 हजार की जाएगी। इस योजना के अन्तर्गत 17 लाख से अधिक बेटियों को जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक बेटियों की शादी का कार्य सम्पन्न किया है। स्वामित्व योजना के तहत 90 लाख महिलाओं को घर का मालिकाना अधिकार दिलाया गया है।

**इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश-दुनिया का सफलतम मॉडल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि छह-सात वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित और समाप्त हो चुका है। वे गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा :** गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### फाइलेरिया खात्मे के लिए जारूगकता बढ़ाए : योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य टीम से कहा कि सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रदेशवासियों को सिर्फ दवा न खिलाएं बल्कि जागरूक भी करें। अगर, मात्र चार दिनों में लक्ष्य का करीब 20 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है तो 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत अच्छी है। फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने गुरुवार को बताया कि एमडीए अभियान में कुल तीन करोड़ 60 लाख 25 हजार 891 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके सापेक्ष सिर्फ चार दिन में ही 66 लाख 14 हजार 589 यानि करीब 20 प्रतिशत लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा खा ली है। उन्होंने बताया कि साल 2026 तक फाइलेरिया मुक्त प्रदेश बनाने के लिए जहां एक ओर घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर चिन्हित मरीजों को इलाज और दिव्यांगता रोकथाम (एमएमडीपी) का प्रशिक्षण व किट दी जा रही है।

# लामार्टिनियर में बनेंगे तीन हेलीपैड, चमकेगी सड़कें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 19 फरवरी से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर लामार्टिनियर स्कूल में तीन अस्थायी हेलीपैडों का निर्माण कराया जा रहा है।

लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बताया कि लामार्ट विद्यालय में तीन अस्थायी हैलीपैडों का निर्माण कराया जा रहा है। आयोजन स्थल इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने के लिए लामार्ट स्कूल से कालिदास चौराहा, 1090 चौराहा, समतामूलक चौराहा व लोहियापथ चौराहा एल-शेप उपरिगामी सेतु पर रंगाई-पुताई, फुटपाथ मरम्मत, डिवाइडर की रंगाई-पुताई संबंधी कार्य चल रहा है तथा मार्ग की साफ-सफाई का भी कार्य प्रगति में है। आवश्यकतानुसार समता मूलक चौराहे से इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले लोहियापथ पर सतह मरम्मत का कार्य कराया जा चुका है।

### जीबीसी में आएंगे 20 विमान

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 20 चार्टर विमानों से मेहमान आएंगे। लुलू ग्रुप के युसूफ अली सहित तीन वीआइपी के चार्टर प्लेन आने की सूचना एयरपोर्ट प्रशासन को मिली है। लखनऊ एयरपोर्ट पर 16 चार्टर विमानों की पार्किंग तैयार की गई है। जबकि कई लोग नियमित विमानों से भी लखनऊ पहुंचेंगे।



ईडी-सीबीआई की कार्रवाई के विरोध में हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन कर रही आम आदमी पार्टी की कार्यकता को गिरफ्तार कर ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## आप के व्यापार प्रकोष्ठ ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ट के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह की गिरफ्तारी, यूपी में महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर जीपीओ पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों से पहले ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। आप कार्यकर्ता गांधी प्रतिमा पर पुलिस फोर्स को देखकर जीपीओ के अंदर छिप गये। जानकारी होते ही पुलिस जीपीओ के अंदर पहुंच गई और वहीं से आप पार्टी के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना शुरु कर दिया। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया।

## वेबसाइट व वोटर हेल्पलाइन एप पर अपना नाम चेक करें : नवदीप रिणवा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता बनने तथा वोट देने के लिए जागरूक किया जाए। टारगेट ग्रुपों पर विशेष ध्यान देकर उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाए। मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट तथा वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से आनलाइन अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक करने और उसे संशोधित करने की जानकारी दी जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, गुरूवार को योजना भवन में भारत निर्वाचन आयोग की टीम व 15 जिलों के स्वीप नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहें थे। भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप टीम के संतोष कुमार, आरके सिंह, रजनी उपाध्याय मौजूद थे। नवदीप रिणवा ने कहा कि जिलों में जिन विधानसभाओं पर साल 2019 में मतदान प्रतिशत 59 .11 प्रतिशत से कम है, वहां मतदान बढ़ाए जाने के लिये टारगेटेड स्वीप गतिविधियां संचालित किया जाए। इसके अलावा हर शुक्रवार को आकाशवाणी में सांय सवा सात बजे 23 भाषाओं में प्रसारित होने वाले मतदाता जंक्शन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

# आप सांसद संजय सिंह को मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

- वारंट जारी करने के आदेश को कोर्ट ने लिया वापस

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह को बड़ी राहत देते हुए, एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने उनको वारंट के जरिए हिरासत में लिए जाने के अपने पूर्व के आदेश को वापस ले लिया है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 29 फरवरी को होगी।

संजय सिंह के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने शीर्ष अदालत द्वारा 9 फरवरी को पारित आदेश को दाखिल करते हुए कहा कि यद्यपि इस न्यायालय द्वारा संजय सिंह के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता के तहत वारंट आदेश जारी कर अनुपालन हेतु आदेश किया गया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने चूंकि संजय सिंह की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है लिहाजा प्रश्नगत आदेश को वापस लिया जाए।

उल्लेखनीय है कि इस मामले की रिपोर्ट 15 अगस्त 2020 को अधिवक्ता अवनीश त्रिपाठी द्वारा राज्य सभा सांसद संजय सिंह, उनके सहयोगी सभाजीत सिंह एवं समर्थक ब्रज कुमारी के विरुद्ध हजरतगंज थाने पर लिखाई गई थी जिसमें कहा गया कि संजय सिंह ने एक प्रेस वार्ता कर कहा कि प्रदेश में लोगों को चुन-चुन कर मारा जा रहा है तथा ब्राह्मणों पर अत्याचार हो रहा है।

आरोप है कि संजय सिंह ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के विरुद्ध भी शब्द कहते थे। वादी का आरोप है कि संजय सिंह धर्म और जाति के आधार पर समाज में वैमनस्यता फैला रहे हैं।

# 41 जिलों में राशन के साथ मुफ्त मिलेगा बाजरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 28 फरवरी तक दिया जाएगा राशन

**अमृत विचार :** अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 28 फरवरी तक इस माह के राशन का वितरण किया जाएगा। मुफ्त खाद्यान्न वितरण के तहत राज्य के 41 जिलों में बाजरा का वितरण भी किया जाएगा।

इन जिलों में लाभार्थियों को अंत्योदय कार्ड पर नौ किग्रा गेहूं, 21 किग्रा चावल और पांच किग्रा बाजरा (कुल 35 किग्रा खाद्यान्न) का मुफ्त वितरण किया जाएगा। प्रदेश के शेष जिलों में अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा गेहूं और 21 किग्रा चावल का निशुल्क वितरण किया जाएगा।

बाजरा वितरण के लिए जिन जिलों को शामिल किया गया है उनमें बांदा, प्रतापगढ़, जौनपुर, चंदौली, वाराणसी और बलिया, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, फर्रूखाबाद कन्नौज, औरैया, गाजीपुर, मीरजापुर, संतरविदास नगर, प्रयागराज, कौशांबी कौशाम्बी, फतेहपुर, जालौन, चित्रकूट, पीलीभीत और हमीरपुर शामिल हैं। वहीं, पात्र गृहस्थी को 41 जिलों में से छह जिलों (बांदा, प्रतापगढ़, जौनपुर, चंदौली, वाराणसी और बलिया) को छोड़कर शेष 35 जिलों में प्रत्येक राशनकाड पर प्रति यूनिट पर एक किग्रा गेहूं, तीन किग्रा चावल और एक किग्रा बाजरा (कुल पांच किग्रा) का मुफ्त वितरण किया जाएगा।

### अयोध्या भेजी गयी डॉक्टर समेत 110 स्वास्थ्य कर्मियों की टीम

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से रोजाना आने वाले विशिष्ट व सामान्य श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को डॉक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों की टीम को भेजी है। इसके लिए स्वास्थ्य महानिदेशक ने लखनऊ, बाराबंकी, समेत विभिन्न जिलों से 40 डॉक्टर व 40 फार्मासिस्ट के अलावा 30 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने बताया कि अयोध्या में गत माह 15 जनवरी से एक माह के लिए डॉक्टर व फार्मासिस्टों की बड़ी टीम तैनात की गई थी। भीड़ अनवरत बनी हुई है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को अगले एक माह के लिए नियुक्त किया गया है। इसके लिए राजधानी समेत विभिन्न जिलों से डॉक्टर, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही एंबुलेंस पूर्व की भांति सक्रिय रहेंगी।

### होम्योपैथिक अस्पतालों में डॉक्टरों के साथ बढ़ेंगे फार्मासिस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** होम्योपैथी विभाग में चिकित्सा अधिकारियों और फार्मासिस्टों की प्रोन्नति के बाद रिक्त पदों पर नई नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। जल्द ही होम्योपैथी विभाग 240 डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए उप्र लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेजेगा। होम्योपैथी निदेशक डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि 1182 चिकित्साधिकारियों से विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक के लिए जिलों से रिपोर्ट मांगी गई थी। बैठक में 240 चिकित्साधिकारियों को वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के पद प्रोन्नति मिली है। जिसके बाद चिकित्साधिकारियों के पद रिक्त हो चुके हैं, शासन से अनुमति मिलने के बाद इन पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा जाएगा। इसके अलावा डीपीसी के बाद 397 फार्मासिस्टों के पद रिक्त हो चुके हैं, इन पर भी नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा जाएगा। निदेशक डॉ.अरविंद कुमार ने बताया कि फरवरी माह का वेतन उन्हीं अधिकारियों व कर्मचारियों को जारी किया जाएगा, जो बायोमेट्रिक अटेंडेंस दे रहें हैं।

# राज्यसभा के लिए भाजपा से संजय सेठ ने किया नामांकन

## प्रदेश अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों की मौजूदगी हुआ नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में राजधानी के प्रमुख कारोबारी संजय सेठ को मैदान में उतारकर एक सीट पर पेंच फंसा दिया है। भाजपा बहुमत के आंकड़े से 8 वोट पीछे है, जबकि सपा एक वोट। ऐसे में भीतरघात और खरीद फरोख्त की आशंका बढ़ गई है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में संजय सेठ का नामांकन पत्र दाखिल कराया गया। अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह आदि शामिल रहे।

403 सदस्यों वाली उप्र विधानसभा में इस समय 399 सदस्य हैं। चार सीटें रिक्त हैं। वर्तमान संख्या बल के हिसाब से राज्यसभा की एक सीट से जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रथम वरीयता के 37 वोट की जरूरत होगी। इस लिहाज से भाजपा से बुधवार को नामांकन करने वाले सात प्रत्याशियों पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, महासचिव अमरपाल मौर्य, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत, पूर्व सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, पूर्व विधायक साधना सिंह और आगरा के पूर्व मेयर नवीन जैन की निर्विरोध जीत तय है। जबकि सपा से तीन नामांकन के बाद अब भाजपा का 8वां और चुनाव में 11वां नामांकन संजय सेठ का होने से एक सीट पर मतदान से ही फैसला होगा।



विधानसभा में राज्यसभा के लिए नामांकन करते भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ, साथ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या, मंत्री सुरेश खन्ना ,मंत्री आशीष पटेल, मंत्री संजय निषाद व मंत्री जितिन प्रसाद। अमृत विचार

- बहुमत न होने से भाजपा-सपा के बीच दिखेगा भीतरघात और खरीद फरोख्त

**आलोक रंजन और संजय सेठ के बीच होगा मतदान :** सपा की ओर से राज्यसभा चुनाव में तीसरे प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और भाजपा की ओर आठवें प्रत्याशी संजय सेठ के बीच मतदान से जीत-हार तय होगी। सपा से जया प्रदा ने क्रमांक एक और रामजी लाल सुमन से क्रमांक 3 पर नामांकन किया था, जबकि सपा से क्रमांक 6 पर तीसरा नामांकन नौकरशाह आलोक रंजन का हुआ था, इस लिहाज से आलोक रंजन और संजय सेठ में देखना होगा कि धन और बाहुबल में कौन भारी पड़ता है।

**एक-एक वोट के लिए दिखेगी घुड़दौड़ :** एनडीए की अंकगणित में भाजपा 252, अपना दल (एस) 13, निशाद पार्टी के 6 और ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा के 6 विधायक हैं। हाल ही में एनडीए का दामन थामने वाले आरएलडी के 9 विधायक मिलकर आंकड़ा 286 है। दो विधायक राजाभैया गुट के मिलाकर कुल वोट 288 है, लेकिन सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी जेल में हैं। सपा के 108 और कांग्रेस के 2 दो विधायक है। एक सपा विधायक इरफान सोलंकी जेल में बंद हैं। जबकि सपा के टिकट से विधायक पलवी पटेल ने सपा प्रत्याशी को वोट न देने की घोषणा की है। ऐसे में तीनों सीटें जीतने के लिए सपा को 111 वोट जुटाने के लिए अपनों को मनाना होगा, साथ ही बसपा के एक मात्र वोट की दरकार होगी। जबकि बसपा विधायक का वोट मिलना आसान नहीं है।

### सपा से भाजपा में आए सेठ, 106 करोड़ संपत्ति

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ शालीमार रियल एस्टेट कंपनी में पार्टनर हैं। वे सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबियों में गिने जाते रहे हैं। बाद में अखिलेश यादव के भी करीबी रहे। उनके साथ पार्टी के कोषाध्यक्ष रहे। अखिलेश ने ही 2016 में राज्यसभा भेजा था। उसके बाद 2019 में राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा में आए। फिर भाजपा ने उन्हीं की रिक्त हुई सीट पर फिर से राज्यसभा भेज दिया था। संजय सेठ की कुल चल संपत्ति 12 .50 करोड़, पत्नी-बच्चों की 17 करोड़ से अधिक है, जबकि अचल संपत्ति में संजय की 55 .75 करोड़ और पत्नी के नाम 21 .30 करोड़ है। गाड़ी किसी के नाम नहीं है, जबकि 21 .83 लाख संजय के पास और पत्नी के नाम 1 .85 करोड़ के है। संजय सेठ के पास नामांकन के दौरान 10 लाख 13 हजार 275 रुपये कैश था।

## शहर में आज



- अटल बिहारी बाजपेई इकाना स्टेडियम में उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच रणजी मैच-9:30 बजे।
- मटियारी स्थित ओम शरण निजी आईटीआई परिसर रोजगार मेला- 10:00 बजे।
- मोहिबुल्लापुर स्थित बाल निकुंज कॉलेज में सेल्फ डिफेन्स ट्रेनिंग कार्यक्रम-10:00 बजे।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता-10:00 बजे।
- आरडीएसओ स्टेडियम मानकनगर में पुलिस ड्यूटी मीट समापन कार्यक्रम-10.30 बजे ।
- गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो. शाहिद टर्फ हॉकी स्टेडियम में हॉकी मुकाबले-01:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में नाटक आखिरी बसंत का मंचन-शाम 07.00 बजे ।

# 24 साल बाद भी नहीं मिला भूखंड पर कब्जा

## एलडीए ने विवादित जमीन पर प्लॉट काटकर दिए बेच

## 75 वर्षीय आवंटी वर्षों से लगा रहा अधिकारियों के चक्कर

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ कानपुर रोड योजना के सेक्टर एल में एलडीए ने वर्ष 2000 में भूखंड किया था आवंटित

**अमृत विचार :** 24 साल से आशियाने का सपना देख रहे राजा बख्श को भूखंड पर कब्जा तक नहीं मिला। उनको कानपुर रोड योजना में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने विवादित भूखंड काटकर बेच दिया। 2017 तक इसकी रजिस्ट्री नहीं की। एलडीए के अधिकारी कहते हैं कि इस जमीन पर कोर्ट का स्थगन आदेश है। गुरुवार को 75 साल के राजा बख्श जमीन पर कब्जा पाने के लिए प्राधिकरण की जनता अदालत में गुहार लगाने पहुंचे थे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के कमेटी हॉल में गुरुवार को आयोजित जनता अदालत में राजाजीपुरम निवासी 75 वर्षीय राजा बख्श ने एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी से अपना दुखड़ा सुनाया। उन्होंने उपाध्यक्ष को बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कानपुर रोड योजना के सेक्टर-एल में 200 वर्गमीटर का भूखंड संख्या ए 227 वर्ष 2000 में आवंटित किया था।

### नौ प्रकरण निस्तारित

जनता अदालत में कुल 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 9 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण के सम्बन्ध में एलडीए उपाध्यक्ष ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। इनमें नामांतरण, फ्री-होल्ड, रजिस्ट्री व अवैध निर्माण आदि प्रकरण शामिल हैं।

2009 में रिटायर होने के बाद से रजिस्ट्री कराने के लिए दौड़ रहा हूं। रजिस्ट्री होने के इंतजार में मकान भी नहीं बना पाया। परिवार के साथ किराये के मकान में रह रहा हूं।



राजा बख्श।

उनका कहना था कि एलडीए ने रजिस्ट्री नहीं की अब कह रहे स्टे लगा है। स्टे की कॉपी दे रहे न मुकदमा नंबर बता रहे हैं। 16 नवंबर 2023 के बाद से कोई जवाब भी नहीं दे रहे। उन्होंने उपाध्यक्ष से भूखंड की रजिस्ट्री कराने की मांग की। दो और आवंटियों सुशीला अम्बरेश ने भूखंड संख्या एल 211 और अखिलेश चन्द ने भूखंड संख्या एल 212 की रजिस्ट्री कराने की मांग की। उपाध्यक्ष ने प्रकरण सुनकर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

जनता अदालत में उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, उप सचिव माधवेश कुमार, अतुल कृष्ण सिंह, ओएसडी देवांश त्रिवेदी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।



जनता अदालत में शिकायत सुनते उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार

### मौदा में अवैध रो-हाउस की शिकायत

पुराना हैदरगंज निवासी राम विलास श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया कि बिजनौर के ग्राम मौदा में गाटा संख्या-152 पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके विरुद्ध विहित प्राधिकारी न्यायालय में सुनवाई चल रही है। उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन तीन के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी से प्रकरण में आख्या तलब करते हुए तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। गोंडा के करनैलगंज निवासी वकील अहमद ने देवपुर पारा के ईडब्ल्यूएस भवन के रिफंड के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया। इस पर उपाध्यक्ष ने सहायक लेखाधिकारी विनोद श्रीवास्तव को मौके पर बुलाकर आवंटी को तत्काल रिफंड दिलाने के निर्देश दिये।

# अकबर नगर के जीएसटी व आयकर भरने वालों की सूची एलडीए ने सौंपी

विधि संवाददाता, विधि सवांददाता

▸▸ हाईकोर्ट ने 73 कब्जेदारों की सम्पत्ति का ब्यौरा किया तलब

**अमृत विचार:** अकबर नगर में ध्वस्तीकरण मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई के दौरान एलडीए की ओर से 73 ऐसे कब्जेदारों की सूची सौंपी गई है जो जीएसटी अथवा आयकर भरते हैं। इस पर न्यायालय ने उक्त 73 कब्जेदारों में से उन सभी लोगों को जिन्होंने हाईकोर्ट में ध्वस्तीकरण के खिलाफ याचिकाएं अथवा हस्तक्षेप प्रार्थना पत्र दाखिल किए हैं, उनकी सम्पत्ति का ब्यौरा तलब किया है। न्यायालय ने कहा है कि ऐसे लोगों ने अकबर नगर में कितने वर्ग फुट जमीनें कब्जा कर रखी हैं और उनकी तथा उनके परिवार की कितनी सम्पत्तियां देश भर में हैं, उनका विस्तृत ब्यौरा अगली सुनवाई तक याचीगण दें। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अकबर नगर के तमाम निवासियों की ओर से दाखिल कुल 87 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जेएन माथुर जबकि एलडीए की ओर से सुदीप कुमार, अनुज कुदेसिया व रत्नेश चंद्रा ने बहस की। गुरूवार को राज्य सरकार की ओर से भी स्थायी अधिवक्ता ने जवाबी हलफ़नामा दाखिल किया।उल्लेखनीय है कि याचियों की ओर से स्व स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास नीति 2021 का हवाला देते हुए, दलील दी गई है कि उक्त नीति के प्रावधानों के तहत याचियों का पुनर्वास नहीं किया जा रहा है। वहीं न्यायालय ने 13 फरवरी को मामले की सुनवाई करते हुए, याचियों समेत राज्य सरकार व एलडीए को उन कब्जेदारों की सूची देने का आदेश दिया है जो जीएसटी अथवा आयकर भर रहे हैं।

## एक नजर

### तीन पीसीएस अधिकारियों का तबादला

**अमृत विचार,लखनऊ :** शासन ने तीन पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है। उपजिलाधिकारी( एसडीएम) हमीरपुर सुरेंद्र कुमार को अपर जिलाधिकारी( न्यायिक)मथुरा, हापुड़ की एसडीएम सुनीता सिंह को इसी पद पर अमरोहा व पीसीएस अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा को एडीएम ( न्यायिक) अमेठी बनाया गया है।

### लखनऊ से किशनगढ़ के लिए हवाई सेवा आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ से अजमेर ( किशनगढ़) के लिए चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से आज से विमान सेवा शुरू होगी। स्टार एयर की फ्लाइट लखनऊ से अजमेर और फिर हिंडन एयरपोर्ट जाएगी। किशनगढ़ की दूरी लगभग सवा घंटे में पूरी कर लेगी। विमान सेवा सप्ताह में चार दिन शुक्रवार, शनिवार, रविवार और सोमवार को संचालित होगी। उड़ान संख्या एस 5-223 दोपहर 12 :20 पर अमौसी एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी। किशनगढ़ का किराया 5384 रुपये निर्धारित किया गया है।

### गोमतीनगर के कई क्षेत्रों में आज ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अमृत विचार लखनऊ :** ट्रांसगोमती के कई इलाकों मे शुक्रवार को बिजली सप्लाई बंद रहेगी। गोमतीनगर में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक अनुरक्षण कार्य किया जायेगा। इससे विनयखंड- तीन, चार, विवेकखंड-दो, तीन, विजयखंड-एक और दो इससे प्रभावित रहेगा।साथ ही राजाजीपुरम के शीला गार्डेन, न्यू हैदरगंज फीडर पर मेंटीनेंस किये जाने के चलते सुबह 10 बजें से शाम पांच बजे तक आपूर्ति को बंद किया जायेगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी से पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से बांटे गये उपकरणों के संबंध में पूछे सवाल

**अमृत विचार:** पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद से ईडी ने लखनऊ में गुरुवार को पूछताछ की। ईडी ने नोटिस भेज उन्हें कार्यालय बुलाया था। उनके खिलाफ दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और उपकरण बांटने केंद्र सरकार से मिली सब्सिडी हड़पने का आरोप है। लुईस खुर्शीद डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैं।

लखनऊ स्थित ईडी के जोन कार्यालय पहुंचीं लुईस खुर्शीद से दोपहर 12 बजे से शाम करीब 6 बजे तक पूछताछ की गई। विभागीय सूत्रों का कहना है कि लुईस से डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से बांटे गये उपकरण के ब्यौरे व उससे जुड़े अन्य सवालों का जवाब मांगा गया। उन्होंने अधिकतर सवालों का जवाब नहीं में या दिया या चुप्पी साध ली। मालूम हो कि उपकरण वितरण में हेराफेरी को लेकर लुईस खुर्शीद समेत अन्य के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### घर के बाहर टहल रही बुजुर्ग महिला को श्वान ने काटा

**अमृत विचार,लखनऊ :** अलीगंज के चौधरी टोला में मिश्रा ब्वायज हॉस्टल के पास गुरुवार सुबह बुजुर्ग महिला को श्वान ने बुरी तरह काट लिया। श्वान ने महिला के बाएं पैर में कई जगह काटा है। इस बीच आस-पास के लोग महिला की मदद के लिए पहुंचे और इलाज के लिए केजीएमयू ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया। शमीम ने बताया कि उनकी मां हसमतुल (63) सुबह घर के बाहर टहल रही थीं। घर के पास ही एक श्वान और उसके पिल्ले थे। उन्हें पास आता देख श्वान ने अचानक हमला बोल दिया और बाएं पैर में काट लिया। नगर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा का कहना है कि घटना की सूचना पर मौके पर कैटल कैचिंग टीम भेजी गई थी। लोगों की सहमति पर श्वान को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

# सरकारी विभागों पर सौ करोड़ से ज्यादा का गृहकर बकाया

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ रेलवे, मेट्रो, एलडीए, परिवहन सहित कई विभागों ने नहीं जमा किया गृहकर

▸▸ बकाया मिल जाए तो नगर निगम का लक्ष्य हो जाएगा पूरा

▸▸ नगर निगम ने शासन को समीक्षा बैठक में सौंपी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सरकारी विभागों के भवनों पर नगर निगम का लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक गृहकर बकाया है। रेलवे, मेट्रो, एलडीए, परिवहन निगम सहित कई अन्य विभागों ने अपना बकाया गृहकर जमा नहीं किया है। रेलवे पर 73 करोड़ रुपये और लखनऊ मेट्रो पर सात करोड़ रुपये बकाया है। यदि इन विभागों से बकाया मिल जाए तो नगर निगम का गृहकर का लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा। नगर निगम ने गृहकर की समीक्षा बैठक में शासन को सरकारी विभागों के बड़े बकायेदारों की सूची सौंप दी है। नगर निगम इन विभागों को बकाया जमा करने के लिए दोबारा रिमाइंडर भेज रहा है।





**नगर निगम ने शासन को समीक्षा बैठक में सौंपी है रिपोर्ट :** वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए नगर निगम को 598 करोड़ रुपये कर करेत्तर की वसूली का लक्ष्य मिला है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में लगभग 45 दिन शेष हैं और नगर निगम को लगभग 2,00 करोड़ रुपये और वसूलने हैं। अगले महीने लोकसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आचार संहिता लग जाने से वसूली प्रभावित हो सकती है। इसे देखते हुए नगर निगम के पास काफी कम समय बचा है। इसलिए नगर निगम जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने के लिए बड़े बकायेदारों से वसूली की ओर ध्यान दे रहा है। व्यावसायिक भवनों और दुकानों के साथ सरकारी भवनों से भी गृहकर वसूली में तेजी लाने के लिए नगर निगम ने अभियान तेज कर दिया है।

### इन विभागों को फिर से भेजा रिमाइंडर

| विभाग | धनराशि ( करोड़ रुपये) |
|---|---|
| रेलवे- | 73 |
| मेट्रो- | 7 |
| शकुंतला मिश्रा विवि- | 10 .47 |
| परिवहन निगम- | 1.96 |
| एलडीए- | 2 .54 |
| स्थानीय निकाय- | 1.08 |



मौसम में बदलाव जारी है, ऐसे में गुरुवार को लखनऊ और आसपास कोहरा छाया रहा। गोमतीनगर में सुबह छाए घने कोहरे की बीच हेड लाइट जलाकर गंतव्य को जाते वाहन चालक। अमृत विचार

## बुजुर्ग माता-पिता से बेटे और बहू ने की मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊः** अलीगंज के के त्रिवेणीनगर तृतीय में रहने वाले बहू-बेटे ने बूढ़े माता-पिता की पिटाई की। उनको घर से निकालने की धमकी दे रहे। पीड़ित बुजुर्ग दंपती ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने बहू-बेटे और दो किराएदारों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

अलीगंज के त्रिवेणी नगर तृतीय निवासी संतोष सिंह (64) ने बताया उनके दो बेटे अजीत प्रताप सिंह व अमूल्य प्रताप सिंह हैं। वर्ष 2015 में जीवन भर की कमाई एकत्रित कर मकान ले कर छोटे बेटे अमूल्य के नाम बैनामा कराया था। इसके बाद छोटे बेटे व बहू प्रियंका के संग इसी घर में रहने लगा। पिछले कुछ माह से अमूल्य व बहू की मकान पर नीयत खराब हो गयी है। दोनों उन्हें व पत्नी को गाली गलौज कर प्रताड़ित कर घर छोड़ वृद्धा आश्रम में जाने का दबाव बना रहे हैं। कुछ दिन पहले आरोपी कमरे में घुस कर धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। इस दौरान किरायेदार भी बीच बचाव करने की बताया आरोपियों की तरफ से उनको डंडे से पीटने लगे। मामले की जानकारी पर बड़ा बेटा अजीत पहुंचा तो उसे भी पीट दिया। बुजुर्ग ने कहा कि छोटे बेटे व बहू से जान को खतरा है। वह मकान हड़पने के लिए उनकी हत्या कर सकता है। उन्होंने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर अलीगंज इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया अमूल्य, प्रियंका समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# युवतियों ने बार के बाहर की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वैलेंटाइन डे की देर रात का मामला,सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के फिनिक्स प्लासियो माल में नशे में धुत युवतियों के मारपीट करने का वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ। पुलिस ने जांच की पता चला कि वीडियो वैलेंटाइन डे की रात टानिक बिस्ट्रो एंड बार के बाहर का है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो में दो युवतियां आपस में गाली गलौज करती दिखाई दे रही हैं। इसी बीच आसपास मौजूदचार-पांच युवक बीच बचाव का प्रयास कर रहे हैं। युवकों के हाथ में बीयर के केन दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वैलेंटाइन डे की रात बुधवार का बताया जा रहा है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया बुधवार देर रात का वीडियो है। दोनों युवतियां किसी एक युवक के चक्कर में आपस में विवाद कर रहीं थी। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। युवतियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## टास्क फोर्स करेगी कृषि कार्यों की समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि कार्यों की समीक्षा टास्क फोर्स करेगी। कृषि निदेशालय ने मंडलवार एक-एक अधिकारी नामित किया है। जो हर माह तीन दिन मंडल का भ्रमण कर विशेष समीक्षा करेंगे और खराब प्रगति वाले जिलों की रिपोर्ट करेंगे।

निदेशालय ने कृषि कार्यों में सुधार और पारदर्शिता लाने के लिए टास्क फोर्स बनाई है। इसमें इसमें मंडलवार अधिकारी नामित किए हैं। जो मंडल का हर माह में तीन दिन भ्रमण कर बैठक करेंगे और विशेष समीक्षा करेंगे।

# प्रीपेड मीटरों की खराबी से ठगे जा रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिल और जमा करने वाली धनराशि में सामने आ रहा अंतर

**अमृत विचार:** प्रीपेड मीटरों की तकनीकी खराबी राजधानी के उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही हैं। शहर में लगे प्रीपेड मीटरों के रिचार्ज से लेकर उनके बिलों में आ रहे अंतर को लेकर लोग उपकेंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इसे ठीक कराने के लिए कैश काउंटरों पर बिल को कम करने के लिए खेल किया जा रहा है। उपभोक्ता जब अधिकारियों से समस्याएं बताते हैं तो वहां सिर्फ आश्वासन मिलता। इसका समाधान नहीं निकल रहा है। वहीं, कर्मचारी इसके नाम पर धन उगाही करने में जुटे हैं। सुविधा शुल्क न देने पर कनेक्शन काटने की धमकी दी जा रही है।

घरों में लगे प्रीपेड मीटर के बिलों में भी खेल शुरू हो गया हैं। महानगर, बीकेटी, जानकीपुरम, सरोजनीनगर, यहियागंज, गोमतीनगर विस्तार सहित अधिकांश इलाकों में मीटर रिचार्ज के बिलों में काफी अंतर आ रहा है। रिचार्ज मीटर से निकलने वाले बिल को लेकर उपभोक्ता सबस्टेशन पर पहुंच रहे हैं। वहां कर्मचारी उनको दूसरा बिल बता रहे हैं। उपकेंद्र और मीटर के बिल में काफी अंतर रहता है।

अलीगंज के बड़ा चांद गंज इलाके के आनंद वर्मा ने बताया कि जिनका बिल मीटर में 1200 रुपए दिखा रहा था। मीटर के रिचार्ज के लिए पहुंचे कपूरथला उपकेंद्र में उन्हें दो हजार का बिल बताकर उसे रिचार्ज करने को कहा गया। उपभोक्ता के बार बार कहने के बाद भी उनके मीटर को रिचार्ज नही किया गया। इसके उपरांत उपकेंद्र पर मौजूद कर्मचारियों ने सुविधा शुल्क की मांग पर उसे ठीक कराने की बात जरूर कही। इंकार के बाद हम दो हजार का ही रिचार्ज कराने पर मजबूर हो गयें।

> मेरें संज्ञान में अभी तक कोई ऐसा मामला आया नही हैं। मीटर रिचार्ज में यदि विभागीय कर्मचारियों का कोई खेल नजर आया। तो उसकी जांच कराकर कठोर कार्यवाही जरूर की जायेगी। -**सुनील कपूर**, मुख्य अभियंता,ट्रांसगोमती

जानकीपुरम में रहने वाले आशीष खरे ने बताया कि अभी जल्दी ही उनके यहां स्मार्ट मीटर लगाया गया हैं। पहली बार का रिचार्ज तीन हजार का करवाया था। हमने पंद्रह सौ के बिल का मैसेज मिला। लेकिन मीटर को रिचार्ज के लिए जब मैने कैश काउंटर पर जानकारी मांगी, तब मेरे बिल को पांच हजार का बताया गया। इस समस्या को जब हमने अधिकारियों के सामने रखा, तो उन्होंने भी वहीं बिल को जमा करने की बात कही जौ कैश काउंटर से दी गई थी। कैश काउंटर पर मौजूद कर्मचारी ने कुछ खर्च की की मांग की। साथ ही दोनों बिल को कम करने का दावा किया। ऐसें मे ये समझ से परे है कि उपभोक्ताओं को मिलने वाले बिलों में और कैश काउंटरों के बिलों में अंतर कैसे आ रहा हैं।

# शहर में जाम अब आम, रोज घंटों परेशान हो रहे राहगीर



गुरुवार दोपहर को हुसैनगंज चौराहे पर लगे जाम के चलते वाहनों की लगी कतार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हजरतगंज, चारबाग, बर्लिंग्टन समेत कई इलाकों में लगा जाम

▸▸ ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को करनी पड़ी मशक्कत

**अमृत विचार:** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सड़कों के किनारे बेतरतीब खड़े किये जा रहे वाहनों से बिगड़ी है। पार्किंग से बचने के लिए चालक बीच रोड तक प्रतिष्ठानों के सामने वाहन खड़ा कर रहे हैं। फिलहाल ट्रैफिक पुलिस तो जाम खुलवाने के लिये मशक्कत करते दिखती है, लेकिन कुछ स्थानों पर सिविल पुलिस दर्शक की भूमिका में दिखती है।

रोजाना की तरह ही गुरुवार को हजरतगंज के आसपास की सड़कों पर दिनभर जाम की स्थिति रही। इस दौरान मुख्य सड़कों पर दुकानों के सामने चार पहिया वाहन फुटपाथ से लेकर सड़क तक खड़े दिखे। सिकंदराबाग चौराहे से श्रीराम टावर तक वाहनों की कतार लगी दिखीं। ग्रीन सिग्नल होने के बाद भी मशक्कत से आवाजाही शुरू हुई। डीएम आवास की तरफ भी आधे-आधे रास्ते तक वाहन खड़े दिखे। ऐसे ही हालत हलवासिया तक मिले। हजरतगंज थाना से लालबाग मार्ग पर दुकानों के सामने दुकानदार अतिक्रमण फैलाये हैं। जबकि इस रास्ते से दिन भर पुलिस महकमे के आला अफसरों का आवागमन रहता है। इससे इस रास्ते पर भी दिन भर जाम के हालात बने रहते हैं। लालबाग चौराहा और नगर निगम कार्यालय की तरफ जाने वाली सड़क का भी हाल कुछ ऐसा ही है। समस्या तब और बढ़ जाती है जब स्कूलों की छुट्टी होते ही इलाके में वाहनों का जमावड़ा लग जाता है। सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन व्यवस्था शुरु की थी। शुरुआती दिनों में तो असर दिखा, लेकिन धीरे-धीरे हालात फिर जस के तस हो गए हैं।

### घंटों परेशान हुए लोग

चारबाग, हजरतगंज, लालबाग, परिवर्तन, मंडलायुक्त कार्यालय, बार्लिंटन चौराहा , डीएम आवास के सामने, पालीटेक्निक चौराहे, मुंशी पुलिया, मामा चौराहे समेत अन्य इलाकों में दिन भर जाम की स्थिति रही। जाम में फंस वाहन चालक घंटों परेशान रहे।

> दुकानों पर सड़कों पर मनमाने तरीके से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक कर्मी जाम की समस्या का समाधान करने के लिये हर समय तत्पर रहते हैं। जिन स्थानों पर रोड किनारे मनमाने तरीके से वाहन खड़े किये जा रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। -**अजय कुमार**, एडीसीपी यातायात

## बुरा हाल

### नियमित परिचालक निलंबित, संविदा चालक की सेवा समाप्त, सभी यात्रियों के टिकट बनाया एक स्टापेज छोड़कर

# कम दूरी का टिकट देकर करा रहे थे 50 यात्रियों को सफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चेकिंग दस्ते की जांच के दौरान कैसरबाग डिपो की एक ऐसी बस हाथ लगी जिसमें मौजूद 50 यात्रियों को कम दूरी का टिकट देकर यात्रा कराई जा रही थी। कंडक्टर हरदोई से बस लेकर आ रहा था। रास्ते में करीब सात किमी. दूरी तय करने के बाद जब अचानक बस की जांच चेकिंग दस्ते ने की तो अधिकारी दंग रह गये। इसमें सवार सभी यात्रियों के टिकट एक स्टापेज छोड़कर बनाए गए थे। इस पर कैसरबाग डिपो के एआरएम ने बस कंडक्टर को निलंबित कर दिया। साथ ही चालक की संविदा समाप्त करते हुए उसे नौकरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

### बड़ी संख्या में धरे गए बिना टिकट यात्री

परिवहन निगम की बसों में हर माह चेकिंग दलों की छापेमारी में बिना टिकट यात्री पकड़े जा रहे हैं। बीती नवंबर को 4,455 बिना टिकट यात्री बेटिकट पकड़े गए थे। अक्तूबर माह में 4,901, सितंबर में 4,577 और अगस्त में 4,049 यात्री पकड़े गए। इन मामलों में बस कंडक्टर को निलंबित करने की कार्रवाई की गई।

मामला बीती 14 फरवरी के कैसरबाग डिपो की बस संख्या यूपी 78 एफएन-2651 का है।



▸▸ मात्र एक स्टापेज के बीच 1164 रुपये की चोरी पाई गई

▸▸ हरदोई से लखनऊ आ रही थी बस

इस पर नियमित बस परिचालक अवधेश कुमार, संविदा चालक की ड्यूटी थी। बस हरदोई बस अड्डे से 50 यात्री लेकर लखनऊ के लिए रवाना हुई। इनमें 48 पुरुष-महिला यात्रियों के अलावा चार बच्चे भी मौजूद थे। चेकिंग दलों की मानें तो हरदोई बस अड्डे से पहला स्टॉपेज पचकोहरा पड़ता है। कंडक्टर ने बस अड्डे से पचकोहरा के बीच का टिकट नहीं बनाया और उसकी धनराशि अपनी जेब में रख ली। मात्र एक स्टापेज के बीच 1164 रुपये की चोरी पाई गई।

### यह है नियम

अगर कंडक्टर यात्री से पैसा लेकर टिकट नहीं देता है तो कंडक्टर से पेनाल्टी वसूली जाती है। यात्री टिकट नहीं लेता तो उसे भी पेनाल्टी देनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त कहीं पांच यात्री और इससे ज्यादा यात्री मिलने पर नियमित कर्मी पर निलंबन और फिर नियमानुसार बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाती है। वहीं संविदा कर्मियों संविदा समाप्त करते हुए उसे नौकरी से बाहर किया जाता है।

आरएम आरके त्रिपाठी के निर्देश पर गुरुवार को बस कंडक्टर को निलंबित कर दिया गया। बस कंडक्टर ने दलील दी है कि बस अड्डे से बस निकलने के बाद जब टिकट बनाना शुरू किया उसी वक्त उसकी ईटीएम मशीन अचानक बंद हो गई। मशीन रुकने से टिकट जारी नहीं हो सके। तब तक बस आगे निकल आई थी। जहां चेकिंग दलों ने बस को रोक कर जांच की। अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान मशीन से टिकट नहीं बने मिले।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### सीबीएसई 10वीं 12वीं की परीक्षा हुई शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई) 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं गुरुवार को शुरू हो गई। पहले दिन कला व ट्रेड विषयों की परीक्षा हुई। सीबीएसई जिला कोआर्डिनेटर डॉ. जावेद आलम ने बताया कि कुछ परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्रों में त्रुटि थी, जिसे सही करवा दिया गया है। बाकी पहले दिन काफी कम संख्या में परीक्षार्थी उपस्थित हुए क्योंकि सभी केन्द्रों पर परीक्षा नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि 10वीं में तामांग, शेरपा और पेंटिंग और 12वीं में इंटरप्रेन्योरशिप, कोकबोरोक, कैपिटल मार्केट ऑपरेशन जैसे विषयों की परीक्षा हुई।

### छात्रों ने मनाया फैमिली यूनिटी डे

**अमृत विचार,लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के लगभग 62 हजार छात्रों ने फैमिली यूनिटी डे मनाकर पारिवारिक एकता का संदेश दिया। कॉलेज के सभी 21 कैंपस में छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पारिवारिक एकता के महत्व को रेखांकित किया। इसी कड़ी में राजेन्द्र नगर द्वितीय कैंपस में आयोजित समारोह में निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि पारिवारिक एकता से ही समाज व विश्व में एकता स्थापित हो सकती है। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों का आह्वान किया कि बच्चों को नैतिकता व चारित्रिक उत्कृष्टता की राह दिखाकर समाज में एकता व शान्ति स्थापना का बढ़ावा दें।

# नैमिषारण्य में निकले अमृत ज्ञान की तरह करें मंथन : योगी

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय परिसंवाद का किया उद्घाटन, छात्रों को शिक्षा के प्रति किया प्रोत्साहित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नैमिषारण्य में हजारों वर्ष पूर्व 88 हजार ऋषि -मुनियों ने एक साथ बैठकर मंथन किया था। जिससे अमृत रूपी ज्ञान का अर्जन हुआ। ये वेदों, स्मृतियों के माध्यम से आज भी परंपराओं के रूप में आगे बढ़ रहा है। इसी तरह नेतृत्व समागम में भी मंथन किये जाने की आवश्यकता है। जल्द ही हमारा देश दुनिया में तीसरी आर्थिक शक्ति का रूप ले लेगा।

मुख्यमंत्री लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व लखनऊ से 70 किमी दूर नैमिषारण्य में बिना किसी संसाधन के 88 हजार ऋषि -मुनि जमा हुए थे। धर्म, संस्कृति और सभ्यता को लेकर मंथन हुआ था। इसी के बाद वेदों की स्थापना हुई। जो आज भी परंपराओं के माध्यम से हमारे बीच में है। इसी तरह शिक्षा और शिक्षण व्यवस्था को आगे बढ़ाने में मंथन किये जाना आवश्यक हैं।



लविवि में समागम कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ जल्द ही देश दुनिया में तीसरी आर्थिक शक्ति का रूप ले लेगा

प्रधानमंत्री ने नई शिक्षा नीति लागू कर 2047 की परिकल्पना की है, ऐसे में जल्द ही हमारा देश दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति का रूप ले लेगा। तीन दिवसीय उद्घाटन के दौरान विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्य मंत्री रजनी तिवारी, मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद, विद्या भारती उच्च शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा, लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित, विश्वविद्यालयों के कुलपति, वैज्ञानिक, शिक्षाविद, शोधार्थी उपस्थित रहे।



सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र। अमृत विचार

**संवाद में नीति, रैंकिंग पर रहेगा बल :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि संस्थागत समागम में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नीति, रैंकिंग और प्रमाणीकरण के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चाएं केन्द्रित की जाएंगी, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मजबूती मिल सके। मंथन में तकनीकी उन्नति, रोजगार के लिए तैयारियां कराकर सामाजिक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

**योगी की कर्मभूमि से हुई विद्या भारती की उत्पत्ति :** विद्या भारती उच्च शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि विद्या भारती की उत्पत्ति गोरखपुर से हुई थी। आज विश्वविद्यालयों में 13 हजार और उच्च शिक्षा में 33 लाख छात्र शामिल हैं। इस मंथन से पहले इंदौर में भी आयोजन किया जा चुका है।

**प्राचीन भारत में भी उन्नत थी विज्ञान :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि प्राचीन भारतीय इतिहास में भी हमारी वैज्ञानिक पद्धतियों का उल्लेख है। खगोल विज्ञान के माध्यम से सैकड़ों वर्ष पूर्व नक्षत्रों के आधार पर समय और वस्तु -स्थितियों की जानकारी दे देते थे। आज हमें संस्कृति और शिक्षा को समायोजित कर मजबूती देना है।

राष्ट्रीय विकास का खाका है नई शिक्षा नीति केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह ने कहा कि एनईपी 2020 केवल शिक्षा नीति का दस्तावेज नहीं है। बल्कि राष्ट्रीय विकास का एक खाका भी है। जो भारतीय लोकाचार को समाहित करता है। उद्योग भागीदारी में सहयोग भी करता है।

**सांस्कृतिक संध्या का आयोजन :** सांस्कृतिकी विभाग की ओर से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें उर्दू विभाग की ओर से दास्तान गुई पेश किया गया। सीता स्वयंवर का भी आयोजन किया गया। जिसमें राम के शाश्वत आदर्श प्रेम की पराकाष्ठा को प्रस्तुत किया गया।

### मुख्यमंत्री ने शिक्षाविदों को दिए सुझाव

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षाविदों को सुझाव दिये कि कार्यक्रम की समाप्ति के बाद नैमिषारण्य स्थित तीर्थस्थल पर जरूर जाएं, अयोध्या के दर्शन भी करें। अयोध्या में और कुछ क्या नया किया जा सकता है। इसको लेकर भी सुझाव दिये जाएं। कहा कि जिस तरह विद्या भारती ने भारतीय मूल्य और राष्ट्रीय गीत सहित अन्य सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षण दिया है। उसी तरह सभी शिक्षण संस्थान भी नई पीढ़ी को नई दिशा की ओर ले जाए।

### डीएमआरसी और मेट्रो रेल परियोजनाओं को इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में मिलेगी छूट

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र के अन्तर्गत दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ( डीएमआरसी) द्वारा संचालित मेट्रो तथा प्रदेश में संचालित अन्य सभी मेट्रो रेल परियोजनाओं को इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में छूट दिए जाने का शासन स्तर फैसला किया है। अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता उप्र पावर कारपोरेशन लि. के प्रबंध निदेशक और विद्युत सुरक्षा के निदेशक को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है।

**कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग, लखनऊ

पत्रांकः 3083/ई0ई0(एच0क्यु0)/2023-24
दिनांकः 15/02/2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 24/02/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 24/02/2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 24/02/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या–93, हुसैनाबाद वार्ड मे हाता सितारा बेगम मे कोलम्बिया स्कूल के पीछे नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या–75, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र वार्ड मे सर्वोदय महादेव मन्दिर पार्क निकट एम0एच0 स्कूल, सेक्टर–ए, अलीगंज के पास नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या–48, फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड मे शिव माधो मन्दिर बसंत विहार नैनो सौ मिश्रा के घर के पास नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास होगी स्ट्रांग रूम की चाबी

## एडीएम प्रशासन और डीआईओएस ने की यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के दिशा निर्देशन में जिले स्तर पर यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 की तैयारियां जिलाधिकारी व शिक्षा विभाग की ओर से जारी हैं। इस बार राजधानी में 134 केंद्रों पर 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं आयोजित होंगी। 1 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

सभी केंद्रों पर नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए गुरुवार को एडीएम प्रशासन डॉ शुभि सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार की मौजूदगी में पायनियर इंटर कॉलेज में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें अलग-अलग केंद्रों से उपस्थित केंद्र व्यवस्थापकों ने तैयारियों के बारे में विस्तार से प्रस्तुति दी।

समीक्षा बैठक में सभी केंद्रों पर ऑनलाइन मॉनीटरिंग को लेकर विशेष चर्चा हुई। जिसमें निर्देश दिए गये सभी केंद्र व्यवस्थापक ये सुनिश्चित कर लें कि उनके यहां सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था में कोई खामी न होने पाये। न ही परीक्षा के दौरान कैमरे बंद होने चाहिए। परीक्षा में निगरानी के लिए जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैयारियां भी पूरी हैं।

▸▸ जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैयार, जिले में छह सचल दलों का हुआ गठन

हर साल की तरह से इस बार भी जिले में 6 सचल दलों का गठन किया गया है। बैठक में निर्देश दिए गये कि स्ट्रांग रूम के मुख्य दरवाजे के ताले की चाभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास रहेगी। जिन्हें परीक्षा के समय से एक घंटा पूर्व केंद्र पर पहुंचना होगा। केंद्र व्यवस्थापकों को भी परीक्षा अवधि में समस्त परीक्षा कक्ष के दोनों वायस रिकार्डर युक्त कैमरे संचालित रहेंगे व मुख्य गेट तथा स्ट्रांग रूम सीसीटीवी कैमरे लगातार संचालित रहना आवश्यक है। बता दें कि यूपी बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक आयोजित होंगी।

> परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। समीक्षा बैठक में शेष कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के भी इंतजाम सुनिश्चित किए गये हैं।
>
> –राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ

### कंट्रोल रूम तैयार

यूपी बोर्ड परीक्षा में केंद्रों की आनलाइन निगरानी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना सिटी स्टेशन के निकट राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में की गई है। यहां प्रत्येक कम्प्यूटर पर एक व्यक्ति की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कंट्रोल रूम में तैयारियों की समीक्षा भी कई है।

**70 को जारी हुई नोटिस :** गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में 70 अनुपस्थित स्टैटिक मजिस्ट्रेटों व केन्द्र व्यवस्थापकों को नोटिस भी दिया गया है। डीआईओएस रोकश कुमार ने बताया कि समीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे जिन्हें नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। साथ ही अनुपस्थित रहने का कारण भी पूछा गया है।

### केंद्र व परीक्षार्थियों की संख्या

- कुल परीक्षार्थी 104792
- हाईस्कूल में परीक्षार्थी 56,597
- इंडरमीडिएट में परीक्षार्थी 48195
- कुल परीक्षा केंद्रों की संख्या 134

### तैयार हुआ निगरानी तंत्र

- पांच जोनल मजिस्ट्रेट
- 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट
- 133 स्टैटिक मजिस्ट्रेट
- 6 सचल दल
- 134 केंद्र व्यवस्थापक
- 134 वाह्य व्यवस्थापक

### चार हजार से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित

**अमृत विचार, लखनऊ :** माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा गुरुवार को शुरू हो गई। राजधानी में जहां ये परीक्षा एक केंद्र पर वहीं अलग-अलग जनपदों में 229 केंद्रों पर परीक्षा के दौरान पहले दिन 4000 से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राजधानी में विद्यांत हिंदू इंटर कॉलेज में परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे तो गेट पर उनकी चेकिंग के बाद अंदर प्रवेश दिया गया। इस दौरान केंद्र पर सीसी टीवी कैमरे की निगरानी भी व्यवस्था रही। संस्कृत शिक्षा परिषद बोर्ड के सचिव शिवलाल ने बताया कि परीक्षा अपने निर्धारित समय से शुरू हुई। सचल दलो की ओर से भी केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान व्यवस्था ठीक मिली। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में जहां लखनऊ पंजीकृत 122 परीक्षार्थियों में 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि अन्य जनपदों में 4000 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में नहीं शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस बार पिछले साल की अपेक्षा बदले हुए तरीके से परीक्षा शुरू हुई है। उत्तर पुस्तिकाओं को बदलना आसान नहीं है साथ में क्रमांक संख्या के साथ संस्कृत बोर्ड परिषद का लोगो पहली बार लगा है।



रोबोटिक्स प्रदर्शनी के दौरान मॉडल दिखाती छात्रा। अमृत विचार

### एआई और रोबोटिक्स प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसकेडी एकेडमी की वृंदावन और विक्रांत खंड शाखा में गुरुवार को एआई और रोबोटिक्स प्रदर्शनी का आयोजन हुआ,जिसमें छात्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित विभिन्न वर्किंग मॉडल जैसे रडार सिस्टम, स्मार्ट डोर लॉक सिस्टम, ऑटोनोमस कार, ऑब्सटेकल अवॉइडिंग कार, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट और फायर फाइटिंग रोबोट का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक मनीष सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इनोवेशन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना सं. व.मं.वि.इ./गतिशक्ति/इज्जत/इलै./03/2024
दिनांक 15.02.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः– **क्र.सं. 1. कार्य का नामः** इज्जतनगर मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत (कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इज्जतनगर, बरेली सिटी, काठगोदाम, टनकपुर, काशीपुर, पीलीभीत तथा लालकुआं) रेलवे स्टेशनों के लिए यात्री लिफ्टों की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹50,98,367.95; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹1,02,000/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 11.03.2024 को 15:00 बजे तक; **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** चार माह; • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है IREPS और पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई–टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा./गति शक्ति), इज्जतनगर
मुजाधि/विद्युत–270

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



कार्यक्रम को संबोधित करतीं मुख्य वक्ता व मंच पर उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

### आधुनिक विज्ञान की कोई सीमा नहीं : प्रो. पूनम टंडन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बहुविषयी शोध के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में नए प्रयासों की संभावनाएं हैं। आधुनिक विज्ञान की कोई परिसीमा तय नहीं है। क्योंकि विज्ञान ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है। ये बातें दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कही। वे शुक्रवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इसका आयोजन भौतिक विज्ञान विभाग, स्कूल ऑफ फिजिकल एंड डिसीजन साइंस की ओर से 'भौतिक विज्ञान में विकास-2024' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था। इसमें देश के कई विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। डीएसडब्ल्यू प्रो. बीएस भदौरिया ने कहा, कि भारत में विज्ञान का इतिहास हजारों वर्षों पुराना है। विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों एवं नियमों का हमारे प्राचीन ग्रंथों में उल्लेख मिलता है। भारत देश वेद विद्या के कारण विश्वगुरु था और जल्द ही देश विज्ञान विद्या के कारण विश्वगुरु बनेगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत कुमार मौर्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कांफ्रेंस में प्रो. एमएल मीणा, डॉ. रमेश चंद्र सहित कई विश्वविद्यालय के प्रतिभागी, शोधार्थी व छात्र मौजूद रहे।

# मैपिंग में फंसी सांसद आदर्श ग्रामों की धनराशि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सांसद आदर्श ग्राम योजना के काम और भुगतान ऑनलाइन होने लगे हैं। इस क्रम में चयनित ग्राम पंचायतों को प्रारंभिक गतिविधियों व बैठकों के लिए मिलने वाली धनराशि भी फाइनेंसियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) से सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। जो अब तक चेक से भुगतान की जाती है। नई व्यवस्था से पारदर्शिता के साथ समय की बचत होगी और ग्रामीणों को योजना का समय पर लाभ मिलेगा। इसके लिए जिले के बैंक खाते राज्य के खाते से मैप यानी लिंक करने हैं, जो 49 जिले नहीं कर पाए हैं।

वहीं, शासन को इसकी सूचना भी नहीं दी है। इस वजह से ग्राम पंचायतों को भेजे जाने वाले 87 लाख रुपये स्थानान्तरित नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में सांसद आदर्श ग्रामों की धनराशि मैपिंग को लेकर फंस गई है।इसके लिए शासन ने संबंधित जिलाधिकारी को पत्र लिखकर खाते मैप कराने के निर्देश दिए हैं।

▸▸ खातों में आएगा गतिविधियों व बैठकों का खर्च, 49 जिलों में लिंक नहीं हुए खाते

▸▸ पिछले वर्ष नवंबर में बदली थी प्रणाली, 87 लाख का होना है भुगतान

**प्रशासनिक मद के मिलते 50 हजार रुपये :** चयनित ग्राम पंचायत को प्रशासनिक व्यय के लिए 50 हजार रुपये मिलते हैं। इससे गांव के विकास संबंधित समय-समय पर बैठकें व अन्य गतिविधियों का संचालन किया जाता है। यह धनराशि अब तक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग चेक के माध्यम से देता है। इस प्रक्रिया में समय लगता है। पिछले वर्ष नवंबर में पीएफएमएस प्रणाली लागू हुई थी। लेकिन, खाते लिंक नहीं हो पाए हैं।

### ये जिले मैप नहीं कर पाए खाते

लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, बदायूं, मुरादाबाद, पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, अंबेडकर नगर, अमेठी, औरैया, बागपत, बहराइच, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोंडा, हापुड़, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, लखीमपुर खीरी, महाराजगंज, मैनपुरी, मथुरा, मेरठ, मिर्जापुर, प्रयागराज, सहारनपुर, संभल, संतकबीर नगर, संत रविदास नगर, शामली, श्रवास्ती, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर व उन्नाव।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**
Be it known to all that my name wrongly mentioned as YOJANA in my daughter Ayushi Singh's class 10th Admit card no. 7603 that got for Examination 2024. My correct name is YOJNA SINGH. It will be used for all future purposes.

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रागिनी पत्नी रघुवीर, निवासी–ग्राम परसेहरा नाथ, थाना–हरगांव, जिला–सीतापुर,** मेरे पुत्र प्रदीप कश्यप एवं पुत्रवधू नीलू कश्यप का चाल–चलन ठीक नहीं है वह आये दिन मारपीट तथा मुझे तंग करते है मना करने पर भी नहीं मानते हैं वह लोगों से पैसा लेकर उन्हें वापस नहीं करते है। उनके इन हरकतों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज से मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय–4–सी0, ऐ0आई0 आपर्टमेन्ट वजीरहसन रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।
पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :–अध्यक्षः मंसूर आलम, 55 कैथाना फूलपुर प्रयागराज। उपाध्यक्षः–मो0 नोमान सिद्दीकी हल्दी खुर्द मुंगारी करछना प्रयागराज। महासचिवः मो0 शायबा हम्फी ऐ–504/1–बी, जीटीबी नगर करेली प्रयागराज। कोषाध्यक्षः मसरूर अहमद, हल्दी खुर्द करछना प्रयागराज। यदि किसी को पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**NOTICE**
Please be informed that I completed my high school education from Saint Norbert School under the ICSE Board in the year 2020. My unique ID number is 7202308. Unfortunately, the ID card with this ID number was actually lost on January 15, 2024. Samrat Bishwas, son of Shivnath BishwasResident of Aasaam Chowraha Mohalla Salarpur, Police Station Dargah, Bahraich.

# वाणिज्य और व्यवसाय प्रशासन विषय में शोध करने का बढ़ रहा रुझान

## ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बढ़ी पीएचडी छात्रों की संख्या

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाषा विवि में छात्रों का रुझान तेजी से वाणिज्य और व्यवसाय प्रशासन की ओर बढ़ चला है। ऐसे में पीएचडी करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्टार्टअप बढ़ने से छात्रों का आकर्षण बढ़ना स्वाभाविक है।

शासन छात्रों को बढ़ावा देने के लिए तेजी से स्टार्टअप बढ़ा रहा है। ऐसे में व्यवसाय सहित अन्य क्षेत्रों में पीएचडी धारकों की उपयोगिता बढ़ी है। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पीएचडी समन्वयक प्रोफेसर एहतेशाम अहमद का मानना है कि बाजार में बढ़ती उपयोगिताओं के परिणामस्वरूप ही विवि में पीएचडी करने वाले छात्रों का रुझान व्यवसाय प्रशासन और वाणिज्य के क्षेत्र की ओर बढ़ा है। यही कारण है कि विवि में इस क्षेत्र में पीएचडी करने के लिए शोधार्थी अधिक जुट रहे हैं। उर्दू के अतिरिक्त वर्तमान में इनकी संख्या अन्य शोध विषयों की अपेक्षा अधिक है। विवि में वर्तमान समय में कुल 85 शोधार्थी अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े विषयों में शोध कर रहे हैं। जिनमें इन विषयों के शोधार्थी सबसे अधिक हैं।



▸▸ वर्तमान में 85 शोधार्थी अलग-अलग क्षेत्र के विषयों में कर रहे शोध

### इसलिए बढ़ रही है उपयोगिता

डॉ. रुचिता सुजाय चौधरी का मानना है कि नई शिक्षा नीति ने व्यवस्थाओं में तेजी से बदलाव लाए हैं। कहीं न कहीं ये छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का मजबूत प्रयास है। ऐसे में पीएचडी धारकों को उद्यम और निवेश में बढ़ावा मिलेगा, साथ ही विदेशी कंपनियों में अधिक महत्व और मजबूती भी मिल सकेगी।

**इस तरह अध्ययनरत हैं पीएचडी के शोधार्थी :** व्यवसाय प्रशासन में 14 शोधार्थी विभिन्न विषयों पर शोध कर रहे हैं। वाणिज्य में पीएचडी करने वाले छात्रों की संख्या 11 है। इससे कुछ कम संख्या शिक्षा शास्त्र से जुड़े शोधार्थियों की है। अरबी 2, इतिहास 4, अंग्रेजी तथा आधुनिक यूरोपीय एवं एशियाई भाषा 3, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी 2, गृह विज्ञान 3, शारीरिक शिक्षा 4 सहित अन्य विषयों में भी शोधार्थी अपना शोध कर रहे हैं।

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राहत रहेंगी कारगर :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर विश्वविद्यालयों को छात्रों की सहूलियत के लिए निर्देश जारी किये गए हैं। बताते हैं कि इसमें शोधार्थियों को दी जाने वाली राहत भी शामिल है। ऐसे में विवि प्रशासन इस तरह के छात्रों को सूचीबद्ध कर राहत देने की तैयारी में है।

**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, फोन-फैक्स-0522-2612639
ई-टेण्डर पोर्टल- https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: D-1001/प0अ0/23-24 दिनांक : 14/2/2024

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा दिनांक 01/03/2024 को 03 कार्य हेतु ई-निविदायें ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 01/03/2024 को अपराहन 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 01/03/2024 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वंय का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता
लखनऊ नगर निगम

**पूर्वोत्तर रेलवे**
Website : www.ner.indianrailways.gov.in
http://www.ireps.gov.in
ई-मेल : dycmmiznd@gmail.com
मु.कार्याधि./स्था. क्रय. आई.डी. :
choslpiznd@gmail.com

**निविदा सूचना सं. 09 दिनांक : 14.02.2024**

**ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

**क्र. सं. :** 1, **निविदा सं. :** 40245033A, **खुलने की तिथि :** 11.03.2024, **सामग्री का विवरण :** सप्लाई इन्सटालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ ई.ओ.टी. क्रेन केपेसिटी 10/3.5 टन, एस पर सेड्यूल आई ऑफ टेक्निकल स्पेशिफिकेशन आई.जेड.एन./एम. एंड पी./प्रोग./2023-24/ई.ओ.टी./10 टी. दि. 14/11/2023. कम्पलीट डीटेल ऑफ आईटम इज एवेलेबल ऑन आई.आर.ई.पी.एस. साइट, **मांगी गयी मात्रा :** 01 अदद, **बयाना राशि :** रु. 91,600/-. **क्र. सं. :** 2, **निविदा सं. :** 40245049, **खुलने की तिथि :** 13.03.2024, **सामग्री का विवरण :** सप्लाई इन्सटालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ ई.ओ.टी. क्रेन केपेसिटी 35/5 टन, एस पर सेड्यूल आई ऑफ टेक्निकल स्पेशिफिकेशन आई.जेड.एन./एम. एंड पी./प्रोग./2023-24/ई.ओ.टी. दि. 12/10/2023. कम्पलीट डीटेल ऑफ आईटम इज एवेलेबल ऑन आई.आर.ई.पी.एस. साइट, **मांगी गयी मात्रा :** 01 अदद, **बयाना राशि :** रु. 1,51,560/-.

**1.** उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस के साईट www.ireps.gov.in पर स्थित है। जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रानिकली पंजीकृत हैं वे ई-टेन्डर में सम्मिलित हो सकते हैं। जो प्रतिष्ठान डिजिटल सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त किये हैं वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार पत्र आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत हैं उनसे प्राप्त कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। **2.** उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कार्यालय से जारी विज्ञापित निविदा एवं बुलेटिन निविदाएं केवल ईपीएस (ई-प्रोक्योरमेन्ट सिस्टम) के माध्यम से खोली जा रही हैं। उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कार्यालय से जारी निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार उन्हें डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को क्रिश/न्यू दिल्ली में पंजीकृत कराना होगा। **3.** निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। **4.** एलोकेशन शीर्ष निविदा जमानती धनराशि का 00844519 है।

उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/डिपो,
मुजाधि/एस-135 पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## एक नजर

### कोहरे ने लगाया ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक

अमृत विचार, लखनऊ : कई दिनों बाद अचानक छाए कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गए। गुरुवार लखनऊ पहुंचने वाली ट्रेनों में ट्रेन नंबर 12420 गोमती एक्सप्रेस चार घंटे की देरी से आई। ट्रेन नंबर 12204 गरीब रथ एक्सप्रेस एक घंटा, ट्रेन नंबर 82502 तेजस एक्सप्रेस आधा घंटे, ट्रेन नंबर 12556 बिहार संपर्क क्रांति एक घंटे, ट्रेन नंबर 12372 हावड़ा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक घंटे की देरी से लखनऊ से पहुंचीं। ट्रेन नंबर काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस सवा घंटे, ट्रेन नंबर 02569 नई दिल्ली क्लोन स्पेशल सवा घंटे, ट्रेन नंबर 12565 बिहार संपर्क क्रांति सवा घंटे की देरी से आई।

### कर्मचारियों ने चलाया जन जागरण अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने शुक्रवार को हड़ताल का आह्वान किया है। इसके लिए गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जिला शाखा जवाहर व इंदिरा भवन, विद्युत सुरक्षा निदेशालय, वाणिज्य कर, पर्यटन विभाग, राज्य संग्रहालय, चिड़ियाघर में जन जागरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने, ओपीएस लागू करने वाले राज्यों को जमा की राशि वापस करने सहित कई मांग की। इस दौरान जितेन्द्र श्रीवास्तव, रंजीत कुमार, विनोद चौधरी, अफीफ सिद्दीकी, विजय लोधी कुसुम मिश्रा, परवेज अहमद, कमला देवी सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।

### नहीं खरीद पाए धान, केंद्र खुले पर खरीद बंद

अमृत विचार, लखनऊ : धान खरीद इस बार लक्ष्य के मुताबिक नहीं हुई। जो पिछले वर्षों की अपेक्षा बेहद कम हुई है। इससे जिले में लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो सकी है और समय से पहले ही खरीद बंद हो गई है। बाजार भाव अधिक होने के कारण दिसंबर से ही आवक कम हो गई थी। जिले की बात करें तो 29 केंद्रों पर 25 हजार मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित था। जो बड़ी मुश्किल से 1,94,180 मीट्रिक टन (77 .67 प्रतिशत) हासिल हो पाया है। दिसंबर से केंद्रों पर सन्नाटा है। केंद्र खुले जरूर हैं लेकिन, खरीद बंद है। क्योंकि 28 फरवरी तक केंद्र खोलने का समय है। जबकि पिछले वर्ष लक्ष्य से अधिक 2 .58 लाख मीट्रिक टन (100 .4 प्रतिशत) खरीद हुई थी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी निश्चल आंनद ने बताया कि जिले में खरीद ठीक हुई है। अब आवक नहीं हो रही है। फिर भी लक्ष्य पूर्ति के प्रयास कर रहे हैं।

## लारी की नई इमारत में रैंप बनाने का काम शुरू

अमृत विचार, लखनऊ: केजीएमयू के लॉरी कार्डियोलॉजी विभाग की छह मंजिला नई इमारत में रैंप बनाने का कार्य शुरू हो गया है। यह रैंप इमारत के बाहरी हिस्से में बनाई जा रही है। इसके निर्माण के लिए करीब 7.45 करोड़ रूपये के बजट का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। हालांकि, प्रस्ताव पास होने से पहले ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। बता दें के इस इमारत का निर्माण बहुत पहले ही पूरा कराया जा चुका है। बीते साल अगस्त महीने में इमारत का संचालन पूरी क्षमता के साथ होना था। लेकिन जिम्मेदार इमारत में रैंप बनाना ही भूल गए थे। इसके कारण इसका संचालन रोक दिया गया था। अब दोबार से प्रक्रिया पूरी करा कर रैंप बनवाने का कार्य कराया जा रहा हैं।

# मरीजों के मन से कैंसर का डर निकालने के लिए मुख्य सचिव ने चलाई साइकिल

▸▸ लोहिया संस्थान से 1090 चौराहे तक साइकिल रैली निकालकर किया गया कैंसर के प्रति जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लोहिया संस्थान द्वारा डॉ .भीमराव अम्बेडकर सामाजिक स्थल से कैंसर को लेकर जागरूकता के लिए निकाली गई साइकिल रैली में प्रतिभाग करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार : लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए गुरूवार को गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान से 1090 चौराहे तक साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें कैंसर विजेता, उनके माता-पिता, डॉक्टर व अफसरों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने लोहिया संस्थान से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ वह स्वयं भी रैली शामिल हुए। इसमें लोहिया, कैंसर संस्थान व केजीएमयू के डॉक्टर-कर्मचारी व अन्य संस्थाओं सहित किडस्कैन संस्था ने भी रैली में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य सचिव ने कहा कि कैंसर की समय पर पहचान जरूरी है। इससे कैंसर को आसानी से मात दी जा सकती है। जांच की आधुनिक सुविधा, नई दवाओं से बीमारी हार रही है। मरीज सामान्य जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के कैंसर के सही प्रोटोकॉल से इलाज की संभावना को प्रमुखता से दिखाना है।

**कैंसर से डरे नहीं:** मुख्य सचिव ने कहा कि मैंने रैली में इसलिए हिस्सा लिया है ताकि कैंसर मरीजों के मन से बीमारी का डर दूर हो सके। राज्य में सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य कैंसर पीड़ित बच्चों को बचाना है।

### लक्षणों को नजरअंदाज न करें

केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि लोहिया संस्थान व कैनकिड्स किडस्कैन बच्चों के कैंसर के खिलाफ एक मजबूत संघर्ष में एकता बनेगी। कैंसर संस्थान में पीडियाट्रिक आंकोलॉजी विभाग की डॉ. गीतिका पंत ने कहा कि बच्चों में सिर दर्द, खून की कमी, उल्टी, लंबे समय तक बुखार आदि लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह कैंसर के लक्षण भी हो सकते हैं। उन्होंने कहाकि समय पर इलाज से कैंसर को हराया जा सकता है। सरकारी की कई योजनाएं हैं। जिनके तहत मरीज फ्री इलाज हासिल कर सकते हैं। कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि कैंसर पीड़ित बच्चों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इलाज संग जागरुकता भी जरूरी है। माता-पिता की काउंसलिंग भी जरूरी है। ताकि वे भी निडर होकर बच्चों का पूरा इलाज करा सकें।

# सब्जियां व फल ही दे रहे कैंसर का दर्द

## हानिकारक रसायनों के इस्तेमाल पर रोक लगाने से कैंसर पर पाया जा सकता है काबू

**अंतर्राष्ट्रीय बाल कैंसर जागरुकता दिवस**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार : सब्जियों और फलों को जल्द तैयार कर बाजार में बेंच कर धन अर्जित करने के लिए धड़ल्ले से विभिन्न रसायनों का इस्तेमाल हो रहा है। ये खतरनाक रसायन विभिन्न प्रकार के कैंसर का कारण बन रहे हैं। जानकारों का मानना है की सब्जियों, फलों व अनाजों के उत्पादन में हो रहे रसायनों के इस्तेमाल पर रोक लगाने से कैंसर पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। हालांकि, चिकित्सकों का कहना है कि आंख का कैंसर अनुवांशिक होता है। इसके अलावा अन्य कैंसर किस वजह से अधिक हो रहें हैं इस पर अभी शोध किया जा रहा है।

कैंसर पीड़ित बच्चों का इलाज कराने में मदद कर रही वर्षा फाउंडेशन के मैनेजर रोहित मिश्रा का कहना है कि वह गत पांच वर्षों से कैंसर पीड़ित बच्चों का इलाज करवाने में मदद कर रहें हैं। इसके लिए केजीएमयू से फाउंडेशन का अनुबंध भी करा रखा है। इतना ही नहीं आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार के बच्चों के लिए उन्होंने दौलतगंज स्थित फाउंडेशन कार्यालय में ही बीस बेड की यूनिट बना रखी है, जहां कैंसर ग्रसित एक बच्चे साथ दो तीमारदार रुक सकते हैं। इनके खाने-पीने की व्यवस्था भी फाउंडेशन की तरफ से की जाती है। इसके अलावा बाहर से होने वाली जांचे भी फाउंडेशन ही अपने खर्चे पर कराता है।

**पूर्वांचल क्षेत्र में कैंसर मरीज अधिक :** रोहित मिश्रा बताते है कि इनके फाउंडेशन द्वारा किए गए सर्वे में सामने आया कि पूर्वांचल क्षेत्र में कैंसर का प्रकोप अधिक हैं। इसकी वजह यह है कि यहां कृषि का बड़ा क्षेत्र है। सब्जियों व अनाज उत्पादन में हानिकारक रसायनों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। जो कैंसर का सबसे बड़ा कारण बन रहे हैं। यही सब्जियां और अनाज शहर आने तक इन्हे स्टोर करने के साथ अन्य उपाय किए जातें हैं। साथ ही शहर के बाजारों तक आने में काफी समय लगता है, इससे इन रसायनों का असर कम हो जाता है।

### 50 फीसदी ब्लड कैंसर से पीड़ित

केजीएमयू के पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. निशांत वर्मा ने बताया कि देश में 40 से 50 हजार बच्चे हर साल विभिन्न तरह के कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं। इनमे से सबसे अधिक 50 फीसदी केस ब्लड कैंसर के हैं, ब्रेन ट्यूमर के 25 फीसदी हैं, शेष 25 फीसदी में अन्य सभी कैंसर आते हैं। डॉ. निशांत के मुताबिक बड़ों की अपेक्षा बच्चों में होने वाले कैंसर भिन्न होते हैं। जागरूकता से कैंसर के केसों में कमी लाई जा सकती है।

### बच्चों में इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

- बच्चे के जोड़ों में दर्द महसूस करना।
- हर वक्त पेट में दर्द रहना।
- तेज बुखार।
- वजन में कमी।
- भूख कम लगना।
- शरीर में सूजन आ जाना।
- सांस लेने में तकलीफ महसूस करना।
- स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाना।
- लंबे समय तक सिर्ज दर्द रहना।
- हर वक्त मानसिक रुप के परेशान रहना।
- बच्चे को हर वक्त ऐसा महसूस होना जैसे उल्टी आ रही है।
- बच्चे में लगातार खून की कमी होना।
- त्वचा पर रैशेज महसूस करना।
- सर्दी-खांसी बने रहना।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता का कमजोर होना।
- थकान व कमजोरी महसूस होना।
- नाक और मसूड़ो से खून बहना।
- बच्चे की आंख की रोशनी में बिल्ली की तरह चमकना।

# शिशु के शुरुआती 42 दिन बेहद महत्वपूर्ण




15 दिवसीय मंडलीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी स्वास्थ्य अधिकारी को प्रमाणपत्र देते अतिथि। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया गया आशा मॉड्यूल छह और सात का प्रशिक्षण

▸▸ प्रशिक्षण प्राप्त सभी अधिकारी आशा कार्यकर्ताओं को करेंगे प्रशिक्षित

अमृत विचार : किसी भी नवजात के जीवन के शुरुआती 42 दिन संवेदनशील होते हैं। इन दिनों में उसकी विशेष देखभाल जरूरी होता है। बीमारियों के लक्षणों की पहचान कर समय से चिकित्सकीय सलाह और जांच कराकर अनहोनी से बचा जा सकता है। यह जानकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य डॉ. अजीत कुमार गुप्ता ने कही।

वे गुरुवार को इंदिरानगर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में बाल स्वास्थ्य पर आधारित 15 दिवसीय मंडलीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसी लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नवजात देखभाल कार्यक्रम (एचबीएनसी) चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को गृह आधारित नवजात देखभाल (एचबीएनसी) और होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड (एचबीवाईसी) के बारे में जानकारी दी गई।

उनको बच्चों के देखभाल, पोषण और घरेलू हिंसा से बचाने के उपाय भी बताए गए। कोर्स संचालक डॉ. गिरिजेश नंदिनी ने बताया कि आशा कार्यकर्ता बच्चे के जन्म के बाद 42 दिन के भीतर छह-सात बार संबंधित घर का भ्रमण करती हैं। इस दौरान नवजात को सुविधाएं, बीमारी का पता लगाना, उनका देखभाल, मां के अंदर अपने नवजात के स्वास्थ्य की सुरक्षा करने आत्मविश्वास एवं दक्षता का विकास करना है।

# बढ़ रहे सर्दी-खांसी व वायरल बुखार के मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बलरामपुर अस्पताल के पंजीकरण काउंटर पर उमड़ी भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार : दो मरीजों के उदाहरण महज बानगी के तौर पर दिए गए हैं। जबकि मौसम में आ रहे उतार-चढ़ाव के कारण बड़ी संख्या में लोग सर्दी खांसी, बुखार व गले मे इंफेक्शन के शिकार हो रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे और बुजुर्ग हो रहे हैं। ऐसे मरीजों की संख्या सरकारी अस्पतालों में 30 फीसदी तक बढ़ गई है। साथ ही सांस और हृदय रोग के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है।

हजरतगंज स्थिति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इधर करीब दो सप्ताह से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। दरअसल सुबह शाम का मौसम ठंडा रहता है और दिन में कड़ी धूप निकलने से लोग गर्म कपड़े पहनने से परहेज कर रहे हैं। डॉ. आनंद के मुताबिक खानपान में सावधानी बरतें। बासी भोजन कतई न खाएं। किसी भी बीमारी के लक्षण दिखने पर चिकित्सक की सलाह जरूरी है। अपने मन से दवाएं न खाएं।

**तीन गुना बढ़े हैं मरीज :** बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके गुप्ता ने बताया कि बच्चों में उल्टी-दस्त और खांसी के मामले करीब तीन गुना तक बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बिना चिकित्सकों की सलाह के कोई भी दवा नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्राई कफ वाले बच्चों को नेबुलाइज कराने की सलाह दी जाती है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह का कहना है कि ओपीडी में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिकित्सकों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। सभी जरूरी दवाइयां भी मौजूद हैं।

**केस 1** आलमबाग निवासी नूपुर बनर्जी को तीन दिन पहले तेज ठंड लगकर बुखार आया। मेडिकल स्टोर से दवा लेकर खाई। आराम न मिलने पर अगले दिन लोकबंधु अस्पताल में डॉक्टर को दिखाकर दवा ली। नूपुर के मुताबिक डॉक्टर ने बताया कि मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव से ऐसी दिक्कत आ रही है।

**केस 2** कुर्सी रोड के आदिल नगर निवासी मो. कामरान ने बताया कि तेज बुखार आने पर उन्होंने पास के क्लीनिक में दिखाकर दवा ली। गले में इंफेक्शन के कारण सर्दी और खांसी की भी परेशानी हो गई थी। चार दिन तक इलाज चलने के बाद आराम मिला है। हालांकि, कमजोरी अभी भी महसूस हो रही है।

▸▸ रात में ठंड और दिन का पारा सामान्य होने से गर्म कपड़े पहनने में लोग कर रहे लापरवाही

▸▸ बच्चे और बुजुर्ग हो रहे सबसे ज्यादा बीमार

# एक नर्स के भरोसे चल रही पीएचसी हरौनी

संवाददाता सरोजनीनगर




चिकित्सक कक्ष में लटकता ताला। अमृत विचार

अमृत विचार : सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से निर्धारित समय से पहले ही चिकित्सक नदारत हो जा रहे हैं। मरीजों को बिना इलाज ही वापस लौटना पड़ रहा हैं।

बता दें कि अव्यवस्थाओं को लेकर अमृत विचार की टीम ने बीते दिनों अभियान चला कर कई केंद्रों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में ज्यादातर केंद्र निर्धारित समय से पहले बंद होने का मामला सामने आया था। साथ ही कई केंद्रों पर चिकित्सक व स्टॉफ गैर हाजिर मिले थे। खबर छपने के बाद सीएमओ ने केंद्रों को शाम पांच बजे तक खुलने के निर्देश जारी किये हैं। गुरूवार को हरौनी पीएचसी पर 3:45 बजे सिर्फ एक स्टॉफ नर्स गीता ही मौजूद मिली। इस संबंध में सरोजनीनगर सीएचसी के अधीक्षक चंदन यादव का कहना है कि हरौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी रश्मि रैना की 32 वीं वाहिनी पीएसी में ड्यूटी लगी हुई है। ओपीडी की जिम्मेदारी फार्मासिस्ट अशोक कुमार को सौंपी गयी है। लेकिन फार्मासिस्ट अशोक कुमार अस्पताल बंद होने के निर्धारित समय से पहले अस्पताल बंद कर क्यों गायब हो गए। इसकी जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### त्रिवेणी एक्सप्रेस कल से ओबरा डैम स्टेशन पर रुकेगी

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 15073/15074 सिंगरौली-टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल अन्तर्गत ओबरा डैम स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जायेगा। सिंगरौली से 17 फरवरी से चलने वाली ट्रेन नंबर 15073 सिंगरौली-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस ओबरा डैम स्टेशन पर शाम 5 :30 बजे पहुंचकर 5 :32 बजे रवाना होगी। वापसी में टनकपुर से 19 फरवरी से चलने वाली ट्रेन नंबर 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस ओबरा डैम स्टेशन पर सुबह 6 :16 बजे पहुंचकर 6 :18 बजे रवाना होगी।



डॉ. अर्चना को पुष्पगुच्छ देकर किया गया सम्मानित। अमृत विचार

### पारिवारिक न्यायालय में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : हॉलिस्टिक हेल्थ केयर संगठन, लायंस क्लब और पारिवारिक न्यायालय बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को कैसरबाग स्थित पारिवारिक न्यायालय में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर अर्चना श्रीवास्तव के द्वारा वकीलों व कोर्ट में आए लोगों को मुफ्त चिकित्सा सलाह दी गई एवं मुफ्त औषधि का वितरण किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब के सदस्य एवं बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष चंदन गुप्ता, कंचन पाठक सहित बार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉक्टर और सिपाही समेत तीन से 27.52 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीजीआई, इंदिरानगर और गोल्फ सिटी थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

अमृत विचार: साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर डॉक्टर, महिला सिपाही और एक महिला से 27.52 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है।

पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-4 निवासी डॉ. उदय शंकर सिंह ने बताया उनके फेसबुक पर शीला अप्पूराज नाम की महिला की आईडी से मैसेज आया। उसने निवेशक सलाहकार बता शेयर मार्केट में निवेश पर अधिक मुनाफा का लालच दिया। झांसे में आये उदय शंकर ने 25 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिये। वेबसाइट पर अपनी आईडी और बैलेंस देख कई बार में 11.25 लाख रुपये अकाउंट पर ट्रांसफर करते रहे। जब रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने मोबाइल बंद कर लिया। उधर, इंदिरानगर सेक्टर -19 निवासी महिला सिपाही प्रियंका शाक्य ने बताया कुछ दिन पहले व्हाट्सएप पर मैसेज आया कि शेयर बाजार में घाटा हुआ तो रिकवर कराएंगे। जालसाज ने ब्रोकर बन एक कम्पनी का ट्रेडिंग लिंक भेजा। फिर एक ग्रुप पर एड कर दिया। ग्रुप पर वर्दी पहने संदीप चौधरी का प्रोफाइल लगा था। जालसाज ने अपनी पोस्टिंग मथुरा बता निवेश के नाम पर 11.27 लाख ठग लिए। वहीं, सुशांत गोल्फ सिटी के ओमेक्स निवासी मिथलेश सिंह ने बताया कि वेट क्राउन कम्पनी का पीपीटी मोबाइल पर भेज प्लान के बारे में बताया था। प्लान में दीपक और अभिषेक नाम के दो शख्स भी शामिल थे। उन्होंने माह में दस लाख का मुनाफा लेने की बात कही। झांसे में आकर मिथलेश ने दो बार में पांच लाख ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिये। आरोपियों ने रुपये लौटाने में टालमटोल किया तो ठगी का पता चला। पीड़िता की शिकायत पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अभिषेक, दीपक चौरसिया, ज्ञानेंद्र सिंह, मंजेश, प्रदीप सिंह और पवन सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**कार्रवाई** कार्यालय का समय सुबह 9 :30 से शाम 6 :00 बजे तक है, समय से पहले कार्यालय छोड़ने वालों से मांगा स्पष्टीकरण

# आदेश के बाद भी समय से पहले निकल गए आठ कर्मी

▸▸ समाज कल्याण निदेशक ने सभी कर्मियों को समय से आने-जाने को लेकर दी थी हिदायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : समाज कल्याण निदेशालय में कुछ कर्मियों की मनमानी परेशानी का कारण बन रही है। कर्मी बिना किसी सूचना के समय से पहले कार्यालय से गायब हो जा रहे हैं। समाज कल्याण निदेशक ने आठ कर्मियों को बिना सूचना के गायब होने पर फटकार लगाई और स्पष्टीकरण मांगा है।

समाज कल्याण निदेशालय में कार्यरत कुछ कर्मी न तो सुबह टाइम से आ रहे हैं और न ही शाम को पूरे कार्यालय के समय तक बैठ रहे हैं। बुधवार को समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने एक टीम बनाकर अलग-अलग अनुभाग में जांच कराई। जांच में पता चला कि आठ कर्मी शाम 5:20 पर कार्यालय से बिना किसी सूचना के गायब हैं। गुरुवार को निदेशक ने बिना सूचना के गायब सभी कर्मियों को तलब किया और फटकार लगाई। कहा कि कार्यालय का समय सुबह साढ़े नौ से शाम छह बजे तक का है। सभी से बिना सूचना के कार्यालय से गायब रहने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही हिदायत दी कि इसके बाद अगर कोई कर्मी बिना सूचना के समय से पहले कार्यालय से गायब मिला तो सख्त कार्रवाई होगी।

## पान और गुटखे की पीक थूकना पड़ा भारी, लगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कल्याण भवन में निर्माणाधीन कार्य को देखते समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत। अमृत विचार

अमृत विचार : समाज कल्याण निदेशालय में दीवारों पर पान और गुटखे की पीक मिलने पर निदेशक ने नाराजगी जताई। मौके पर ही उपनिदेशक को बुलाकर कार्यालय में गुटखा और पान खाने वालों को चिह्नित कर जुमार्ना लगाने के आदेश दिए।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने गुरुवार को निदेशालय का निरीक्षण किया। इस दौरान गलियार में मेज, कुर्सी और कागजों से भरी अलमारियां मिलने पर बिफर गए। कहा कि यह कागज जिस अनुभाग के हैं वो अपने पास रखें। एक भी महत्वपूर्ण कागज अगर गुम हो तो संबंधित कर्मी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। उन्होंने कल्याण भवन में चल रहे निर्माण कार्य को देखा। साथ ही पान और गुटखा खाकर कल्याण भवन में गंदगी करने वाले सात कर्मियों के खिलाफ पांच-पांच सौ का जुर्माना लगाया।

▸▸ सात कर्मी कार्यालय में गुटखा और पान खाते मिले, पांच सौ रुपये अर्थदंड लगाया

# जंग लगे वाहन दिखे तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर बैठक करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, साथ में एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अन्य। अमृत विचार

▸▸ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 तक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी है प्रस्तावित

▸▸ शहर में लाइटिंग कराई जाए, साथ ही नियमित रूप से हो साफ- सफाई कराने का दिया निर्देश

अमृत विचार : हजरतगंज और हेरिटेज क्षेत्र से अवैध होल्डिंग्स और अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। साथ ही शहर में नगर निगम की जंग लगी गाड़ियां और हत्थू ठेले नहीं दिखने चाहिए। जंग लगी गाड़ियां और हत्थू ठेले मिलने पर कार्रवाई होगी। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। मंडलायुक्त ने कहा कि कि पेड़ों पर फसाड़ लाइट अधिक संख्या में लगाई जाएं। साथ ही स्पालर लाइट संबंधित स्थानों पर टाइट बंधा रहना चाहिए। लाइटिंग में एकरूपता रखते हुए शहर की साज-सज्जा की जाए। स्मारक समिति के पत्थरों की कटर पॉलिशग और हॉर्टिकल्चर कार्य कराया जाए। जी-20 रोड पर टूटे हुए रिटर्निंग वॉल को तत्काल ठीक कराया जाए। संबंधित सड़कों की रेकी दोबारा करा लें।

मंडलायुक्त डॉ. जैकब ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की साफ- सफाई व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्त सफाई कर्मचारी अपने ड्रेस कोड में सड़कों पर दिखने चाहिए। साथ ही पेड़ों की कटाई-छटाई और फुटपाथ की अच्छे से धुलाई, साफ-सफाई भी कराते रहे। कहा कि लोहिया चौराहा पुल और आईजीपी के दूसरी ओर वॉल पेंटिंग ठीक से कराई जाए। बैठक में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चोरों ने दो घरों से नकदी व सामान किया पार

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा थाना क्षेत्र में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुये लाखों का सामान समेट लिया। मलहा गांव निवासी गुड्डू कश्यप ने बताया कि उनके दोनों बेटे कुलदीप, दीपक का 21 फरवरी को तिलक समारोह होना है। घर में 50 हजार नकद व साड़ियां बैग में ऊपर कमरे रखे थे। बुधवार रात चोर पीछे से मकान में सीढ़ी लगाकर कमरे में पहुंचे और सामान चुरा ले गये। नीचे के कमरों में सो रहे परिवार के सदस्य गुरुवार सुबह छत पर पहुंचे तब घटना की जानकारी हुई। गुड्डू किसानी करते हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। इसके अलावा चोर पड़ोसी सुनीता के घर के कमरे से 15 सौ रुपये और दो जोड़ी पायल चोरी कर ले गए। दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### दूध डेयरी संचालक का फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा इलाके में डेयरी संचालक का शव फंदा से लटका मिला। कर्मी ने शव लटका देख परिजन और पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया अहीर टोला डिप्टी खेड़ा निवासी जितेन्द्र यादव (35) दूध का कारोबार करते थे। उन्होंने डेयरी खोल रखी है। बुधवार रात डेयरी पर काम करने वाले कर्मचारी ने पीछे आम के पेड़ पर रस्सी के फंदा से उन्हें लटका देखा। परिजन उनको फंदे से उतार कर अस्पताल ले गये। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इंस्पेक्टर ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### 21 से अनिश्चतकालीन धरना देंगे जल निगम कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** समस्याओं का समाधान न होने से नाराज जलनिगम कर्मियों ने गुरुवार को प्रदेश व्यापी सत्याग्रह आंदोलन किया। मुख्य अभियंता एवं जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करके अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा। उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के सचिव वाईएन उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 30 जुलाई को समीक्षा बैठक के दौरान एक प्रकृति के कार्यों वाले विभागों को एक करने का निर्देश दिया था। इसलिए जल निगम का एकीकरण किया जाए। ऐसा न करने पर जलनिगम कर्मी और पेंशनर 21 फरवरी से जल निगम मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह सोमवंशी ने धरना-प्रदर्शन को सफल बताया।

# ताला तोड़ चोरों ने लाखों के गहने व नकदी चुराई

## पिता की मौत होने पर पैतृक गांव गया था परिवार, कृष्णानगर इलाके के हरिओम नगर सुनहरा में हुई घटना

संवाददाता, लखनऊ/ आलमबाग

**अमृत विचार :** कृष्णानगर क्षेत्र में चोरों ने बंद घर से लाखों के जेवरात सहित नगदी पार कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस घटना स्थल की जांच कर आरोपियों की पहचान के लिये आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

थाना अंतर्गत हरिओम नगर सुनहरा में सुनील कुमार पटेल परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया 13 फरवरी को पिता का निधन होने से पैतृक गांव सुमेरगंज, थाना माधौगंज, हरदोई परिवार संग गये थे। ताला बंद कर घर की चाभी परिचित मनीष को दी थी। उनसे कहा था कि रात को आवास की देखरेख रखें। मनीष ने रात करीब 10.30 बजे फोन कर बताया कि घर की लाइट जलाकर चला आया है, किसी कारणवश रुक नहीं पाएगा। इसके अलगे दिन मनीष ने सुबह 7.30 बजे फोन पर घर का ताला तोड़कर चोरी की जानकारी दी। बताया कि ताला सड़क पर पड़ा मिला है। गुरुवार को सुनील ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने जेवरात से भरा बैग जिसमें दस नाक की कील, एक बड़ी नथ, झुमकी दो जोड़ी, तीन चेन, चार अंगूठी, आठ जोड़ी पायल, 10 जोड़ी बिछिया, तीन कड़ा पैर के, चार जोड़ी झाला, पांच जोड़ी बाली, एक कमर बिछुआ, एक कमर पेटी, पांच चांदी के सिक्के, बीस सूत, एक मांग टीका, एक जोडी रिंग, एक बिन्दी सोने सहित चालीस हजार नकदी चोरी होना बताया है।

### चोरों ने दो गांवों के तीन घरों से 10 लाख के गहने व सामान पार किया



घटना स्थल की जांच करते पुलिस कर्मी और मौजूद महिलाएं व ग्रामीण। अमृत विचार

▸▸ **बंथरा थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात, आरोपियों की तलाश में पुलिस**

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार रात चोरों ने दो गांवों के तीन घरों से लाखों के गहने और नगदी व अन्य सामान पार कर दिया। गुरुवार सुबह परिजन की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी कर खुलासा करने का आश्वासन दिया है। बंथरा के अमावां निवासी जंगी सिंह के घर से बुधवार रात छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने जिस कमरे में सभी सो रहे बाहर से कुंडी बंद कर दी। दूसरे कमरे में अलमारी का ताला तोड़कर 3 लाख के गहने और 5 हजार नकद पार कर दिये। गुरुवार सुबह जंगी सिंह ने बाहर निकालने की कोशिश की तो दरवाजा बंद होने पर पड़ोसियों को फोन कर बंद कुंडी खुलवाई। तब दूसरे कमरे में पहुंचे और चोरी की जानकारी हुई। उधर, गोड़वा निवासी छोटेलाल के घर से चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर करीब तीन लाख के गहने और 7 हजार नगदी पार कर दी। इसके अलावा छोटे लाल के छोटे भाई हरिशंकर के घर से चार लाख के गहने और ढाई हजार नगदी पार कर दी। गुरुवार सुबह दोनों भाइयों को चोरी की जानकारी हुई। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दे रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### लाखों का एबीसी वायर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा इलाके में बेखौफ चोरों ने सोमवार रात एलटी विद्युत लाइन में लगने वाला करीब 6 लाख रुपए कीमत का एबीसी वायर चोरी कर लिया। पारा के बुद्धेश्वर मोहान रोड निवासी मुकेश यादव ने बताया कि वह बिहार के चितरौल, बेगूसराय निवासी अशोक कुमार मिश्रा की कंपनी के मेंबर हैं। उनकी टीम बंथरा के आजाद विहार कॉलोनी में एलटी बिजली लाइन का एबीसी केबल लगा रही है। 12 फरवरी को कालोनी की गली नंबर- 6 में दो ड्रम केबल उतार कर रखे गये थे। अगले दिन जब टीम के कर्मचारी पहुंचे तो छह लाख के दो ड्रम एलटी लाइन का एबीसी वायर चोरी हो चुका था। तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# डकैती के मास्टर माइंड समेत 25 हजार के दो इनामी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **वारदात में शामिल आठ डकैत अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर**

▸▸ **ट्रांसफार्मर फैक्ट्री से 14 डकैतों ने पार किया था 80 लाख का माल**

**अमृत विचार :** चिनहट इलाके की ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में डकैती की वारदात अंजाम देने वाले मास्टर माइंड समेत 25 हजार के इनामी और दो डकैतों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से दो तमंचा और मोबाइल बरामद किया है, वहीं आठ आरोपी अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर हैं।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया बरेली के सुभाषनगर निवासी डकैती के मास्टर माइंड अनवर और साथी उस्मान उर्फ पासा को पकड़ा गया। पूछताछ में बताया कि साथी मिराज ट्रांसपोर्ट का काम करता है। वह माल लेकर देवा रोड आता था। उसी ने ट्रांसफार्मर फैक्ट्री की जानकारी दी थी। इसके बाद 14 को फैक्ट्री और 21 को रास्ते की रेकी कर 27 जनवरी डकैती की गयी।

फैक्ट्री के समीप ट्रक खड़ा कर गिरोह के चार सदस्य अंदर पहुंचे और कर्मियों को बंधक बना लिया था। इसके बाद गेट का ताला तोड़ शेष आरोपी ट्रक में बैठकर अंदर पहुंचे थे। करीब दो घंटे में माल लाद कर फरार हो गए थे। डीसीपी ने बताया कि डकैती में शामिल अब तक छह सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जबकि बरेली निवासी मेराज, मुज्जमिल उर्फ भूरा, सरीफ, मुसाहिद, अनीस, इशरार, परमान और निजाकत की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं। डीसीपी ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जायेगी।

### सरगना अनवर पर दर्ज हैं कई मामले

डीसीपी ने बताया अनवर पर बरेली में डकैती समेत पांच मामले दर्ज हैं। उस्मान उर्फ पासा पर हत्या के प्रयास समेत कई मामले दर्ज हैं। डकैती की वारदात अंजाम देकर दोनों बिहार के सिवान भाग गए थे। वहां से दिल्ली जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान दोनों को गिरफ्तार किया गया।

# आज फार्म जमा नहीं करने वाले ई रिक्शा चालकों को नहीं मिलेगा जोन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **41 हजार फार्म थाने और ट्रैफिक पुलिस ने बांटे, जमा हुए सिर्फ 15 हजार**

▸▸ **जोन बना पुलिसकर्मियों को सख्ती के निर्देश, तत्काल की जायेगी कार्रवाई**

**अमृत विचार:** 15 फरवरी यानि शुक्रवार तक आवेदन फार्म जमा नहीं करने वाले ई-रिक्शा चालकों को जोन नहीं मिलेंगे। फार्म जमा करने कमिश्नरेट से दी अंतिम समय सीमा पूरी हो चुकी है। बिना रसीद के ई-रिक्शा चलाते मिलने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

रूट न तय होने से चालक मनमाने तरीके से ई-रिक्शा दौड़ा रहे हैं। इससे प्रमुख इलाकों में जाम की स्थिति रहती है। पुलिस महकमा ने ई-रिक्शा की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिये शहर को पांच जोन में बांट फार्म भरकर लाइसेंस और आरसी के साथ जमा करने को कहा था। करीब डेढ़ माह थाना और ट्रैफिक पुलिस ने फार्म वितरित किए थे। इसमें थाना और ट्रैफिक कार्यालय से 41 हजार फार्म बांटे गये थे। अभी तक इनमें से महज 15 हजार 600 ई-रिक्शा चालकों ने ही फार्म जमा किये हैं। अब ट्रैफिक पुलिस से फार्म जमा करने वालों को जोन वितरित किए जाएंगे। बिना रसीद वाले ई-रिक्शा के संचालन पर रोक लगा दी जाएगी। इसके बाद भी चलाने पर सीज कर एमवी एक्ट में कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया जिन लोगों ने फार्म जमा किया है, उन्हें जल्द रूट चार्ट जारी कर दिया जायेगा। रूट चार्ट का स्टीकर जारी करने के बाद बिना स्टीकर वाले सारे ई-रिक्शा नहीं चलेंगे। कहा फार्म जमा करने में देरी करने वाले चालकों को देहात इलाके के जोन के रूट आवंटित किये जायेंगे।

# लविवि कर्मी व इंटर के छात्र समेत चार लोगों के शव फंदे से लटके मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **परिजन ने आरोप से किया इनकार, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे**

▸▸ **कई माह से बीमार था कर्मी पिता के डांटने से नाराज था छात्र**

**अमृत विचार :** लखनऊ विवि के कर्मी और इंटर के छात्र समेत चार लोगों का शव फंदे से लटका मिला। परिजन ने आरोप से इनकार करते हुये कहा कि घटना का कारण पता नहीं है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिये।

गोमतीनगर के विनयखंड में रहने वाले अरविंद सिंह (45) लखनऊ विश्वविद्यायल के टैगोर लाइब्रेरी में कार्यरत थे। भाई मनीष ने बताया अरविंद काफी समय से बीमार थे। इसके चलते दो माह से कार्यालय भी नहीं जा रहे थे। वह नशे के आदी थे। बुधवार रात परिवार के साथ खाना खाकर तीसरी मंजिल पर कमरे में सोने गए थे। गुरुवार उनकी पत्नी पूनम जगाने पहुंची तो कमरे में नहीं मिले। खोजबीन की तो वह किचन में पंखे के कुंडे में तार के फंदा पर लटके मिले।

उधर अमीनाबाद के मौलवीगंज निवासी मंजू गौतम (22) एक निजी कंपनी में नौकरी करतीं थी। बुधवार रात मंजू का शव कमरे में पंखे के कुंडे से चादर से फंदे पर लटका मिला। वह अविवाहित थीं। परिजनों ने आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार किया है। इधर, मूलतः असम निवासी एकद्दूस अली (26) वर्तमान में पारा के देवपुर में झोपड़ी में रहकर कबाड़ बीनने का काम करते थे। गुरुवार सुबह झोपड़ी में उसका शव फंदा से लटका मिला। उधर, ठाकुरगंज के शिवाजीपुर निवासी मजदूर राजेंद्र गौतम का बेटा हिमांशु गौतम (18) कैंपवेल रोड स्थित इरम इंटर कॉलेज में 10वीं का छात्र था। बुधवार को हिमांशु घर पर अकेले था। पिता राजेन्द्र ने बताया छोटे बेटे मंजेश और राघवेन्द्र दोपहर 2 बजे बाल कटवा कर घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज लगाने पर जवाब नहीं मिलने पर मंजेश ने पिता को सूचना दी। राजेंद्र दरवाजा तोड़ कर अंदर पहुंचे तो हिमांशु का शव छत के कुंडे में दुपट्टे से फंदा पर लटका मिला।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया शुरुआती जांच में पता चला कि राजेन्द्र ने किसी बात को लेकर हिमांशु को डांटा दिया था। इसी से क्षुब्ध होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। बताया कि 22 फरवरी से उसकी बोर्ड परीक्षा शुरू होनी थी।

## सार-संक्षेप

### बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण में पहुंचे केंद्रीय मंत्री

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ सह अध्यक्ष बार काउंसिल के प्रदीप कुमार सिंह व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने दिलायी। सरोजनी नायडू सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने बड़ा हाल देने का ऐलान किया। बार काउंसिल के सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने की नई कार्यकारिणी के सदस्यों बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जसकरन सिंह सहित अन्य पदाधिकरियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता कलीम शिकोह ने किया।

### पार्षद ने निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड में गुरुवार को इंटरलॉकिंग सड़क और उसके बगल पक्की नाली निर्माण का शिलान्यास किया गया। वार्ड के पार्षद रामनरेश रावत की मौजूदगी में यह शिलान्यास हरी लाल और अशोक ओझा से नारियल तुड़वाने के साथ ही पूजा पाठ कर किया गया। इस दौरान पार्षद रामनरेश रावत ने बताया कि वार्ड के आजाद नगर कॉलोनी में मंगल पांडेय पार्क के पास सुरेश रावत और हरिलाल के घर के सामने बर्षो से कच्चे पड़े करीब 50 मीटर लंबे व 4 मीटर चौड़े रास्ते को पार्षद निधि के जरिए 7 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग में परिवर्तित किया जाएगा।

### मजदूर ने रुपये लूटने का लगाया आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा इलाके में घर में घुस मजदूर का अपहरण कर जंगल में पीटने की घटना सामने आयी है। बख्शी का तालाब के बरगदी निवासी मजदूर रामदुलारे ने बताया कल्याणपुर निवासी शैलेंद्र कुमार सिन्हा के भवन में मजदूरी की थी। आरोप है कि शनिवार रात वह भवन के एक कमरे में था। तभी आशीष श्रीवास्तव व उसके परिजनों ने घुस कर डंडों व सरिया से हमला कर दिया और जेब में रखे रुपये लूट ले गए। किसी तरह घर पहुंचे शैलेंद्र व पुलिस को आपबीती बतायी। इंस्पेक्टर गुडंबा नीतीश कुमार ने बताया आशीष, उसकी पत्नी प्रिया, बेटा विशाल, भाई अनूप व उसकी पत्नी पूनम को नामजद व अज्ञात पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मंडी में खरीदारी कर रहे परिवार के साथ मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग के ओमनगर निवासी होटल कारोबारी सर्वेश कुमार पांडेय ने बताया मंगलवार रात 8 बजे वह कार से बुआ सरस्वती बाजपेयी, भतीजा सत्यम व चालक शशीभूषण संग पीजीआई के तेलीबाग चौराहा स्थित मंडी में सब्जी खरीद रहे थे। इस बीच चालक ने हॉर्न बजाकर बीच रास्ते पर सामने स्कूटी पर नशे में धुत खड़े युवक-युवती से किनारे हटने को कहा। तो युवक-युवती चालक को पीटने धमकी देकर चले गये। कुछ देर बाद स्कूटी और एसयूवी से करीब 20 लोगों के संग आरोपी लौटे और उनकी गाड़ी रोक ली। इसके बाद रॉड से भतीजे सत्यम को गाड़ी से खींच कर पिटाई कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया आरोपियों की एसयूवी सीज की गई है।

### शटरिंग दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई इलाके में शटरिंग की दुकान में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने मशक्कत से आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार ने दो लोगों पर दुकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। वृंदावन सेक्टर 12 में छोटू रावत की दुकान है। गुरुवार सुबह 6 बजे दुकान से आग की लपटें देख आसपास के लोगों ने छोटू और दमकल कर्मियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। तब तक पहुंचे दमकल कर्मियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया। एफएसओ पीजीआई माम चंद ने बताया घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने वाला गिरफ्तार

**गोसाईंगंज, लखनऊ :** गोसाईंगंज पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर महेंद्र शुक्ला ने बताया सीतापुर जिले के बरौली गांव निवासी अखिलेश वर्मा नाबालिग को 16 जनवरी को बहला फुसला कर भगा ले गया था। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा आरोपी को जेल भेज नाबालिग को बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### मासूम से दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में बुजुर्ग गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम इलाके में गुरुवार शाम घर के पीछे खेल रही मासूम को 55 वर्षीय बुजुर्ग ने दबोच लिया। आरोपी ने मासूम का मुंह दबाया और अपने घर की बढ़ने लगा। मासूम खुद को बचाने का प्रयास करती रही लेकिन आरोपी ने उसे नहीं छोड़ा। इस दौरान कपड़े उतारने छत पर पहुंची मासूम की मां की नजर उसपर पड़ गई। बेटी का हाल देख मां चीखने लगी। शोर शराबा सुनकर स्थानीय लोग दौड़े तो बुजुर्ग बच्ची को छोड़कर भागने लगा। हालांकि स्थानीय लोगों उसे पकड़कर पुलिस के हवाले दिया। उसकी पहचान 55 वर्षीय श्रीकेसन के रूप में हुई। इंस्पेक्टर जानकीपुरम का कहना है श्रीकेसन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अयोध्या श्रीराम मंदिर और बीकेटी थाना उड़ाने की धमकी

लखनऊ/ बख्शी का तालाब

▸▸ **बीकेटी के एक रेस्टोरेंट में मिला धमकी भरा पत्र**

▸▸ **युवती की तहरीर पर अज्ञात पर एफआईआर दर्ज**

**अमृत विचार :** अयोध्या के श्रीराम मंदिर और बीकेटी थाने को उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरा एक पत्र बीकेटी इलाके के सीतापुर रोड स्थित पाल रेस्टोरेंट में मिला। इस पर एक युवती का मोबाइल नंबर लिखा है। पुलिस ने नंबर पर कॉल कर युवती से संपर्क किया तो बताया कि कई दिनों से इसी तरह की धमकी भरे पत्र लिखकर अलग-अलग स्थानों पर फेंक रहा है। पुलिस ने युवती की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

चंद्रिका देवी मंदिर मार्ग पर पाल रेस्टोरेंट है। गुरुवार सुबह रेस्टोरेंट खोलने पर दरवाजे के पीछे धमकी भरा एक पत्र मिला। दो छोटे पन्नों के इस पत्र में लिखा था कि बीकेटी थाने को बम से उड़ा दूंगी। एक टुकड़े में जोया खान व जुबेर खान के नाम लिखे हैं। इन पत्रों में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले शब्दों का प्रयोग किया गया है। वार्ड निवासी अनमोल सिंह ने बताया एक माह पहले भी उनके दरवाजे पर इसी तरह का धमकी भरा पत्र मिला था। वहीं, छह दिन पहले उनकी कार पर इसी तरह के शब्दों से लिखा पत्र मिला था। इसके अलावा कई बार नगर की पुलिया पर भी धमकी वाले पत्र मिल चुके हैं। ऐसे सभी मामलों की सूचना पुलिस को तत्काल दी गयी है।

बीकेटी के इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने कहा सभी पत्र पर एक ही युवती का मोबाइल नंबर लिखा मिला है। प्राथमिक जांच में शरारती तत्व द्वारा युवती को बदनाम करने और सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से पत्र लिखकर फेंकने की आशंका लग रही है। पुलिस इस मामले में सतर्कता से हर पहलू पर जांच कर रही है।

### फर्जी दरोगा पकड़ा गया नकली आईडी बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ:** रौब गांठने के लिये पुलिस की वर्दी पहने फर्जी दरोगा को पुलिसकर्मियों ने दबोच लिया। आरोपी के होलस्टर से नकली गन और पुलिस की फर्जी आईडी बरामद हुई। पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। गौतमपल्ली थाने में तैनात पुलिस कर्मी नीरज कुमार पाठक, इंद्रजीत सिंह व संजय कुमार बुधवार 1090 चौराहे के समीप गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक खाकी पैंट, पुलिस बूट व कमर में होलस्टर लगाये दिखा। संदेह होने पर पुलिसकर्मी उसकी तरफ बढ़े तो भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर कहा कि लोगों पर रौब गांठने के लिये पुलिस की वर्दी सिलवाई है। तलाशी में आरोपी के पास से होलस्टर से खिलौना गन व एटीएम कार्ड बरामद हुआ। आरोपी की पहचान मूलत : प्रयागराज के शिवपुरी थाना अंतर्गत गोविंदपुर तेलियरगंज के अर्पित कुमार मिश्रा के रूप में हुई। वर्तमान में वह सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में अहिमामऊ में किराये के मकान में रह रहा था। आरोपी ने फर्जी आई कार्ड व पुलिस कैप भी खरीदी थी। बताया कि वर्दी कुछ दिन पहले फट गई थी, इसलिये नहीं पहनी है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पहले छेड़छाड़, फिर घर में घुस महिला पर चाकू से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, तो आरोपी के बढ़ा हौसला**

▸▸ **गाजीपुर थाना क्षेत्र का मामला, दो पर रिपोर्ट दर्ज करायी**

**अमृत विचार :** गाजीपुर क्षेत्र में दो युवकों ने महिला को बीच सड़क पर रोक कर अश्लीलता की, विरोध करने पर उठा ले जाने की धमकी दी। भीड़ जुटने पर आरोपी भाग निकले। शिकायत के बाद भी चौकी पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। इसके चलते दूसरे दिन आरोपी ने महिला के घर में घुस चाकू से हमला कर दिया। पड़ोसियों के आने पर आरोपी धमकी देते हुये भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस दो को नामजद कर तलाश कर रही है।

इंदिरानगर निवासी पीड़िता ने बताया कि वह लोगों के घरों में काम कर परिवार का भरण पोषण करती है। 10 फरवरी की रात करीब 8 बजे वह लेखराज नगीना मार्केट होकर घर जा रही थी। रास्ते में शनिदेव मन्दिर के समीप सौरभ पाठक हाथ पकड़ अपने घर की तरफ खींचने लगा। विरोध करने पर छेड़छाड़ करने लगा, क्षेत्र के कुछ लोगों के आने पर आरोपी भाग निकला। पीड़िता का आरोप है कि उसी समय छेड़छाड़ की शिकायत कंट्रोल रूम और इंदिरानगर सी ब्लाक चौकी इन्चार्ज को दी थी। लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे उनके हौसले बुलंद हो गये और अगले दिन 11 फरवरी को सौरभ अपने साथी संदीप के साथ महिला के घर चाकू लेकर घुस गया। आरोपियों पुलिस से शिकायत करने पर महिला और उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शोर सुन पति और पड़ोसियों के पहुंचने पर आरोपी ने महिला को चाकू फेंक कर मारते हुये भाग निकला। गाजीपुर इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया सौरभ और संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चेक बाउंस, 1.97 करोड़ रुपये हड़पे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जालसाज दंपति द्वारा दूसरी कंपनी से लिये 1.97 लाख के सामान के भुगतान के लिये दिये गये चेक बाउंस हो गये। पीड़ित ने शिकायत की तो आरोपियों ने जानमाल की धमकी दी। डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह के निर्देश पर विकासनगर थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। आलमबाग निवासी लोकेश और पत्नी क्रियांश इंटरप्राइजेज विकासनगर और सांवरिया इंटरप्राइजेज अलीगंज के मालिक हैं। उनकी कंपनी को एचपी के उत्पादों की डिस्ट्रीब्यूटरशिप मिली है। विशेश्वर नगर निवासी सौरभ गुप्ता और उनकी पत्नी नेहा उनके परिचित हैं। लोकेश ने बताया कि पूर्व में सौरभ की कम्पनी जीएस और एनजी इंटर प्राइजेज में एचपी का सामान सप्लाई किया था। जिसका 1,97,10,714 रुपये अभी तक बकाया है। आरोपी ने 86 लाख के तीन चेक दिए थे, जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गये। जब शिकायत की तो आरोपी ने कई निजी सचिव और बड़े आला अधिकारियों से संबंध होना बता जानमाल की धमकी दी। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित लोकेश ने डीसीपी साउथ से शिकायत की। उनके निर्देश पर एसीपी कृष्णानगर ने मामले की जांच की तो आरोप सही मिले। विकासनगर थाने में सौरभ गुप्ता और नेहा गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### शादी का झांसा देकर किया युवती का शोषण

**अमृत विचार, लखनऊ :** शादी का झांसा देकर युवती से दो वर्ष शोषण करने वाले के खिलाफ गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मूलत : रायबरेली निवासी पीड़ित युवती लखनऊ के सर्वोदय नगर निवासी बहन के संग रहती है। पीड़िता ने बताया रायबरेली के सेमरी कोढ़ी सेमरी निवासी अरविंद सिंह उर्फ शुभम सिंह शादी का झांसा देकर दो वर्ष से शारीरिक शोषण कर रहा है। एक सप्ताह पहले दीदी घर से बाहर थी। इसी दौरान आरोपी रात 10 बजे आया और जबरन गाड़ी में ले जाकर संबंध बनाये। घटना के तीन दिन बाद आरोपी ने अपने परिजन से फोन पर बात कराई, तो उन्होंने 10 लाख रुपये देने पर शादी की बात कही। शादी का दबाव बनाने पर जान से मारने की नीयत से बेल्ट से गला घोंट जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता ने आरोपी से जान को खतरा बताया है। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया आरोपी पर दुष्कर्म व हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

समस्या | बंथरा के भटगांव का मजरा रसूलपुर गांव के निवासी हैं परेशान

# नालियां जाम, सड़कों पर जलभराव, जिम्मेदार लापरवाह

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत भटगांव का मजरा रसूलपुर ग्राम सभा में ब्लॉक कर्मियों की अनदेखी व लापरवाही के कारण सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है। जिससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतना बना हुआ है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

लंबे समय से जल भराव की समस्या से ग्रामीणों में जहां संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है, वहीं जल भराव युक्त रास्तों से आने-जाने में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रसूलपुर में उमेश चौरसिया के घर के सामने रोड किनारे बनी नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं की गई। जिसके कारण नालियों का गंदा पानी सड़क भरा रहता है। इसी तरह भोला चौरसिया के घर से राधे लाल के घर तक आरसीसी रोड पर जल भराव बना रहता है। गांव के अंदर से बंथरा-लतीफ नगर रोड पर फौजी मार्केट के पास निकली इस आरसीसी रोड पर प्रायः जल भराव की समस्या बनी रहती है। इस सड़क के किनारे बने नाले के भी काफी लंबे से सफाई नहीं हो सकी है। जिसके कारण नाले में बड़ी-बड़ी घास और झाड़ियां उग आई हैं। गांव में इतनी बड़ी समस्या होने के बावजूद न तो ब्लॉक अधिकारी और कर्मचारी ध्यान दे रहे हैं। गंदगी से पटी नालियों और जल भरावयुक्त रास्तों से ग्रामीण काफी परेशान हैं।



रसूलपुर गांव की सड़क पर भरा गंदा पानी। अमृत विचार



भटगांव ग्राम प्रधान पीनू रावत ने बताया कि भटगांव ग्राम सभा के पांच मजरे हैं, और यहां पर एक ही सफाई कर्मी तैनात है उसकी भी ड्यूटी अधिकतर बाहर रहती है, जिसके चलते साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। ग्राम प्रधान ने एक और सफाई कर्मचारी लगाने की मांग की।



इस संबंध में सरोजनीनगर खंड विकास अधिकारी नरेश बाबू का कहना है कि मामला जानकारी में नहीं है। टीम भेज कर जांच कराई जाएगी।

# छात्रों, बार व होटलों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**एसटीएफ की कार्रवाई**

▸▸ **40 लाख की 66 ग्राम एमडीएमए ड्रग और 500 ग्राम चरस बरामद**

▸▸ **आरोपियों के कब्जे से स्विफ्ट कार और चार मोबाइल भी जब्त**

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने छात्र-छात्राओं, पब, बार और होटलों में नशीला पदार्थ सप्लाई करने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को शंकर चौराहे के समीप गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 66 ग्राम एमडीएमए ड्रग और 500 ग्राम चरस बरामद किया है। इनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। तीनों आरोपी नशे की खेप पहुंचाने का सौदा करने लखनऊ पहुंचे थे।

एसटीएफ ने दयाल पैराडाइज चौराहे से शंकर चौराहे के ओर जाने वाले रास्ते पर गुरुवार शाम 5 .20 बजे आरोपियों को पकड़ा। इनकी पहचान इंदिरानगर सर्वोदय नगर छोटी मस्जिद के समीप डी-59 निवासी एहसान अफजल खान उर्फ राजा, विकासखंड निवासी दीपक कुमार गुप्ता और आलमबाग के स्नेह नगर निवासी करन मेहता के तौर पर हुई। इनके कब्जे से स्विफ्ट कार और चार मोबाइल बरामद हुये हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दिल्ली से नशीले पदार्थ लाकर लखनऊ में सप्लाई करते थे। एसटीएफ को दीपक गुप्ता व अन्य आरोपियों की तलाश है। एहसान अफजल खान पूर्व में मादक पदार्थों की तस्करी और देह व्यापार में संलिप्त रहा है। पहले भी उसे जेल भेजा जा चुका है। उसके खिलाफ चिनहट, गाजीपुर, गोमतीनगर समेत अन्य थानों में छह मामले दर्ज हैं।

## एक नजर

### बिना अंगूठा लगवाए बेच दी 45 बोरी यूरिया

अमृत विचार, लखनऊ: जिले में तीन विक्रेताओं ने मानक से अधिक यूरिया किसानों को बेच दी। फर्जीवाड़े की आशंका पर तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उर्वरकों की बिक्री में पीओएस की अनिवार्यता होते हुए भी बिक्री मैनुअली की जा रही है। इसमें विक्रेता फर्जीवाड़ा कर किसानों के नाम से एक-दूसरे को खाद बेच रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह जनवरी में टॉप-20 के तहत बेची गई यूरिया की समीक्षा की तो मोहनलालगंज में एक किसान को 45 बोरी, राजाजीपुरम में एक किसान को 45 बोरी व शाहपुर बीकेटी में एक किसान को 44 बोरी यूरिया बिना मशीन के बेचना पाया है। जबकि एक किसान को इतनी मात्रा बिक्री करने पर तीनों विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया है।

### 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन कल

अमृत विचार, लखनऊ: शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण में आयोजित होने वाले 30वें वार्षिक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व दीपयज्ञ का आयोजन 17 व 18 फरवरी को दुर्गा पूजा स्थल, सेक्टिर एन, आशियाना में आयोजित किया जा रहा है जिसमें मेदान्ता का नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# घर में जीत की तलाश में उतरेंगे मेजबान

## उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के बीच मुकाबला आज, दोनों टीमों ने इकाना स्टेडियम में किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



इकाना स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी मैच को लेकर गुरुवार को अभ्यास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रणजी ट्रॉफी से बाहर हो चुकी उत्तर प्रदेश टीम अपने अंतिम मैच में जीत दर्ज करने के इरादे से शुक्रवार को मैदान में उतरेगी। जीत के साथ ही वह इस सत्र से विदाई लेना चाहेगी। इस मैच में उसके सामने छत्तीसगढ़ की चुनौती होगी। इस अंतिम मुकाबल से पहले गुरुवार को उत्तर प्रदेश टीम में अचानक बदलाव किये। टीम में नए चेहरों के साथ अनुभवी सौरभ कुमार और रिंकू सिंह को जगह दी गई।

मुकाबले के लिए आज उत्तर प्रदेश औरछत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। सुबह दस बजे से एक बजे तक इकाना स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के अभ्यास सत्र के दौरान सौरभ कुमार ने तो देर तक गेंदबाजी का अभ्यास किया। रिंकू सिंह ने नेट से दूरी बनाए रखी। ऐसे में इस खिलाड़ी के छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेलने पर संशय है। मुकाबले में उत्तर प्रदेश की बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान नितीश राणा के अलावा आर्यन जुयाल, प्रियम गर्ग और स्थानीय खिलाड़ी अक्शदीप नाथ पर होगा।

गेंदबाजी में यश दयाल आक्रमण की बागडोर संभालेंगे। दूसरी ओर अंक तालिका में उत्तर प्रदेश के नीचे पांचवें पायदान पर मौजूद छत्तीसगढ़ टीम का लक्ष्य जीत के साथ अपने अभियान को खत्म करना होगा।

**उत्तर प्रदेश**

नितीश राणा (कप्तान), आर्यन जुयाल, करन शर्मा, रिंकू सिंह, प्रियम गर्ग, अक्शदीप नाथ, सौरभ कुमार, यश दयाल, प्रिंस यादव, अभिषेक गोस्वामी, शिवम शर्मा, आकिब, शिवा सिंह, अटल बिहारी, शोएब, बॉबी यादव, अल्मास शौकत।

**छत्तीसगढ़**

अमनदीप खारे (कप्तान), अजय मंडल, आशुतोष सिंह, शशांक सिंह, ऋषभ तिवारी, संजीत देसाई, एकनाथ, शशांक, शुभम सिंह, आशीष चौहान, जीवेश, वैभव भरत, गगनदीप सिंह, सुमित, रवि किरन, विश्वास मलिक, शुभम अग्रवाल।

# मेजबान लखनऊ ने जीत से किया आगाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह। अमृत विचार

- प्रदेश स्तरीय खेल समन्वय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता
- लखनऊ मंडल ने पहले दिन बस्ती को दी शिकस्त

**अमृत विचार :** मेजबान लखनऊ मंडल सहित अयोध्या, प्रयागराज और मेरठ मंडल ने प्रदेश स्तरीय खेल समन्वय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन लीग मुकाबलों में जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय की देखरेख में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के समन्वय से क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में 18 मंडल की टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन प्रतियोगिता में 6 लीग मैच खेले गए। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि खेल निदेशक डॉ. डॉ.आरपी सिंह और विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश हैंडबाल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेयने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि खेल निदेशक डा.आरपी सिंह ने उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ की वेबसाइट लांचं की उन्होंने वेबसाइट शुरू करने के लिए उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ की सराहना की। उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के आयोजन सचिव अमित पाण्डेय, लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ के सचिव डॉ. सुमंत पाण्डेय, केडी सिंह बाबू स्टेडियम के हैडबॉल कोच मो.तौहीद और अन्य लोग मौजूद रहे।

पहले दिन खेले गए उद्घाटन मुकाबले में मेजबान लखनऊ मंडल ने बस्ती मंडल को 7-0 गोल से हराया। लखनऊ से डाली ने सर्वाधिक 3 गोल किए। दूसरे मैच में अयोध्या मंडल ने मुरादाबाद मंडल को एकतरफा 34-0 से पराजित किया। अयोध्या की खिलाड़ी सलोनी ने अकेले 13 गोल दागने में सफलता हासिल की।

अन्य मैचों में प्रयागराज मंडल ने सहारनपुर मंडल को 31-0 से, मेरठ मंडल ने गोरखपुर मंडल को 12-3 से, विध्यांचल मंडल ने आजमगढ़ मंडल को 8-3 गोल से और बरेली मंडल ने झांसी मंडल को 10-2 से हराकर पूरे अंक हासिल किए।

## सार-संक्षेप

### धारावाहिक शैतानी रस्में के कलाकार नकियाह हाजी और विभव रॉय पहुंचे लखनऊ



शैतानी रस्में के मुख्य अभिनेता विभव रॉय और नकियाह हाजी। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ: टेलीविजन चैनल स्टार भारत पर हाल ही में शुरू हुए धारावाहिक शैतानी रस्में के मुख्य कलाकार विभव रॉय और नकियाह हाजी अपने धारावाहिक के प्रमोशन के लिए गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। शैतानी रस्में का लेखन और निर्देशन निखिल सिन्हा ने किया है। यह शो हर सोमवार से शनिवार तक रात 10 बजे से प्रसारित किया जा रहा है। यह एक अनाथ लड़की की कहानी है जो भूरानगढ़ के राजकुमार पीयूष में अपने लिए प्यार खोजती है। नकियाह हाजी ने अनाथ लडकी की और विभव रॉय ने राजकुमार की भूमिका निभाई है। दोनों प्यार की राह पर आगे बढ़ रहे थे कि इसी बीच पीयूष के परिवार के रहस्य सामने आने लगते हैं। भूरानगढ़ पहुंचने पर पता चलता है कि राजकुमार पीयूष के परिवार का एक राक्षस के साथ समझौता था। अब दुल्हन इस जाल से खुद को आजाद कराने के लिए छटपटाने लगती है। दोनों कलाकारों ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने लखनऊ के मशहूर व्यंजनों का आनंद लिया। धारावहिक के प्रचार के लिए महत्वपूर्ण लोगों से मिले। नकियाह ने कहा कि वह शुरू से ही लखनऊ के कपड़ों और खानों की तरफ आकर्षित रही हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ में अभिनेत्री के रूप में आईं तो यहां जो प्यार मिला वह कभी न भूलने वाला अनुभव है। विभव रॉय ने कहा कि लखनऊ का दौरा दिल को छू लेने वाला अनुभव है। यहां जो प्यार मिला है वह वही प्यार अपने धारावाहिक शैतानी रस्में के लिए भी चाहते हैं।

### जश्न-ए-हजरत अबुल फजलिल अब्बास मनाया गया

अमृत विचार, लखनऊ: मौलाए कायनात हजरत अली के बेटे हजरत अब्बास के जन्मदिन पर रुस्तम नगर स्थित दरगाह हजरत अब्बास में जश्न-ए-हजरत अबुल फजलिल अब्बास मनाया गया। इस मौके पर लोगों को एक विशाल अलम की जियारत कराई गई। इस मौके पर मौलाना कल्बे जवाद, मौलाना रजा हुसैन और मौलाना हबीब हैदर ने हजरत अब्बास की वफादारी और उनकी हिम्मत व बहादुरी का विस्तार से चर्चा किया। जाहिद कानपुरी के संचालन में हुए इस जश्न में 110 बच्चों ने एक साथ हजरत अब्बास की शान में मनकबत पेश की तो समां बंध गया। इस जश्न में नायाब बलयावी, जुहैर सुल्तानपुरी, रजा बिस्वानी, मेहदी महमूदाबादी, अख्तर सिरसिवी, दानिश गदीरी, मेराज मंगलोरी, अजहर लखनवी, सागर बनारसी, मीसम जाफरी, अली शब्बर नौगावीं, वसी मोहानी, महबूब अंसारी और जफर नजाफी ने अपने कलाम पेश किये।



झण्डा बाबा का आश्रम में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### भाकियू के पदाधिकारियों ने दिया धरना

अमृत विचार, लखनऊ: भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सावित्री सिंह जमीन कब्जाने को लेकर गुरुवार से मेंहदी टोला झण्डा बाबा का आश्रम अलीगंज में अनिश्चित कालीन धरना दे रही है। आरोप लगाया कि भूमाफिया जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी गुलफिशा खान के पति अमीर आलम की शेखापुर में 89000 वर्गफीट जमीन है। इस पर हरीशचंद्र अवस्थी व मो. नदीम कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी जानकारी 6 फरवरी को उप जिलाधिकारी को दी गई थी। पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को मिला अवार्ड-ए-तिरंगा

अमृत विचार, लखनऊ: शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था एलायंस सोशल एंड कल्चरल सोसायटी के तत्वावधान में गुरुवार की शाम को सहकारिता भवन प्रेक्षागृह में विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को अवार्ड-ए-तिरंगा से सम्मानित किया गया। बीजेपी नेता सुधीर हलवासिया, मुरलीधर आहूजा और दिलावर हुसैन ने विभूतियों को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर यहां मुशायरे का आयोजन भी किया गया। जिसमें इरफ़ान, शकील ग्यावी, तश्ना आजमी, सलीम ताबिश, मोहम्मद अली अल्वी, फहीम फारिक, शोएब अहमद सिद्दीकी, अबू हुरैरा, हामिद लखनवी और फारुख आदिल ने अपनी शायरी से सभी को मंत्रमुग्ध किया।

# आत्महत्या करने वाले ई रिक्शा चालक के परिवार से मिले विधायक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के भवानीगंज वार्ड के बैरागी टोला में लखनऊ नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा की गई सीलिंग कार्रवाई से आहत होकर नौ फरवरी को आत्महत्या करने वाले ई रिक्शा चालक शीतल कश्यप के परिवार से गुरुवार को लखनऊ पश्चिम के विधायक अरमान खान ने मुलाक़ात की। विधायक ने रिक्शा चालक के परिवार को ढारस बंधाया और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की।

विधायक अरमान खान ने कहा कि यह बहुत दुखद हादसा है। वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। जब भी इस परिवार को जरूरत होगी वह खड़े रहेंगे।



मृतक की पत्नी को सांत्वना देते सपा विधायक अरमान खान। अमृत विचार

### नेत्र चिकित्सा शिविर में हुई 100 मरीजों की जांच

अमृत विचार, लखनऊ: गुरुद्वारा आलमबाग में गुरुवार को केन्द्रीय सिंह सभा की ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोकबन्धु अस्पताल के चिकित्सकों डॉ. राजेश शंकर त्रिपाठी, डॉ. घनश्याम, डॉ. रामकृपाल और सुनील कुमार ने लगभग 100 मरीजों की आंखों की जांच की। जांच में जिन मरीजों की आंख में मोतियाबिंद पाया गया है उन्हें आपरेशन के लिए अपनी सुविधा के अनुसार शनिवार को लोकबन्धु अस्पताल में आमंत्रित किया गया है। लोकबन्धु अस्पताल में सभी जांचें व आपरेशन निशुल्क किया जायेगा। गुरुद्वारा आलमबाग के मीडिया प्रभारी हरजीत सिंह ने बताया कि नेत्र चिकित्सा शिविर के बाद सभी चिकित्सकों और मरीजों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निर्मल सिंह, रतपाल सिंह गोल्डी, परमजीत सिंह, सतविंदर सिंह और त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।



रत्नागिरी वसंतोत्सव के दौरान मुख्य अतिथि नम्रता पाठक व अन्य। अमृत विचार

# धूम से मना रत्नागिरी वसंतोत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रत्नागिरी सेवा संस्थान ने गुरुवार को महानगर के एक होटल में रत्नागिरी वसंतोत्सव-2024 का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं।

रत्नागिरी सेवा संस्थान की अध्यक्ष शक्ति वाजपेयी ने बताया कि इस आयोजन में बीजेपी नेता राहुल गुप्ता, निधि सूर्य आहूजा, कवियत्री राधा बिष्ट, उद्योग व्यापार मंडल की संरक्षिका शिखा पटेल और गोल्डन फेस ऑफ़ साउथ इंडिया नम्रता सिंह की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। इस आयोजन में राजधानी की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने नृत्य और अवधी लोक संस्कृति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

सरस्वती वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में अंकुर फाउंडेशन के बच्चों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। रत्नागिरी सेवा संस्थान ने इस आयोजन में रत्नागिरी बसंतोत्सव क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में सरिता सिंह, रंजना सिंह बुंदेला, सुनीता मोघा, अर्चना रॉक, अंजुल पाठक, मोनिका सिंह, रूपाली श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, सुनीता गोस्वामी, सुनीता रमण, उषा गोस्वामी, नीता मिश्रा, प्रेरणा कपूर, अनुपमा अवस्थी, प्रियंका सिंह, नीलू त्रिवेदी, मंजुलिका अस्थाना और प्रतिभा बालिया भी मौजूद रहीं।

# पहले दिन काजल, सिमरन और रिया को स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन दिवसीय 34वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू
- प्रमुख सचिव बेसिक ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन



34वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** चित्रकूट की काजल, मेरठ की सिमरन और आजमगढ़ की रिया वर्मा ने राज्य बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में क्रमशः चक्का फेंक, 600 मीटर दौड़ और लंबी कूद में बाजी मारते हुए पहला स्थान हासिल किया।

चक्का फेंक में विंध्याचल की साधाना पाल दूसरे और सहारनपुर की पूर्वांशी तीसरे स्थान पर रही, जबकि 600 मीटर दौड़ में आजमगढ़ की मुस्कान को दूसरा और अयोध्या की कुमकुम को तीसरा स्थान मिला। जूनियर बालिका हैंडबॉल वर्ग के फाइनल में मेजबान लखनऊ ने आगरा को हराते हुए खिताब पर कब्जा किया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय विद्यालयों के कक्षा एक से आठ तक छात्रों की बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का लखनऊ साई सेंटर में रंगारंग आगाज किया गया। इस दौरान लखनऊ जनपद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 30 बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

बेसिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव के दिशा निर्देशन में शुरू हुई इस प्रतियोगिता में पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एमके एस सुंदरम ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर एससीईआरटी निदेशक डॉ. सरिता तिवारी व जेडी डॉ. पवन सचान, एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी, लखनऊ बीएसए राम प्रवेश, हरदोई बीएसए प्रताप सिंह, उन्नाव बीएसए संगीता सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### समाचार पत्र वितरत का निधन

अमृत विचार : समाचार पत्र वितरक मस्त राम साव उम्र 58 वर्ष का मंगलवार को गुडम्बा थाने के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिसके बाद उनको विवेकानंद अस्पताल में एडमिट कराया गया। जहां गुरुवार को सुबह 6 बजे उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वह अपने पीछे पत्नी एवं 4 बेटे छोडकर चले गये। उनके निधन पर लखनऊ समाचार पत्र वितरक विकास मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट एवं समस्त पदाधिकारी गण एवं समस्त वितरक बन्धुओं ने शोक व्यक्त किया।

# उकेर कर बनाये गए लेखों को कहते हैं अभिलेख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



राज्य संग्रहालय के सभागार आयोजित कार्यशाला को संबोधित करतीं वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्य संग्रहालय, राज्य पुरातत्व निदेशालय और संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को राज्य संग्रहालय के सभागार में पुरालेख एवं पुरालिपि कार्यशाला शुरू हुई। इस कार्यशाला में 90 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। यह कार्यशाला 23 फरवरी तक चलेगी।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पार आये लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के पूर्व आध्यक्ष प्रो. केके थपलियाल ने ब्राह्मी लिपि से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि उकेर कर बनाये गये लेखों को अभिलेख कहते हैं। प्राचीन काल में राजा नियम और कानून बनाने के लिए अभिलेख को प्रयोग में लाते थे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के भारत कला भवन के पूर्व निदेशक डॉ. डीपी शर्मा ने बताया कि सनातन परम्परा से ही सिन्धु घटी के सामाजिक व सांस्कृतिक तत्व जुड़े हुए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मैसूर के पूर्व निदेशक डॉ. टीएस रविशंकर ने लेखन कला के विकास के महत्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि इसका विकास अग्नि एवं पहिये के विकास से भी अधिक महत्वपूर्ण है। इस मौके पर राज्य संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन, सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका, मुद्रा शास्त्र अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह, लोक कला संग्रहालय के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण ओम सिंह, की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।


**कार्यालयः जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाराबंकी**

पत्रांक: 8843/प्रोबे0का0/जि0बा0सं0इ0/विज्ञापन/2023–24 दिनांक: 15.02.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरणानुसार जनपद में लावारिस अवस्था में नवजात शिशु (बालिका) प्राप्त हुई है।

| क्र0सं0 | प्राप्त होने की तिथि | स्थान | वर्तमान स्थिति | फोटो |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.02.2024 | लिल्हौरा नहर पटरी के किनारे झाड़ी में। थाना–हैदरगढ, बाराबंकी। | जिला महिला चिकित्सालय में संचालित एस0एन0सी0यू0 वार्ड में उपचार किया जा रहा है। |  |

उपर्युक्त लावारिस नवजात शिशु के माता–पिता अथवा कोई रिश्तेदार विज्ञापन प्रकाशन पुनर्विचार की अवधि 30 दिन के अन्दर अपनी दावेदारी ठोस साक्ष्यों सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय/जिला बाल संरक्षण इकाई बाराबंकी अथवा अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, बाराबंकी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित पुनर्विचार अवधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त बाल कल्याण समिति, बाराबंकी के द्वारा उक्त नवजात शिशु को दत्तक ग्रहण हेतु स्वतन्त्र घोषित कर अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी और उक्त नवजात शिशु के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति की कोई भी दावेदारी मान्य नही होगी।

(डा0 पल्लवी सिंह)
जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाराबंकी।


# हेली टूरिज्म के जरिये पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा केरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




कृष्णा नगर स्थित एक होटल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते केरल के कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए केरल के पर्यटन विभाग ने अपने राज्य में हेली टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म की योजना तैयार की है। केरल की तरफ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का ध्यान खींचने के लिए इस साल इंटरनेशनल एड्वेंचर स्पोर्ट्स के चार आयोजनों की वह मेजबानी करेगा। केरल के पर्यटन विभाग ने वर्ष 2032 तक अपने पर्यटकों की संख्या में 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का लक्ष्य निर्धारित किया है। केरल के पर्यटन विभाग ने इस संबंध में जानकारी देने के लिए गुरुवार को कानपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से बात की।

पर्यटन विभाग केरल के सूचना अधिकारी राजेश एन ने बताया कि केरल में दुनिया भर से पर्यटक आते हैं। भारत में सबसे ज्यादा पर्यटक तमिलनाडु से आते हैं। पर्यटकों की संख्या के हिसाब से कर्नाटक का नंबर दूसरा और उत्तर प्रदेश का तीसरा है। पिछले साल उत्तर प्रदेश से एक लाख पर्यटक केरल गए थे। उन्होंने बताया कि देश और विदेश के पर्यटकों को केरल की तरफ आकर्षित करने के लिए वगम में पैरा ग्लाइडिंग, वर्कला में हिल सर्फिंग, वायनाड में माउंटेन राइडिंग और नाव चलाने व साइक्लिंग कराने की तैयारियां की हैं। उन्होंने बताया कि हेली टूरिज्म के मामले में केरल देश का पहला राज्य है। हेलीकॉप्टर सेवा देने वालों का ट्रैवेल पैकेज बनवाया गया है। इससे पर्यटक कम समय में ज्यादा स्थानों पर घूम पाएंगे। राजेश एन ने बताया कि केरल में पहाड़, नदियां और समुद्र तटों का चुनौतीपूर्ण मिश्रण है, जो हर किसी को अपनी ओर खींच लेता है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग ने आने वाले महीनों के लिए तमाम योजनायें तैयार कर ली हैं। 14 से 17 मार्च तक इडुक्की के वागामोन में इंटरनेशनल पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल होगा। 29 से 31 मार्च तक वारकला में इंटरनेशनल सर्फिंग फेस्टिवल, 26 से 28 अप्रैल तक मननथावाड़ी, वायनाड के प्रियदर्शिनी चाय बागान में मेगा माउंटेन बाइकिंग इवेंट कराया जायेगा। 25 से 28 जुलाई तक कोझीकोड के कोडेनचेरी में द मालाबार रिवर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर केरल से आये कलाकारों ने मनभावन नृत्य भी प्रस्तुत किये। तैयब नृत्य में नृत्यांगना देवी की भूमिका में नजर आईं। कथकली स्कूल सोसाइटी द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम विश्व केरलम को भी काफी पसंद किया गया।


**KANPUR NAGAR NIGAM**
Motijheel, Kanpur, Phone- 2551416, 2531215, Fax- 2531662
E-mail: Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in, Website: kmc.up.nic.in

**ई-निविदा सूचना**

Kanpur Nagar Nigam invites bids for **"Empanelment of vendors for road marking with hot Applied Thermoplastic compound with reflectorizing glass beads on bituminous surfaces (Repeated/Tranvers bar)"** through E-tender tender in Nagar Nigam Kanpur, Date up to 27.02.2024 at 03:00 PM. Details of the tender can be seen on **http://kmc.up.nic.in. / http:/etender.up.nic.in** and The Office of Executive Engineer (Project), 1 Floor, Kanpur Nagar Nigam. **Tender Cost R.s. 5000.00+18% GST & Earnest Money R.s. 100000.00** EMD & Tender cost for tender having can be deposited **https://easypay.axisbank.co.in/easyPay/makePayment?mid=NTg2NzQ%3D**

Ro no 370
Chief Engineer
Nagar Nigam Kanpur
Municipal Commissioner
Nagar Nigam Kanpur

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# डबल इंजन की सरकार में मिली सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बूथ प्रवास के दौरान लोगों से संपर्क करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में लोगों को सुरक्षा मिली है। साथ ही उनका सम्मान बढ़ा है।

गांव चलो अभियान के तहत कैंट विधानसभा के बाबू कुंज बिहारी वार्ड की बूथ संख्या 179 में प्रवास के दौरान उक्त बात कही। प्रवास के दौरान गीतापल्ली में लोगों से संपर्क करके प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं का पत्रक घर-घर बांटा। साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवकों एवं प्रबुद्ध जनों के साथ चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए।

## 25 से चलेगा लाभार्थी संपर्क अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में लोगों को पार्टी से जोड़ने और उसे वोट में बदलने के लिए लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगा।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यशाला में कहा कि अभियान के मध्य 1 से 3 मार्च को तीन दिन का विशेष अभियान चलेगा। जिसमें लाभार्थियों से केंद्र की ओर से जारी नंबर 9638002027 पर मिस्ड कॉल भी करना होगा। लाभार्थियों संग फोटो को कार्यकर्ताओं को सरल एप पर अपलोड किया जाएगा। सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी क्षेत्र नागरिकों से साझा की जाएंगी। साथ ही वंचित लोगों का योजना में पंजीकरण कराना होगा

वरिष्ट भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि आज देश की जनता में प्रधानमंत्री पर भरोसा करती है। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं और नीतियों से लाभान्वित होकर लोगों ने अपना मन भाजपा के लिए बना लिया है। कार्यशाला में महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह, राम अवतार कनौजिया, अभियान संयोजक सौरभ वाल्मीकि, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

### चुनाव में आशीर्वाद देकर दिलाएं जीत : पाठक

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आशीर्वाद देकर भारी बहुमत से भाजपा को जिताएं। पाठक ने कैंट विधानसभा की बूथ संख्या 60 पर गांव प्रवास के दौरान उक्त बात कही। प्रवास के दौरान उन्होंने शक्ति केंद्र मोतीलाल नेहरु, चंद्र भानु गुप्त नगर बी में प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं का पत्रक बांटा। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर संवाद किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। बैठक में बूथ समिति अध्यक्ष गिरीश चंद्र राठौर, मंडल अध्यक्ष मानस, अभियान संयोजक अभिषेक खरे, विनय पांडेय आदि मौजूद रहे।

## मिली लक्ष्मी तो आसान होगी शिक्षा की राह

**अमृत विचार, लखनऊ :** छात्रों को विद्या प्राप्त करने के लिए अब लक्ष्मी की कमी से दो चार नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश के ढाई लाख छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि चली गई है। जबकि 60 प्रतिशत केंद्रांश के लिए जल्द ही डाटा भेजा जाएगा और राशि की मांग की जाएगी।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जाना है। अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के छात्रों को इसका लाख दिया जाता है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नवंबर से शुरू हुए थे और जनवरी में आवेदन के लिए दो बार तिथि बढ़ाई गई थी। इस बाद प्री मैट्रिक्स में पढ़ने वाले लगभग ढाई लाख छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। छात्रवृत्ति के लिए 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र की ओर से जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाती है। विभाग ने राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाले राज्यांश के तहत 38 करोड़ की राशि बच्चों के खाते में भेज दी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्रों का पूरा ब्योरा केंद्र को भेजा जाएगा। साथ ही केंद्र से 60 प्रतिशत शेष राशि का भुगतान करने के लिए बजट मांगा जाएगा।

# कंप्यूटर जागरूकता में प्रदेश को पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्रतियोगिता में छिपाए गए विस्फोटक की तलाश करते सुरक्षा जवान। अमृत विचार

- अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का समापन आज
- सूंघने में तमिल का टोनी टॉप पर, तेलंगाना का रॉक्सी को मिला दूसरा स्थान

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का समापन शुक्रवार को होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव और आईबी के विशेष निदेशक हरिनाथ मिश्र भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मीट के चौथे दिन जगजीवन राम अकादमी में कई प्रतिगोतिगाएं आयोजित की गई। इनमें कम्प्यूटर जागरूकता सत्र से लेकर श्वान दस्ता ट्रैकिंग और सामूहिक लिखित परीक्षा शामिल रही। तीन दिन तक चली श्वान प्रतियोगिता के अंतिम दिन 41 श्वान शामिल हुए। इनमें श्वानों को सुगंध पहचान प्रतियोगिता कराई गई। तीन चक्र की प्रतियोगिता में तमिलनाडु के डॉग टोनी ने पहला स्थान हासिल किया। दूसरे पर तेलंगाना के डॉग रॉक्सी और तीसरे स्थान पर पंजाब का डॉग बिंगो रहा।

एंटी-सबोटाज चेक प्रतियोगिता मुख्य हॉल में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में सामूहिक लिखित परीक्षण और व्यावहारिक अभ्यास शामिल किए गए थे जिसमें 24 टीमों के 48 प्रतिभागी अपनी कौशल का प्रदर्शन कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर टीम की अनुपस्थिति के बावजूद प्रतियोगिता में कठिन प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें प्रतिभागियों ने छिपे हुए विस्फोटक सामग्रियों की पहचान कर स्थानों को सुरक्षित बनाने में अपनी कुशलता दिखाई। इस दौरान सहायक निदेशक,आईबी, मुख्य जज एनके ध्यानी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय ज्यूरी ने प्रक्रिया का पर्यवेक्षण किया।

### यूपी के प्रमोद को पहला स्थान

लखनऊ के यूपी पुलिस हेडक्वार्टर में कंप्यूटर जागरूकता सत्र शुरू हुआ। प्रतिभागियों को पहले लोगों को संबोधित करते हुए मिलान कराया गया। इसके बाद फ्रेंच जजों के पैनल की ओर से पवन भारद्वाज ने 47 प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रतियोगिता में इंस्पेक्टर यूपी के तारु मथुर और प्रमोद कुमार पहले स्थान पर रहे, जिसके बाद दूसरे स्थान पर राजस्थान के चंदन सिंह और प्रहलाद राय गुर्जर और तीसरे स्थान पर एएसआई/सीआरपीएफ के अशोक यादव और सुनील दत्त रहे।

# जल्द ही मिलेगी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16 वीं किस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संबंधित औपचारिकताएं 21 तक पूरी करने के मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16 वीं किस्त लाभार्थियों के खाते में सीधे हंस्तांतरित होनी है। इसके लिए लाभार्थियों की ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग और आधार सीडिंग आदि कार्यो को 21 तक चल रहे 10 दिवसीय अभियान में पूरा कर लिया जाये। साथ ही औपचारिकताओं को पूर्ण करने वाले पांच जिलों के अधिकारियों को सम्मानित भी किया जायेगा।

मुख्य सचिव गुरुवार को लोकभवन में सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को विडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहें थे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिन पांच जिलों ने सम्मान निधि पाने वाले किसानों की प्रपत्र संबन्धी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली हैं, या 90 प्रतिशत कर पूरी कर दी हैं, उन जिलों के विलेज नोडल ऑफिसर, विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर को भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वःपंजीकृत आवेदनों का भी शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाये। इसके अलावा मुख्य सचिव ने बतायाकि सीएससी में एक लाख विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर और विभिन्न विभागों में पांच हजार 2014 कर्मियों को विलेज नोडल ऑफिसर नामित किया गया है।

इंडो-नेपाल बॉर्डर मार्ग निर्माण परियोजना को लेकर उन्होंने सिद्धार्थ नगर के जिलाधिकारी को चिन्हित भूमि के अधिग्रहण करने के लिए कार्यदायी संस्था को आदेश निर्गत करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राउंड सेरीमनी की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही राजस्व वादों के निस्तारण, आंगनबाडी सहायिका के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रूप में चयन प्रक्रिया की भी समीक्षा की। बरेली के जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने विकास कार्यो की जानकारी दी, साथ ही दिसम्बर तक कुल 54 अवैध निर्माण व 30 अवैध कॉलोनियों के ध्वस्तीकरण से वसूली गई 9.82 करोड़ संबंधी जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, एसीएस राजस्व सुधीर गर्ग, लोनिवि के अजय चौहान समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने किया कई उपकेंद्रों का दौरा, लगाई फटकार

**अमृत विचार, लखनऊ:** ट्रांसगोमती क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए गुरूवार को मुख्य अभियंता ने कई उपकेंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने योजना के अंतर्गत चल रहें कायों को देखा। उपकेंद्रों पर उच्च क्षमता के लगे ट्रांसफार्मरों के साथ फीडरों के मेंटीनेंस कार्य के बारें में उपकेंद्र अधिकारी से जानकारी ली। इस बीच उन्होंने क्षेत्रों मे बदली जा रही एबीसी लाइनों, खंभों और ट्रांसफार्मरों के रिपेयरिंग कार्यों को तेजी से कराने के लिए दिशा निर्देश जारी किए। गर्मी मे सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए राजधानी में सभी उपकेंद्रों के इलाकों में अनुरक्षण कार्य कराया जा रहा है। ट्रांसगोमती में अनुरक्षण कार्य की प्रगति जानने के लिए मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने जीवीआरए, जानकीपुरम, और बीकेटी पंहुचकर उपकेंद्रो का जायजा लिया । इस बीच उन्होंने इलाके में चल रहे कार्यों की धीमी चाल के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की जमकर फटकार लगाई। साथ ही चताया कि जिस उपकेंद्र के अंदर आने वाले इलाकों मे समस से कार्य पूरा नहीं किया जायेगा। उसके खिलाफ विभाग कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी हस्ताक्षर कर तीन सिपाहियों का ट्रांसफर

**अमृत विचार, लखनऊ:** एडीजी जोन लखनऊ के फर्जी हस्ताक्षर कर एक पुलिसकर्मी ने अलग-अलग जिले में तैनात तीन सिपाहियों का ट्रांसफर कर दिया। साथी पुलिसकर्मियों ने शक होने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत की तो जांच में ट्रांसफर लेटर पर हस्ताक्षर फर्जी मिले। आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की तैयारी है। 12 फरवरी को एडीजी जोन लखनऊ के दफ्तर से तत्कालीन एडीजी पीयूष मोर्डिया के हस्ताक्षर से आदेश जारी किया गया। इसमें उन्नाव में तैनात सिपाही विजय बहादुर यादव का अंबेडकरनगर, रायबरेली में तैनात संजय कुमार का बाराबंकी और अयोध्या में तैनात हरि मिश्रा का सीतापुर स्थानांतरण कर दिया गया। जिनके ट्रांसफर लेटर जारी किये गये उनके परिजन को गंभीर समस्या बताई गयी है। आदेश पत्र वायरल होते ही दफ्तर के पुलिसकर्मी को शक हुआ तो उच्चाधिकारी से शिकायत की। अफसर के निर्देश पर विभागीय जांच शुरू कर सभी के बयान दर्ज करवाए जा रहे हैं। एडीजी जोन अमरेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि मामला सही है। आदेश पत्र की जांच व कुछ लोगों के बयान दर्ज कराए हैं। मामले में जो भी पुलिसकर्मी दोषी मिलेगा कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### वार्षिक उत्सव में अभिनेता रजा मुराद ने की शिरकत

**अमृत विचार, लखनऊ:** रजनीखण्ड शारदा नगर स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस वार्षिक उत्सव में बॉलीवुड अभिनेता रजा मुराद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. नीलू त्रिवेदी ने अतिथि के रूप में शिरकत की, जो लगातार कैंसर फ्री इंडिया अभियान को खासकर महिलाओं के लिए चला रही हैं। प्रधानाचार्य दिव्या पांडे ने बताया कि स्कूल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने वार्षिक उत्सव को अलग अंदाज में मना रहा है। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता निर्मित त्रिवेदी, समाज सेविका सोनी शर्मा उम्मीद संस्था के अध्यक्ष बलबीर सिंह मांन जो की लगातार कई तरह के अभियान चला रहे हैं, उपस्थित रहें।


## कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़ – रायबरेली

पत्रांक: 437 न0पं0शिव0/ई–निविदा–ज0नि0यो0 /2023–24 दिनांक: 15. 02. 2024

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों / फर्मो को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासन आदेश संख्या–3890 / नौ –5 – 19 – 149सा / 2019 नगर विकास अनुभाग 05 लखनऊ दिनांक – 20 सितम्बर 2019 एवं 3/2017 / 1067/78–2–2017–42 आई टी / 2017 अनुभाग–2 दिनांक 12–05–2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स / कान्ट्रैक्टर्स / वेल्डर्स को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–179 / 2023/ नौ–5–2023/001–Com- No- 1757895 नगर विकारा अनुभाग – 05 लखनऊ दिनांक–04 नवम्बर, 2023 के द्वारा नगर पंचायत शिवगढ़ को **सीवरेज एवं जल निकासी योजना** के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्त धनराशि से विभिन्न नालियों / नालों का निर्माण कराये जाने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है( जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित है–

टेण्डर शेड्यूल (https://e-tender.up.nic.in)

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 15.02. 2024 03.00PM | |
| 2 | Tender Download | 15.02. 2024 03.00PM | 29.02.2024 (03.00PM) |
| 3 | Bid Submission | 15.02. 2024 03.00PM | 29.02.2024 (03.00PM) |
| 4 | Bid Opening | 29.02. 2024 04.00PM | |
| | Bid Opening Place | Office Nagar Panchayat Shivgarh, Raebareli | |

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा । निविदा मूल्य खाता संख्या: 41873080136 व IFSC CODE- SBIN0018415 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा शिवगढ़ रायबरेली में जमा किया जा सकता है। नियम, शर्ते एवं अन्य जानकारी सम्बंधित वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in अथवा कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, जिला रायबरेली में किसी भी दिन कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

**(राजभान शुक्ला)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शिवगढ़,**
**रायबरेली**

**(सुमन)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शिवगढ़**
**रायबरेली**

## कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, रायबरेली

पत्रांक: 438/न0पं0शिव0/ई–निविदा–का0गौ0सू0/2023–24 दिनांक:– 15.02.2024

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासन आदेश संख्या–3890/नौ –5 –19 –149सा /2019 नगर विकास अनुभाग 05 लखनऊ दिनांक–20 सितम्बर 2019 एवं 3/2017/1067/78–2–2017–42 आई टी /2017 अनुभाग–2 दिनांक 12–05–2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/कान्ट्रैक्टर्स/वेल्डरों को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–01/2024/24/008–9–7002–002–1–2023 नगर विकास अनुभाग–07 लखनऊ दिनांक–03 जनवरी, 2024 के द्वारा नगर पंचायत शिवगढ़ को कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्त धनराशि से कान्हा गौशाला का निर्माण कराये जाने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित है–

टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in)

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | 15-02-2024 03:00 PM | |
| 2- | Tender Download | 15-02-2024 03:00 PM | 29-02-2024 03:00PM |
| 3- | Bid Submission | 15-02-2024 03:00 PM | 29-02-2024 03:00PM |
| 4- | Bid Opening | 29-02-2024 04:00 PM | |
| | Bid Opening Place | Office Nagar Panchayat Shivgarh, Raebareli | |

कार्य का विवरण–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि 5 प्रतिशत | निविदा फार्म जी0एस0टी0 सहित मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत शिवगढ़ के अन्तर्गत कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम के निर्माण का कार्य। (शासन द्वारा स्वीकृत आगणन एवं मानचित्र के अनुसार) | 165.89 लाख | 829450.00 | 17000.00 GST-2040.00 19040.00 | 04 माह |

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा मूल्य खाता संख्या: **41873080136** व **IFSC CODE SBIN0018415** स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा शिवगढ़, रायबरेली में जमा किया जा सकता है। नियम, शर्ते एवं अन्य जानकारी सम्बंधित वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in अथवा कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, जिला रायबरेली में किसी भी दिन कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

(राजभान शुक्ल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शिवगढ़, रायबरेली।

(सुमन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत शिवगढ़, रायबरेली।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी दूबेपुर, सुलतानपुर।

पत्रांक: 3185/2–लेखा/क्षे0पं0/निविदा सूचना/2023–24 दिनांक: 13/02/2024

**अल्प कालीन टेन्डर नोटिस**

महामहिम राज्य पाल उत्तर प्रदेश कि ओर से खण्ड विकास अधिकारी दूबेपुर, सुलतानपुर द्वारा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में स्वीकृत निम्न कार्यो पर किसी भी विभाग में A,B,C,D एवं E श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से मैन्युल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो को कराये जाने हेतु निम्न शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 14.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय दिवस में प्रात 11 बजे से सायं काल 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं एवं निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 28.02.2024 को सायं 3.00 बजे तक कार्यालय के टेन्डर बॉक्स में जमा किया जा सकता है। प्राप्त निविदा दिनाक 29.02.2024 को सायं 3.00 बजे विकास खण्ड दूबेपुर के सभा कक्ष में अधोहस्ताक्षरी एवं निविदा समिति के सदस्यों द्वारा निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | पंचम वित्त आयोग /पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाइड /टाइड) | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचम राज्य वित्त | ग्रा0 पं0 लौहर दक्षिण में मन्जूर के घर से पक्की सड़क तक अवशेष भाग पर इण्टरलाकिंग कार्य | 3.74 | 7500 | 500 | 3 माह |
| 2 | पन्द्रहवां वित्त | उतुरी में उगईतारा तालाब पर डेस्क बेन्च स्थापना व पौधारोपण कार्य | 3.28 | 6600 | 500 | 3 माह |
| 3 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 दादूपुर में पूर्व प्रधान राम आशीष के दुकान से मौर्या टोला तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.74 | 19500 | 1000 | 3 माह |
| 4 | पंचम राज्य वित्त | ग्रा0 पं0 कतकौली में चन्दईपुर नहर से पिच रोड से विद्यालय प्रांगण तक इण्टरलाकिंग कार्य | 5.04 | 11000 | 500 | 3 माह |
| 5 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 बांसी दिलीप सिंह के घर से कुडवार मेन रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 6 | पंचम राज्य वित्त | ग्रा0पं0 उघरपुर में नहर से जामवन्त के घर होते हुए शंकर के घर तक मिट्टी सोलिंग कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 7 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 अमिलियिा कला में नसीर के दरवाजे से तैय्यब अली के चक तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 8 | पंचम राज्य वित्त | ग्रा0 पं0 पलिया में नहर के पटरी से सरैया बार्डर तक खडन्जा निर्माण कार्य | 6.27 | 12600 | 1000 | 3 माह |
| 9 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 बिकना में संजय सिंह के घर से रैदास के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 5.43 | 10900 | 500 | 3 माह |
| 10 | पंचम राज्य वित्त | ग्रा0 पं0 उतुरी में गुड्डू हरिजन के घर से राम लाल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 1.36 | 3000 | 500 | 3 माह |
| 11 | पंचम राज्य वित्त | ग्रा0 पं0 उत्तरदहा में सालिकराम के घर से पलटूराम के घर की ओर इण्टरलाकिंग कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 12 | पंचम राज्य वित्त | ग्रा0 पं0 तिवारीपुर में प्रयागराज हाइवे से रेलवे लाइन कासिंग तक खडन्जा मरम्मत कार्य | 6.74 | 13500 | 1000 | 3 माह |
| 13 | पंचम राज्य वित्त | ग्रा0 पं0 उघरपुर में पप्पू सिंह के घर से बार्डर तक खडन्जा मरम्मत कार्य | 4.21 | 8500 | 500 | 3 माह |
| 14 | पंचम राज्य वित्त | ग्रा0 पं0 अहिमाने में संध्या मैरिज लान से सिन्टू पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 15 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 फिरोजपुर कला में रामफेर के घर फारूक के घर तक नाली निर्माण कार्य | 5.32 | 10700 | 500 | 3 माह |
| 16 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 करमपुरपरवरभार में बूढीमाई देव स्थान के सामने तालाब से रमाशंकर के घर तक नाली निर्माण कार्य | 4.70 | 9500 | 500 | 3 माह |
| 17 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 ढाहाफिरोजपुर में रियाज के घर से कुआं तक नाली निर्माण कार्य | 9.86 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 18 | पंचम/पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 तिवारीपुर में पुस्तकालय भवन निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 | 1 माह |
| 19 | पंचम राज्य वित्त | क्षेत्र पं0 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर सोलर/स्ट्रीट लाइट आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 9.13 | 19000 | 1000 | 1 माह |
| 20 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 उतुरी में प्राचीन पार्वती धाम मन्दिर पर आर0ओ0 सेट आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 3.01 | 6500 | 500 | 1 माह |
| 21 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 लोलेपुर में मस्जिद पर आर0ओ0 सेट आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 3.01 | 6500 | 500 | 1 माह |
| 22 | पन्द्रहवां वित्त | ग्रा0 पं0 उतुरी में जू0हा0 स्कूल में आर0 ओ0 सेट आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 3.01 | 6500 | 500 | 1 माह |
| 23 | पंचम वित्त | ग्रा0 पं0 तिवारीपुर में संतोष मिश्रा के घर से तिवारी के घर तक खडन्जा मरम्मत कार्य | 4.33 | 8500 | 1000 | 3 माह |

शर्ते:– सन्दर्भित कार्य स्वीकृत लागत के अन्तर्गत ही कराये जायेंगे। निविदा दाता अपनी अधिकृत क्षमता के अनुसार किसी एक अथवा एक से अधिक कार्ये हेतु निविदा दे सकते हैं निविदा दाताओं को सलाह दी जाती है कि वे कार्यस्थल का भलिभांति निरीक्षण कर लें। कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। निर्धारित कार्य एवं स्वीकृत प्राक्कलन दर के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यय अथवा चार्जेज देय नहीं होगा। कार्य कराने के उपरान्त प्रस्तुत बिल से नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0 एवं लेबर सेस कटौती के पश्चात ही बिल का भुगतान किया जायेगा। निविदा दाता को निविदा के साथ कार्य की लागत के सापेक्ष दो प्रतिशत की धनराशि अर्नेस्ट मनी एफ0डी0 अथवा एन0एस0सी0 के रूप में जो खण्ड विकास अधिकारी दूबेपुर के पक्ष में बन्धक करके जमा किया जाना अनिवार्य है। कार्य स्वीकृत होने के उपरान्त अवशेष जमानत की धनराशि 8 प्रतिशत एफ0डी0 अथवा एन0एस0सी0 के रूप में एक सप्ताह के अन्दर जमा किया जायेगा अन्यथा कि दशा में भुगतान के समय बिल की धनराशि से कटौती करके ही भुगतान किया जायेगा। कार्यादेश प्राप्ति के समय रू0 100 के स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र दाखिल करना होगा। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा। निर्धारित समय में कार्य न कराने अथवा मानक एवं गुणवत्ता के विपरीत कार्य होने की स्थिति में कार्यादेश निरस्त कर दिया जायेगा एवं सम्बन्धित से वसूली अपेक्षित होगी।

नोट:– उक्त कार्यो को कराने हेतु कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर कार्यालय से समय–समय पर जारी किया जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**दूबेपुर, सुलतानपुर**

## एक नजर

### 78 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : देवा कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को दो तस्करों को गिरफ्तार कर 78 ग्राम स्मैक बरामद की। दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया। देवा के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय की टीम ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के बरेठी निवासी मो. हसीब व टिकरिया निवासी रामजी रावत को 78 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए तस्कर हसीम पर अलग-अलग थानों में 11 और रामजी रावत पर 10 मुकदमें दर्ज है।

### जेल भेजे गए 18 वांछित आरोपी, 11 किये गये पाबंद

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस के अभियान में अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने फरार चल रहे 18 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं विभिन्न मामलों में थाने लाए गए 11 आरोपियों को शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### 900 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपी पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : सफदरगंज पुलिस ने नौ सौ ग्राम गांजा के साथ लखनऊ के नगराम क्षेत्र के निखिल सिंह और अचली खेडा निवासी सिद्धार्थ पटेल को दबोचा। सराय कायस्थान मोड के पास से गिरफ्तार दोनों तस्करों को थाने लाकर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा।

### 256 ग्राम मार्फीन बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : सुबेहा पुलिस ने गुरुवार को 256 ग्राम मार्फीन के साथ अमेठी के तस्कर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह की टीम ने रतौली अंडर पास के साथ अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के करीडीह निवासी जंग बहादुर को 256 ग्राम मार्फीन के साथ दबोचा। उसके बाद थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# सरकारी भवनों की दीवारों पर होगी वॉल पेंटिंग

**योजना**

- शहर में जल्द शुरू किया जाएगा पेंट माई होम अभियान
- निजी भवनों की बाहरी दीवारों पर भी उकेरे जाएंगे चित्र

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी



**अमृत विचार:** शहर के मुख्य मार्गो पर स्थित सरकारी भवनों की बाहरी दीवारों पर वॉल पेंटिंग की जाएगी। निजी भवन की बाहरी दीवारों भी पेंट कर चमकाई जाएंगी। जिला प्रशासन इसके लिए पेंट माय होम अभियान शुरू करेगा। शहर को खूबसूरत बनाने की दिशा में किया जा रहे प्रयास के दृष्टिगत यह अभियान महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्य मार्ग को चौड़ा करने के लिए पहले ही हरी झंडी दी जा चुकी है। जिला प्रशासन ने शहर के खूबसूरत बनाने के लिए पेंट माय होम की जो कार्ययोजना बनाई गयी है, उसके अंतर्गत सर्वप्रथम सरकारी भवन की बाहरी दीवारों पर चित्रकारी कराई जाएगी। जो संबंधित विभाग से संबंधित होंगी। अस्पताल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की दीवारों पर स्वास्थ्य से संबंधित चित्रों से भरी होंगी। स्टेडियम की दीवारों पर खेल से संबंधित चित्र उकेरे जायेंगे जबकि राजकीय इंटर कालेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की दीवारों पर शैक्षिक गतिविधियों से संबंधित चित्र बनाए जाएंगे।

### जेब्रा पार्क में लहराएगा दो सौ फुट ऊंचा तिरंगा



शहर के जेब्रा पार्क में जल्द ही 200 फीट ऊंचा तिरंगा लहराएगा। इसके लिए पोल लगाए जा चुका है। इस तिरंगे झंडे को लगाने के लिए भाजपा के जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने अपनी एमएलसी की निधि से धनराशि दे दी है। बनाए गए पोल पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा। इसके लिए उनके कार्यक्रम का इंतजार किया जा रहा है। कार्यक्रम न मिलने की स्थिति में ऑनलाइन लोकार्पण का प्रस्ताव है। जिला प्रशासन जेब्रा पार्क का नाम बदलने पर भी गंभीरता पूर्वक विचार कर रहा है।

### सतरिख चौराहे की तोप जेब्रा पार्क में होगी शिफ्ट

नगर पालिका द्वारा शहर के सतरिख चौराहे पर लगाई गई तोप को हटाकर जेब्रा पार्क में स्थापित किया जाएगा। उसके स्थान पर है गोल फव्वारे के निर्माण का प्रस्ताव है। हालांकि इसी चौराहे के निकट अंबेडकर पार्क में बनाया गया ढांचा बरकरार रहेगा। पहले डीएम ने इस पर काम रुकवा दिया था लेकिन अब इसके लिए जिला प्रशासन ने हरी झंडी दे दी है।

> शहर में पेंट माय होम अभियान जल्द शुरू होगा। जो नगर की खूबसूरती में चार चांद लगाएगा। जेब्रा पार्क को आकर्षक बनाने की दिशा में एमएलसी अवनीश सिंह की निधि से 200 फुट ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। जिसका लॉकर पर जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जाएगा।
> –सत्येंद्र कुमार, जिलाधिकारी

# अराजक तत्वों पर करें कड़ी कार्रवाई : एडीजी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारी परखने गुरुवार को एडीजी लखनऊ जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर बाराबंकी पहुंचे। यहां पर एसपी से पुलिस भर्ती का फीड बैक लेने के बाद मातहतों के साथ पुलिस भर्ती परीक्षा, आगामी लोकसभा चुनाव, त्योहार और कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। एडीजी जोन ने कहा कि माहौल बिगाड़ने वाले अराजकतत्वों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने निर्देश दिया कि चुनाव से पहले हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग और सत्यापन कर लिया जाए। किसी भी घटना की सूचना पर कम समय में पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करे। सोशल मीडिया पर 24 घंटे पैनी नजर रखी जाए।



एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर का स्वागत करते एसपी दिनेश कुमार सिंह।

# लखनऊ से बाराबंकी के बीच ई बसों का होगा संचालन: मंत्री

## कहा-स्वामी प्रसाद मौर्य छोटे आदमी, कई बड़े नेता हैं भाजपा के संपर्क में

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने गुरुवार को यहां कहा कि बाराबंकी और लखनऊ के बीच जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इस रूट पर नगर बसें इसलिए बंद की गई थीं क्योंकि इससे काफी प्रदूषण फैल रहा था। परिवहन मंत्री ने कहा कि यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया गया है। परिवहन निगम की आमदनी भी बढ़ी है।

परिवहन मंत्री भाजपा के पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह के नवनिर्मित होटल का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एक बार फिर पूरे बहुमत के साथ केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में सरकार बनेगी। पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है। इस बार भाजपा पहले से ज्यादा सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का आलम है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब आम जनता भाजपा का कार्यकर्ता बनकर 2024 के चुनाव में काम करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा के संपर्क में हैं, उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य छोटे आदमी हैं। कई बड़े नेता भाजपा के संपर्क में हैं। जो चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।



परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का स्वागत करते भाजपा के पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह।

### टूट रहा एनडीए गठबंधन

परिवहन मंत्री से जब इंडिया गठबंधन के बारे में सवाल किया गया तो उनकी जबान फिसल गयी। कहा कि एनडीए गठबंधन टूट रहा है। कई दलों ने साथ छोड़ दिया है। चुनाव आते-आते यह गठबंधन पूरी तरह बिखर जाएगा।

# केडी सिंह बाबू का बंगला सीज

**हाईकोर्ट का आदेश**

- पारिवारिक विवाद बताई जा रही है वजह
- साझी विरासत ने की बंगले को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रहे बाबू केडी सिंह का पुश्तैनी बंगला गुरुवार को हाईकोर्ट के आदेश पर सीज कर दिया गया। बंगला सीज करने के लिए हाईकोर्ट द्वारा गठित की गई कमेटी भारी पुलिस बल के साथ जैसे ही बाबू केडी सिंह के बंगले पर पहुंची तो शहर में हड़कंप मच गया। लोग यह जानने के लिए उत्सुक थे कि बंगला क्यों सीज किया जा रहा है।

बाबू केडी सिंह को पूरे जिले में बेहद सम्मान की नजर से देखा जाता रहा है। उनके न रहने के बाद भी उनका बंगला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा देता रहा है। लोग बताते हैं कि केडी सिंह बाबू के भाई के परिवार में आपसी विवाद चल रहा है। इसको लेकर एक पक्ष ने अदालत की शरण ली थी। इस पर उच्च न्यायालय ने गुरुवार को उनका बंगला सीज करा दिया। इसी बंगले में बालाजी का बचपन नाम से विद्यालय भी चलता है। आसपास के थानों से जब भारी पुलिस बल परिसर में घुसा तो पढ़ रहे बच्चे सहम गए। साझी विरासत संस्था के संस्थापक परवेज अहमद ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बंगले का अधिग्रहण कर राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हॉकी के दिग्गज बाबू केडी सिंह राष्ट्र के गौरव थे। उनकी यादें सुरक्षित करने के लिए बंगले को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करना बेहद जरूरी है। इस संदर्भ में संस्था का एक प्रतिनिधिमंडल 18 फरवरी को मुख्यमंत्री से मिलेगा।



हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी बाबू केडी सिंह का बंगला सीज करती पुलिस।

# मलबे में दबने से दो श्रमिकों की मौत

**हादसा**

- बंकी कस्बे में पुराना मकान ढहाते समय हुई घटना

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** पुराना मकान ध्वस्त करते समय मलबे में दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस घायल मजदूरों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एक शव की शिनाख्त हो गयी है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। दूसरे की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

हादसा गुरुवार को नगर कोतवाली के बंकी कस्बे के ओमनगर नई बस्ती में हुआ। यहां पर रामू रावत के पुराने मकान को मोहल्ले के ही सोनू पाठक द्वारा ध्वस्त कराया जा रहा है। इस काम में लगे दो मजदूर छत तोड़ रहे थे। इसी दौरान पूरी छत भराभरा कर नीचे गिरी। इसके साथ गिरे मजदूर मलबे में दब गए। हादसे के बाद कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घायल मजदूरों को मलबे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मकान ध्वस्त करने में मलबे में दबे मजदूरों की मौत हुई है। इसमें से एक की पहचान फतेहपुर कोतवाली के भैसूरिया निवासी अमरीश (48) पुत्र धम्मू के रूप में हुई है। वहीं दूसरे की पहचान के साथ परिजनों को सूचना दी जा रही है। वहीं एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी भी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की।

## दो मामलों में अर्थदंड की सजा

**बाराबंकी, अमृत विचार:** लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में गुरुवार को अदालत ने दो मामलों में अभियुक्तों को अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनायी। मसौली क्षेत्र में अश्लील टिप्पणी करने के अभियुक्त अंकित को न्यायालय उठने तक की सजा और पांच सौ रुपये जुर्माने से दंडित किया गया। वहीं रामसनेहीघाट कोतवाली इलाके में मारपीट के मामले के एक अभियुक्त बाजपुर तिवारीपुर निवासी श्रीधर को सात सौ रुपये अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा सुनायी गयी।

# स्मैक तस्कर को आठ माह का कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मादक पदार्थ की तस्करी के दोषी को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएसएक्ट) की अदालत ने आठ माह का कठोर कारावास और तीन हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।



मामला असंद्रा थाना क्षेत्र का है। यहां 26 सितंबर 2023 को दरोगा छठ्ठू चौधरी ने कोठी थाने के बिंदियामऊ निवासी अल्ताफ उर्फ शानू को 80 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा। उसके बाद थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियुक्त अल्ताफ उर्फ शानू को को आठ माह की कठोर कैद और तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# पाइप लाइन डालने में बाधक बना डिप्टी रेंजर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** घरों में पाइप लाइन के जरिए रसोई गैस पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पाइप लाइन डाली जा रही हैं। निंदूरा इलाके में एक डिप्टी रेंजर ने पाइप लाइन का कार्य रुकवा दिया था। इस कार्य में बाधक बने डिप्टी रेंजर को प्रभागीय वन अधिकारी की संस्तुति पर शासन ने निलंबित कर दिया है।

प्रभागीय वन अधिकारी आकाशदीप बधावन ने बताया कि पाइप लाइन का कार्य डिप्टी रेंजर देव सतीश आर्य ने रुकवा दिया था। शिकायत मिलने पर जांच की गयी जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद डिप्टी रेंजर के निलंबन का प्रस्ताव उन्होंने शासन को भेजा था जिसे स्वीकृति मिल गई है। डिप्टी रेंजर को निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध जांच के आदेश दिए गए हैं।

बताया जाता है कि संबंधित कंपनी ने इस मामले की शिकायत डीएम से की थी। डीएम ने डीएफओ को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। डीएम के निर्देश के बाद डीएफओ ने कार्रवाई की।

## गोमती में मिले तीन दर्जन से अधिक गोवंशों के शव

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार :** हरदोई-सीतापुर बॉर्डर पर गुरुवार को तेरवा महादेव घाट से गुजरी गोमती नदी में तीन दर्जन से अधिक गोवंश मृत मिले। सूचना मिलने पर गुरुवार की दोपहर प्रशासन ने शवों को बाहर निकलवाकर जेसीबी से गड्ढों में दफन करवाया। बताते चलें कि सीमा से जुड़े रामपुर के पास से तेरवा महादेव घाट से गोमती नदी गुजरी हुई है। गुरुवार की सुबह नदी में तीन दर्जन से अधिक गोवंशों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। सीओ, एसडीएम, अतरौली प्रभारी निरीक्षक व बीडीओ भरावन मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि मृत गोवंशों का पोस्टमार्टम कराएंगे।

# डीएम ने अभियंता से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिले में निर्मित व निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित हुई । इसमें 50 लाख रुपये से अधिक की लागत, मुख्यमंत्री की घोषणा से सम्बन्धित परियोजना, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण, सांसद निधि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पूर्ण परियोजनाओं को तत्काल सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाय। सहायक परियोजना प्रबन्धक, यूपीपीसीएल यूनिट-14 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हॉस्टल एवं एकेडमिक ब्लॉक के निर्माण कार्य पूर्ण कर लोकार्पण के लिए तैयार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, आवास विकास अयोध्या के अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ ए. सुदन, पीडी मनीष कुमार, डीडीओ भूषण कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



परियोजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### छात्रों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



ग्रामीणों की जागरूकता के लिए मौरा में स्वच्छता अभियान चलाते छात्र।

**लखनऊ, अमृत विचार :** चरक शिक्षण संस्थान की राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई -एक द्वारा मौरा गांव में गुरुवार को सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत की गयी। शिविर के पहले दिन स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद रोशनी एवं पार्षद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह लोधी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। संस्थान की चेयरपर्सन ऋतु सिंह और प्रधानाचार्या डॉ. अनुराधा त्रिपाठी के सहयोग से कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का क्रियान्वयन एवं संचालन संस्थान के राष्ट्रीय सेवायोजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश चंद्रा एवं संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोगी सदस्यों के साथ किया गया।

### 21 हजार दीपकों से जगमगाया कोटवाधाम का अभरण



21 हजार दीपकों से जगमगाता कोटवा धाम का अभरण। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, अमृत विचार :** सतनामी संप्रदाय के प्रवर्तक संत स्वामी जगजीवन समर्थ दास साहब के 354वें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर गुरुवार की शाम श्री कोटवाधाम अभहरण सरोवर पर 21 हजार दीप जलाए गए। मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह थे। बड़ी गद्दी के महंत नीलेंद्र बक्श दास व पंडित दुर्गेश दीक्षित के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू, कमलाकांत द्विवेदी खुटपुट बाबा, यश प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख देवानन्द पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अभ्यर्थियों ने कहा- हमारे भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

**प्रयागराज, अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी( आरओ/एआरओ) की रविवार को हुई प्री परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद अभ्यर्थियों की तीखी प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि कोई पहले बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी कई बार पेपर लीक हुए हैं। परीक्षा में हुई गड़बड़ी हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ है। वहीं, पेपर लीक होने का आरोप लगने के बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने इस मामले की जांच स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) से कराने का निर्णय लिया है। इसकी जांच के लिए आयोग ने आंतरिक कमेटी भी बनाई है। बता दें कि 58 जिलों में परीक्षा कराने के लिए 2387 केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 10,76,004 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 64 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल किये गये थे। इस मामले में आरोप यह लगा था कि पहली पाली की परीक्षा में सोशल मीडिया पर साल्वर पत्र वायरल किया गया था। इसको लेकर गाजीपुर में छात्रों ने हंगामा भी किया था। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर वीडियो भी साझा की थी। हालांकि मामले को लेकर अभ्यर्थियों ने भी आवाज उठाना शुरू कर दिया है। बुधवार को लोक सेवा आयोग के गेट के बाहर अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी आराधना सिंह ने कहा कि सरकार इसकी सही जांच कराए तो पूरा मामला साफ हो जाएगा। अजय यादव ने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है। हम सालों-साल मेहनत करते हैं। लेकिन, पेपर लीक हो जाता है। इस बार की घटना से जीवन अंधकारमय से हो गया है। इस मामले कि सही तरीके से जांच कराई जाये। नरेश कुमार ने कहा कि अगर इसी तरह से होता रहा तो हम कैसे परीक्षा देंगे? सरकार नौकरी देने का दावा करती है और यहां पर पेपर लीक हो जाता है। इस मामले में लोकसेवा आयोग प्रयागराज के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

**स्वीकृति** | दो सौ से अधिक श्रमिकों ने किया था आवेदन, लखनऊ में लिया गया था साक्षात्कार

# इजराइल जाने को 143 कुशल मजदूरों को मिली हरी झंडी

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले के 143 कुशल श्रमिक पहले चरण में इजराइल जाएंगे। इसकी सूची शासन से श्रम विभाग कार्यालय में आ गई है। विभाग की तरफ से गुरुवार से श्रमिकों का मेडिकल के साथ पुलिस विभाग द्वारा इनका सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। करीब 15 दिन बाद लखनऊ या दिल्ली एयरपोर्ट से यह श्रमिक विदेश रवाना होंगे।



इजराइल में युद्ध के बने हालात के बाद वहां पर कुशल श्रमिकों की जरूरत बताई गई थी। इसमें कई श्रेणी के श्रमिकों को वहां काम के लिए बुलाया गया है। इसको लेकर शासन की ओर से श्रम विभाग के पास जब आदेश आया तो विभाग की ओर से पंजीकृत श्रमिकों से दस जनवरी तक आवेदन मांगे गए। श्रम विभाग कार्यालय में 10 जनवरी तक करीब 200 से अधिक श्रमिकों ने जाने के लिए सहमति पत्र दिया था। आवेदनों की जांच के बाद इन श्रमिकों को लखनऊ बुलाकर साक्षात्कार लिया गया। इसमें इजराइल के कई अधिकारी भी शामिल थे। साक्षात्कार के बाद जिले के चयनित श्रमिकों की सूची शासन ने श्रम विभाग को भेज दी है। सूची में 143 श्रमिकों को हरी झंडी मिल गई है। इनमें से 136 श्रमिकों नें बाकायदा श्रम विभाग के कार्यालय में आकर जरूरी अभिलेख जमा भी कर दिए हैं। शेष एक दो दिनों में कार्यालय में आमद करेंगे। वहीं इन सभी श्रमिकों का गुरुवार से सीएमओ कार्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शुरू किया गया है। इसके साथ ही पुलिस विभाग द्वारा इनका सत्यापन भी किया जायगा।

### चार ट्रेडों में चयनित किये गये श्रमिक

भवन निर्माण की चार श्रेणियों के कामगारों से मांगे गए आवेदनों में सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग, शटरिंग कारपेंटर (फ्रेमवर्क) और आयरन वेल्डिंग ट्रेड के श्रमिक शामिल हैं। इन ट्रेडों के श्रमिकों का चयन किया गया है। बताया जा रहा है कि मेडिकल और वेरीफिकेशन की कार्यवाही पूरी होने के बाद करीब 15 दिनों के अंदर इन श्रमिकों को लखनऊ या फिर दिल्ली एयरपोर्ट से बड़े नेताओं व उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में इजराइल रवाना किया जायगा।

### चयनित श्रमिकों का कराया जा रहा है मेडिकल

शासन से जो सूची मिली है उसमें 143 श्रमिकों का चयन किया गया है। इनमें से 136 श्रमिकों नें अभिलेख भी जमा कर दिए हैं। इनका वेरीफिकेशन और मेडिकल कराया जा रहा है। 15 दिनों के अंदर इन सभी को इजराइल भेज दिया जाएगा।

–मयंक सिंह, सहायक श्रमायुक्त

### इजराइल से आए फॉर्मेट पर दर्ज होगा ब्योरा

स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान डॉक्टरों को श्रमिकों के मेडिकल की सारी जानकारी एक विशेष फार्मेट पर भरनी होगा। इजराइल से श्रम विभाग को उपलब्ध कराए गए यह फार्मेट सीएमओ कार्यालय को दिया गया है। यह फार्मेट पूरी तरह से अंग्रेजी में है। वहीं मेडिकल को लेकर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने डॉक्टरों का एक पैनल भी गठित कर दिया है जो चयनित श्रमिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण करेगा।

## पुरस्कार के लिए 88 गौ पालक चयनित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गौ पालन को बढ़ावा देने और देसी प्रजाति की गायों के संरक्षण के लिए शुरू हुई मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालन पुरस्कार योजना के तहत जिले के 88 प्रगतिशील गौपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

योजना के तहत आठ से 12 लीटर दूध देने वाली गाय के पालक को 10 हजार, 12 लीटर से ज्यादा दूध देने वाली देशी गाय के पालक को 15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। योजना के तहत पशुपालन विभाग को 31 मार्च तक 165 गौपालकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य सौंपा गया है। योजना का लाभ लेने के लिए सौ से अधिक पशुपालकों ने आवेदन किया था। सत्यापन के बाद 88 पशुपालकों को पात्र पाया गया है।

असूयैक पदं मृत्युरतिवाद : श्रियो वध : ।
अशुश्रूषा त्वरा श्लाघा विद्याया : शत्रवस्त्रय : ।।

गुणों में दोष देखना एकदम मृत्यु के समान है। कठोर बोलना या निंदा करना लक्ष्मी का वध है। सुनने की इच्छा का अभाव या सेवा का अभाव, उतावलापन और आत्मप्रशंसा–ये तीन विद्या के शत्रु हैं ।

## संपादकीय

# समुद्री सीमा सुरक्षा

बीते महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां गए थे जिसकी तस्वीरें दुनियाभर में प्रसारित हुईं। इसके बाद से मालदीव बौखला गया था और वहां से भारत विरोधी सुर फूटने लगे। वहां के नेताओं ने न सिर्फ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था, बल्कि भारत से अपने देश में तैनात सैनिकों को वापस बुलाने तक को कह दिया था। इसके लिए उसने 15 मार्च तक का समय दिया है। भारतीय सेना मालदीव से कब वापस आती है यह तो भविष्य में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले भारत समुद्र में चौकसी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। मार्च माह की शुरुआत में सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड पर नौसैनिक बेस बनाने जा रही है, साथ ही अगाती आइलैंड और कवरत्ती में भी एयरबेस बनेगा जिससे मालदीव और चीन की हरकतों पर नजर रखने में आसानी होगी। मिनिकॉय में बनने वाले आईएनएस जटायु नौसैनिक बेस से मालदीव की दूरी मात्र 524 किलोमीटर है। इतना ही नहीं भारत अगाती आइलैंड पर मौजूद एयरस्ट्रिप को अपग्रेड करने जा रहा है। ताकि उसका इस्तेमाल फाइटर जेट्स और भारी विमानों के संचालन के लिए किया जा सके। गौरतलब है कि लक्षद्वीप, मिनिकॉय द्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की भौगोलिक स्थिति हिंद महासागर पर नजर रखने के लिए काफी अहम है। इस इलाके में चीन की बढ़ती गतिविधियों और समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने के लिहाज से ये नौसैनिक अड्डा काफी अहम होगा।

लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप नौ डिग्री चैनल पर स्थित हैं, जहां से होकर दक्षिण-पूर्वी एशिया और उत्तरी एशिया के बीच अरबों रुपये का आयात-निर्यात होता है। इस अड्डे से व्यापारिक सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है यदि किसी जहाज को सुंदा और लोंबक की खाड़ी की तरफ जाना है तो उसे दस डिग्री चैनल यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास से गुजरना होगा। ऐसे में दोनों जगहों पर मजबूत सुरक्षा और निगरानी दस्ता होना चाहिए, जो जरूरत पड़ने पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे सके। साथ ही आसपास के इलाके में शांति बनी रहे। लक्षद्वीप में नौसेना बेसकैंप बनने से सुरक्षा में बढ़ोतरी हो सकेगी। हाल ही में सरकार ने अंडमान और निकोबार आइलैंड के कैंपबेल खाड़ी में नई फैसिलिटी बनाई हैं। इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सेना बखूवी कर रही है। पूर्व में अंडमान और पश्चिम में लक्षद्वीप पर मजबूत तैनाती से भारत की समुद्री सीमा सुरक्षित रहेगी। दोनों द्वीप समूहों पर पर्यटन भी बढ़ेगा और लोग यहां घूमते समय सुरक्षित महसूस करेंगे।

# कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है बड़े नेताओं का पलायन



सुशील दीक्षित विचित्र
शाहजहांपुर

अब तो धीरे–धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई।

अपनी महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी भारत जोड़ पाए यह तो पता नहीं, लेकिन इस दौरान कांग्रेस छोड़कर जाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे हर नेता का एक ही आरोप है कि उनकी उपेक्षा की जा रही थी। पार्टी छोड़ने वालों में कई तो ऐसे नेता हैं जिनकी कांग्रेस में काम करते उमर बीत गई। वे पार्टी के आधार स्तंभों में तो रहे ही संकट के दौर में भी अपनी पूरी जिंदगी पार्टी को सजाने संवारने में लगा दी। आश्चर्यजनक यह है कि पायेदार नेताओं द्वारा एक के बाद एक कर पार्टी छोड़ने से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चिंतित होने की जगह जाने वालों की आलोचना कर रहा है। जबकि इसका पार्टी की साख पर गलत असर पड़ रहा है जिसका खामियाजा पहले भी पार्टी ने जनाधार का एक बड़ा हिस्सा खोकर भुगता है और लगता है वह आगे भी कोई सीख लेने को तैयार नहीं है।

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई। मध्य प्रदेश में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी तब भी उनके प्रभाव को पार्टी ने नकार दिया था, लेकिन पिछले विधानसभा में सिंधिया का ऐसा असर पड़ा कि पार्टी चुनाव हार ही नहीं गई, बल्कि उसका जनाधार और अधिक सिमट गया। ऐसे नेताओं की लंबी सूची है जिन्होंने पार्टी छोड़ी और कांग्रेस को भारी क्षति हुई। इनमें से कई नेता तो ऐसे थे, जो राहुल गांधी के इतना करीबी थे कि राहुल की टीम का हिस्सा माने जाते थे।

राहुल गांधी प्रायः मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करते रहते हैं। दावा कितना सच है इस पर सबकी अपनी अपनी राय हो सकती हैं, लेकिन अभी तक जितने नेताओं ने पार्टी छोड़ी उन सबका एक ही आरोप था कि हाईकमान उनकी उपेक्षा करता है। अभी हाल में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन के आरोप में निकाले गए। पुराने कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि वे एक साल से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहे थे। राजनीति के लिए अपनी पार्टी के नेताओं से मिलते रहना आवश्यक होता है। जरूरत तो कार्यकर्ता तक पहुंच बनाने की भी होती है। कभी 23 जी के नाम से मशहूर रहे कांग्रेस के पुराने नेताओं ने पार्टी को पत्र लिखकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की सलाह दी थी। कांग्रेस की जैसी स्थिति है उन हालातों में यह सलाह बहुत माकूल थी। इसका सकारात्मक जबाब होना चाहिए था अलबत्ता ऐसा हुआ नहीं। इन नेताओं को भाजपा का एजेंट बताया गया और पत्र डस्टबिन में फेंक दिया गया। इसके बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ दी। गुलाम नबी आजाद कश्मीर के बड़े नेता हैं। उनके पार्टी छोड़ने से कश्मीर में कांग्रेस कमजोर हुई।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है, जो लगातार बिखर रहा है।

> पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है, जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है, जो लगातार बिखर रहा है।

जैसी कहानी महाराष्ट्र की है वह कमोबेश पूरे भारत की है। जब भारत जोड़ो यात्रा का पहला आयोजन समाप्त हुआ था, तब भी सवाल उठे थे कि जब पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है तब पार्टी का आला कमान निरर्थक आयोजन में उलझा है। अब भी यही सवाल अपनी जगह अडिग खड़ा है कि जब पार्टी लगातार नेताओं और उन नेताओं से जुड़ा जनाधार खो रही है तब इसे सुलझाने से पहले यात्रा जैसे दीर्घ आयोजन का औचित्य क्या? यात्रा के साथ जुड़े न्याय शब्द को लेकर भी कटाक्ष किए जा रहे हैं कि पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ ही न्याय नहीं कर पा रही है तो वह किसी और को क्या न्याय देगी? जैसी कि खबरें आ रही हैं उनसे लगता है कि यदि पार्टी के नीतिनियंताओं ने अपनी रीति-नीति नहीं बदली तो पार्टी के लिए भारी संकट खड़ा हो सकता है। जिस आइएनडीआइए के दम पर कांग्रेस भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दंभ कर रही है, उसका अभी तक कोई अता-पता नहीं। कई स्थानों पर घटक दलों और कई राज्यों में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इससे और भी लगता है कि आइएनडीआइए बनना बहुत मुश्किल है।

कांग्रेस के नेताओं ने कहा भी है कि वे अपनी दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो पार्टी को लोकसभा क्षेत्रों में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी पार्टी की असल ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस में इसी की भारी कमी है। रही सही कसर जमीन से जुड़े जो थोड़े बहुत नेता पार्टी में बचे भी थे, वे या तो पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं।

राजनीतिक लड़ाई बिना सेना के जो भी लड़ने की कोशिश करेगा उसकी पराजय वक्त की बात होगी। अभी जब अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने बहुत दंभ से कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। यह दंभ इसलिए है कि पार्टी ने किसी को दिया है तो उसने भी तो पार्टी को बहुत कुछ दिया। उसे खड़ा रखने के लिए जड़ों को अपने खून पसीने से सींचा। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि पार्टी ममता बनर्जी की भविष्यवाणी सच सिद्ध नहीं होने देना चाहती तो उसे रोज हो रहे पार्टी के पतन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी में हुई दरारों को भरना होगा और इसमें तभी सफलता मिलेगी जब पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर कठिनाइयां दूर की जाए। अन्यथा यदि यही हालात रहे तो पार्टी का अस्तित्व बचाना असंभव की हद तक मुश्किल हो सकता है।

## प्रसंगवश

# क्या मंदिर की काट है किसान आंदोलन

> सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है।

विगत काफी समय से अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मीडिया में सुर्खियां पाती रही है। लंबे समय तक ऐसी प्रतीति कराई गई जैसे देश दुनिया में अब और कोई बड़ी खबर है ही नहीं तथा देश की सारी समस्याएं इस धर्म आयोजन से ही हल हो गईं हैं। एक-एक छोटी मोटी चीज की ब्रेकिंग और हेडिंग लगाए गई। एक बड़ी अगरबत्ती के ट्रॉसपोर्टेशन तक ने सुर्खिथां लूटीं। शासन और प्रशासन ने जोर लगाकर देश दूसरी दिवाली मनवा दी तथा आम आदमी व नई पीढ़ी को यह आभास कराया गया कि राम अब आए हैं और मोदी द्वारा लाए गए हैं, पहले नहीं थे।

लोकसभा चुनाव सर पर हैं और शायद इन्हीं के लिए बढ़त हासिल करने हेतु ये टाइमिंग चुनी गई थी। अब राम के मुद्दे पर विपक्ष की गति सांप छछूंदर जैसी हो गई। खुला विरोध कर नहीं सकते और समर्थन में स्पष्ट राजनीतिक नुकसान! वोट उन्हें भी चाहिए। ऐसे में पुराने ठंडे पड़ चुके किसान आंदोलन को ही जागृत कर गुल-गपाड़ा मचाना इन लोगों ने श्रेयस्कर समझा, क्योंकि इससे एक बार उन्हें सफलता भी मिल चुकी है, जब केंद्र सरकार को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था और तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। गांव की कहावत है "जानों गुइयां फूस बराबर", यानी इस दांव से सत्तारूढ़ दल झुक जाएगा और मीडिया का रुख मंदिर से हटकर कथित किसान भीड़ और भारी जन असुविधा की ओर चला जाएगा। यही हुआ। तीर निशाने पर बैठ रहा है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यदि सरकारी सख्ती से यह भीड़ दिल्ली नहीं भी पहुंच पाएगी तो बाहर से दिल्ली घिरी रहेगी और सामान्य यातायात लंबे समय तक बाधित रहेगा। असामाजिक तत्व फायदा उठाएंगे ही और बुरी घटनाएं होंगी। सरकार की छवि धूमिल होगी तथा मंदिर प्रकरण से सत्ता पक्ष को मिले अंकों में घटोत्तरी होगी। विपक्ष को बढ़त हासिल होगी। वे रामभक्तों को वोट बैंक बनाने के जुगाड़ में थे, ये किसानों को। यद्यपि इन वर्गों के बीच कोई स्पष्ट विभाजक रेखा नहीं है। रामभक्तों में किसान भी हैं और किसानों में भक्त भी। दरअसल अतिशय चतुराई में कभी-कभी दांव उल्टा पड़ जाता है। या अपना ही अस्त्र बूमरेंग हो जाता है। कृषि कानूनों का वापस लिया जाना भी तुष्टीकरण ही था। यह कोई समाधान नहीं था। कानून गलत नहीं थे। फौरी इलाज कर दिया गया था और कहा गया था कि सभी मागें मान ली हैं। वे पूरी करना दुष्कर था और रहेगा।

इधर 'भारत रत्न' सम्मान एमएस स्वामीनाथन को देकर भाजपा ने तामिलनाडु में पैर पसारने की कोशिश तो की ही, देश के किसान संवर्ग का दिल जीतने का भी प्रयास किया गया। अब दिल का सौदा थोड़ा कठिन तो होता ही है। एक व्यक्ति को बड़ा सम्मान देकर करोड़ों वोट झोली में आने की सोचना बुद्धि परक नहीं कहा जा सकता।

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है। सभी राजनीतिक दलों के लिए अभीष्ट तो यह है कि वोटों के लिए सस्ते हथकंडे न अपनाएं। ठोस जनसेवा में ही रुचि लें तो राष्ट्र और समाज का भला होगा।

# दोनों पक्षों की बातचीत से निकलेगा विकल्प



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> मूवमेंट को तहस–नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है।

आंदोलित किसानों की आक्रोशित हरकतें और सुरक्षाकर्मियों का अपराधियों भांति बलपूर्वक जोर-जुल्म वाली तस्वीरें दिल को झकझोरती हैं। सोचने पर मजबूर करती हैं कि ये दृश्य आजाद भारत के हैं। क्योंकि ऐसे मूवमेंट अधिकांश अंग्रेजों को खदेड़ने के दौरान हमारे क्रांतकारी सुरक्षाकर्मी करते थे। प्रदर्शनकारी अन्नदाताओं को रोकने के लिए हजारों सुरक्षाकर्मियों ने जिस तरह से मोर्चा संभाला हुआ है।

सड़कों पर सीमेंट के बड़े-बड़े पत्थर, बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले लोहे के मोटे-मोटे राड गाड़े हुए हैं, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है। जैसे मानो पाकिस्तान या चीन से आतंकी बॉर्डर पार करके दिल्ली में दाखिल हो रहे हों और उन्हें रोकने के लिए देश की तमाम सुरक्षा एजेंसियों के हजारों जवान लगे हों? दुख होता है ये सब देखकर। वो भी ऐसे वक्त में जब हमारी तरक्की का डंका समूचे संसार में बजता हो? अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान पर पहुंचने वाले हों? प्रत्येक क्षेत्रों में देश अभूतपूर्व विकास कर रहा हो, विदेशी ताकतें हमारी शक्ति को देखकर नतमस्तक हो रही हों? इन सबके बावजूद देश का अन्नदाता आंसू गैस के गोले खाने पर मजबूर है? तो थोड़ा शक होता है।

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिल्ली के बाहर से आने वाले गंभीर मरीज राजधानी के अस्पतालों में नहीं पहुंच पा रहे? क्योंकि दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी मार्ग बंद हैं। मंगलवार को कई मरीजों ने उचित इलाज नहीं मिलने पर बॉर्डरों पर ही दम तोड़ दिया। ये ऐसी अमानवीय आपातकाल की स्थिति जिससे हमें बिना देर किए तौबा करना होगा। अन्नदाताओं पर आतंकियों जैसा जोर-जुल्म करने के बजाय, उनके साथ सार्वजनिक रूप से खुशनुमा माहौल में केंद्र सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों को बात करनी चाहिए। आंदोलन की रूपरेखा से पूर्व केंद्र के दो मंत्री पीयूष गोयल और अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों से बात जरूर की थी, पर उनसे बात नहीं बनीं? बातचीत को बीच में छोड़ना नहीं चाहिए, क्योंकि प्रदर्शनकारी किसान चाहते हैं उनसे प्रधानमंत्री या गृहमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति मंत्रणा करे। अगर प्रधानमंत्री विदेशी दौरे पर हैं, तो ऐसे में गृहमंत्री को मोर्चा संभालना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे मंगलवार को उन्होंने एनएसए चीफ और दिल्ली पुलिस आयुक्त से करीब तीन घंटे आंदोलन की स्थिति को लेकर मत्रणा की। ऐसा ही उन्हें प्रदर्शनकारी किसानों के लिए भी समय निकालना चाहिए, किसान निश्चित रूप से गृह मंत्री की बात मानेंगे।

13 फरवरी यानी मंगलवार को आंदोलित किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जब तनातनी बढ़ी तो दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों के हालात बेकाबू जैसे थे। किसान दिल्ली पहुंचने की जिद पर अड़े हैं। हालात इतने नाजुक हुए जिसे देखकर गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और दिल्ली पुलिस कमीश्नर संजय अरोड़ा को अपने कार्यालय में तलब किया। दोनों के साथ उन्होंने लंबी गुफ्तगू की। बातचीत खत्म हुई तो आंदोलित किसानों पर कड़ाई से पेश आने के निर्देश सुरक्षाकर्मियों को दिए गए। गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डर, टिगरी बॉर्डर व करनाल जीटी रोड पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर टूट ही पड़े? आंसू गैसे के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक खदेड़ा गया। जिद्दी किसान फिर भी नहीं माने? उसके बाद तो सुरक्षाकर्मियों के साथ किसानों की जमकर झपटें भी होती रहीं। दरअसल ऐसे आदेश गृह मंत्रालय को देने की आवश्यक कतई नहीं थी? अगर थोड़ा नरमाई दिखाकर एक बार उनसे उनकी बातें सुन लेते, तो हो सकता था कोई हल निकल आता। इससे हुकूमतों का अपनी जनता से बात करने में रूतबा कम नहीं होता, बल्कि प्रदर्शनकारियों की नजरों में और इज्जत बढ़ती है।

ऐसा हठधर्मी रवैया दोनों पक्षों नहीं अपनाना चाहिए, इससे नुकसान आमजनों का ही होता है। प्रदर्शनकारियों को मनाने के बजाय उन्हें अरेस्ट करके अस्थाई जेल में डालने की भी प्लानिंग गृह मंत्रालय ने कर ली है। इसके लिए दिल्ली के बवाना स्टेडियम को चुना है। किसान आंदोलन के बहाने विपक्षी पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है। विपक्ष के नेताओं के बयानों के बाद तो किसान आंदोलन में राजनीति का और जबरदस्त तड़का लग गया, लेकिन हमारी सियासत का दुर्भाग्य यही है, समस्या का समाधान खोजने के बजाय सभी अपनी राजनीति चमकाने में मशगूल हैं।

## सोशल फोरम

# हरि के सामने हर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए विपक्षी एकता तथा पीडीए को आधार बनाया है। ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, विपक्षी एकता का हसीन ख्वाब घ्वस्त होता नजर आ रहा है। नीतीश कुमार के बाद उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी का पाला बदलना, प्रदेश में विपक्षी एकता को बड़ा धक्का है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में जयंत चौधरी का प्रभाव है और उनके साथ छोड़ने से पश्चिम में सपा और कमजोर हुई है। सपा तथा कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर खटास है। सपा कांग्रेस को मात्र 11 सीट देने की बात कहकर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करती जा रही है, जबकि राहुल गांधी पदयात्रा में ही व्यस्त हैं और सपा से कांग्रेस के लिए अधिक सीट की अपेक्षा कर रहें हैं। सपा पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) को अपना वोट बैंक बताकर 90 प्रतिशत मतदाताओं को साधने का सपना देख रही है। अभी उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की तीन सीट पर अपने तीन प्रत्याशी- जया बच्चन, रामजीलाल सुमन तथा आलोक रंजन, का नामांकन कराया है जिसमें से मात्र सुमन दलित हैं शेष दोनों सवर्ण हैं। जया ने पांचवीं बार राज्य सभा का पर्चा भरा है व सुमन चार बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। आलोक रंजन अखिलेश यादव सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। गरीबों की चिंता करने वाली सपा ने किसी गरीब को प्रत्याशी बनाने की जहमत नहीं उठाई जब कि इस चुनाव में चुनाव प्रचार में एक भी पैसा खर्च नहीं होता और माननीय विधायक गण ही पार्टी के निर्देश पर मतदान करते हैं। सपा मुख्यालय लखनऊ में कल "शालिग्राम भगवान शिला" की पूजा की गई। इसे इटावा के लायन सफारी के पास बन रहे केदारेश्वर महादेव के मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संभवतः अयोध्या के रामलला की टक्कर में महादेव जी को तैयार किया जा रहा है। त्रेतायुग में महादेव भक्त रावण ने राम से टकराने का साहस किया था, परिणाम से सभी परिचित हैं। कभी भाजपा ने मंडल की काट कमंडल से की थी। आज देव से दानव नहीं, हरि के सामने हर को अखाड़े में उतारने की तैयारी हो रही है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

–फेसबुक वॉस से

# पार्टी और समाज में आवश्यक है विमर्श

पिछले दिनों मैंने देश के प्रसिद्ध चुनावी विशेषज्ञ/रणनीतिकार प्रशांत किशोर को सुना। लगा यही बात तो मैं सोच रहा था, कई बार लिखा भी कि चुनाव में हार जीत पार्टी की नहीं होती, वोटर की होती है। जब वह अपने लिए, अपने बच्चों के लिए, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए वोट नहीं करता वरन वोट करता है जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, पैसे के नाम पर, प्रचार के नाम पर, तो वह पराजित होता है, पार्टियां नहीं।

बिहार और यूपी देश में सबसे पिछड़े राज्य हैं। दक्षिण की तुलना में पूरा उत्तर भारत ही पिछड़ा है जहां चुनाव में जाति और धर्म सबसे प्रभावी मुद्दे हैं। हम अपनी कई पीढ़ियों का भविष्य खराब कर देते हैं और कभी तो देश को गुलाम बना देते है। आपसी कलह और अवैज्ञानिक सोच को मैं देश की गुलामी का प्रमुख कारण मानता हूं। प्रशांत किशोर आजकल पिछले करीब डेढ़ साल से बिहार की पद यात्रा कर रहे हैं। गांव-गांव जा रहे हैं और आगे अभी पूरा बिहार घूमने में उन्हें साल भर से ज्यादा का समय और लगेगा। वह दो काम कर रहे हैं, एक लोगों को जागृत कर रहे हैं और दूसरा एक ढांचा बना रहे है जिस पर वह आगे अपनी पार्टी खड़ी करेंगे। मैंने तमाम लोगों को स्व. कल्याण सिंह जैसे धुरंधर राजनेता को भी, अपनी पार्टी खड़ी करते देखा पर उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी, क्योंकि उनका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। भाजपा की आजकल जीत के पीछे एक प्रमुख कारण उनकी पार्टी का ढांचा भी है और कांग्रेस की हार के पीछे ऐसे ढांचे का अभाव भी है। कांग्रेस ने खुद ही ढांचा ध्वस्त किया। गांधी की कांग्रेस में ज्यादातर अध्यक्ष एक वर्ष के लिए होते थे, अपवाद स्वरूप ही दूसरा वर्ष। वर्ष 1939 में दूसरे कार्यकाल के लिए जब सुभाष बाबू ने जिद की तो गांधी के कैंडिडेट से उनका चुनाव हुआ, वह जीते पर पार्टी चला नहीं पाए, उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यहां तो सोनिया जी अध्यक्ष बनी तो छोड़ने का ही नाम नहीं लिया। कांग्रेस में पूरी की पूरी पीढ़ी खत्म हो गई, पर अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की भी दो कमजोरी समझ में आती हैं। एक तो संगठन का अभाव और दूसरा उनका अधिनायकवादी होना। अधिनायक जब तक सही सोचता है तब तक तो ठीक है, पर ऐसी पार्टी लंबी दौड़ नहीं जीत सकती। उन्होंने दिल्ली में दो सबसे महत्वपूर्ण विषय स्वास्थ और शिक्षा पर काफी ध्यान दिया तो वहां चुनाव जीत रहे हैं, पर पार्टी में विभिन्न तरह की विरोधी आवाजों के अभाव में आगे सही निर्णय लेने और प्रभावी संगठन न होने से उन्हें भविष्य में समस्या आनी निश्चित है। हर पार्टी में, हर समाज में खुले विमर्श आवश्यक हैं अन्यथा उसकी नीर-क्षीर विवेकी बुद्धि मर जाएगी और पार्टी/ समाज व्यक्ति-पूजक बनकर जड़ हो जाएगा।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

प्रशांत किशोर ने जिस तरह अमरेन्द्र सिंह की कांग्रेस को पंजाब में और जगन रेड्डी को आंध्र में और भारी बहुमत से जितवाया था, वह कमाल का मानता हूं मैं। अब उन्होंने किसी के सलाह देने, जितवाने के धंधे से अपने को उन्होंने अलग कर लिया है और आजकल बिहार में सुराज यात्रा कर रहे हैं, जन जागृति यात्रा कर रहे है। अभी उन्होंने पार्टी नहीं बनाई अभी संगठन बना रहे हैं, अभी लोगों को जाति, धर्म के बजाय अपने लिए, आने वाली पीढ़ी के लिए वोट करने हेतु उनको जागृति कर रहे हैं। उनका कहना है पार्टी भी लोग ही बनाएंगे। मैं समझता हूं कि वह सही राह पर हैं और उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। एक दिन वह जल्दी ही बिहार में राज करेंगे और उसके बाद हो सकता है वह देश को जगाए, कम से कम उत्तर भारत को जगाए।

# कुलकामधेनु : श्रीविद्या

अपने पिताजी के साथ मुझे यह सौभाग्य मिला कि मुझे देश के अनेक श्रीविद्या उपासकों के दर्शन प्राप्त हुए। मुजफ्फरनगर के पास गंगातट पर शुकताल नामक स्थान है। यहां शुकदेवजी ने परीक्षित को भागवत सुनाई थी। यहां दंडी वाला आश्रम है। सन् 1970 के आसपास यहां एक मेधावी, तपस्वी रहते थे, प्रभासभिक्षुजी। बड़े अनासक्त संन्यासी और विद्वान थे। स्वामी करपात्रीजी भी उनसे आदरपूर्वक शास्त्र-चर्चा करते थे। वे पूर्वाश्रम में प्रभासतीर्थ के पुरोहित थे। उनका मन तो उपासना में लग चुका था, किंतु चिंता थी कि गृहस्थ का काम कैसे चलेगा? उन्होंने एक प्रयोग किया, वे सात दिन तो उपासना में लगे रहते, एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु आश्चर्य यह होता कि उन्हें एक ही दिन में सात दिन के बराबर दक्षिणा मिल जाती। अब इन्होंने इस प्रयोग को पहले मासिक, फिर त्रैमासिक, फिर छह मास में एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु वहां इतना मिल जाता कि उससे गृहस्थ का काम चल जाता। उस समय का उनके द्वारा रचित एक पद्य है- याचे न कंचन न कंचन वंचयामि, सेवे न कंचन निरस्त समस्त दैन्यः। श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्रीं, देवी हृदिस्फुरति मे कुलकामधेनुः।। अर्थात् यह कैसा रहस्य है कि न तो मैं किसी से याचना करता हूं, न किसी को ठगता हूं और न ही किसी की सेवा करता हूं, किंतु मेरा दैन्य निरस्त हो चुका है। मेरे पास किसी वस्तु का अभाव ही नहीं है, पहनने को शोभायुक्त वस्त्र हैं। भोजन को सरस-मधुर व्यंजन हैं, अन्नपूर्णा जैसी पत्नी है निश्चित ही इसका रहस्य वह कुलकामधेनु भगवती ही हैं, जो मेरे हृदय में स्फुरण कर रही हैं। उनको दृढ़विश्वास हो चुका था कि मेरी चिंता व्यर्थ थी। गृहस्थ का पालन करने वाली तो जगदंबा है, उन्होंने घर छोड़ दिया। गंगा के आंचल में आ गए और उपासना में आनंदमग्न रहने लगे।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# देव दर्शन योजना के तहत हर गोवा वासी को कराएंगे अयोध्या के दर्शन

## मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अपनी कैबिनेट के साथ लिया रामलला का आशीर्वाद, बोले- यहां आकर मन प्रसन्न हो गया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मैं अपने आपको बहुत खुश नसीब समझता हूं कि मुझे रामलला का साक्षात दर्शन करने का मौका मिला। अब गोवा सरकार मुख्यमंत्री देव दर्शन योजना के तहत हर गोवा वासी को अयोध्या दर्शन कराएंगी। इसके लिए अयोध्या को भी योजना में शामिल किया गया है। यह अयोध्या का राम मंदिर नहीं बल्कि राष्ट्र मंदिर है। ये बातें गुरुवार को यहां गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता में कहीं।

**कहा- अयोध्या का राम मंदिर नहीं बल्कि यह राष्ट्र का मंदिर है**

वे अपनी कैबिनेट के साथ गुरुवार को यहां रामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे। दोपहर करीब एक बजे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में कैबिनेट की 51 सदस्यीय टीम महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंची। यहां प्रदेश के मंत्री सतीश शर्मा, अयोध्या नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सभी स्वागत किया। एयरपोर्ट से ई-बसों के माध्यम से विधायक व मंत्रियों के साथ उनका काफिला राममंदिर के लिए रवाना हुआ। मुख्यमंत्री व उनके कैबिनेट को वीवीआईपी गेट नंबर 11 से रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश कराया गया। जन्मभूमि परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सभी का स्वागत किया। राम मंदिर में सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर में फोटो भी खिंचवाई। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री, स्पीकर व कैबिनेट के साथ रामलला का दर्शन कर मन प्रसन्न हो गया। उन्होंने राम मंदिर निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। एक सवाल के जवाब में कहा कि यदि प्रदेश सरकार भूमि दी तो यहां गोवा भवन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गोवा के लोग भी यहां आकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं। इस दौरान ट्रस्ट महासचिव चंपत राय व ट्रस्ट सदस्य विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने उन्हें राम मंदिर मॉडल भेंट किया।


राम मंदिर में अपनी कैबिनेट के साथ गोवा के मुख्यमंत्री ने खिंचवाई फोटो। अमृत विचार

### पूरे गोवा में मनाया गया था उत्सव

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर पूरे देश में आनंदोत्सव मनाया गया था। महोत्सव पर गोवा भी पूरी तरह से भक्तिमय वातावरण में राममय हो गया था। गोवा के हर मंदिर में राम पूजन किया गया था। कहा कि मुझे खुशी है कि मैं गोवा की तरफ से यहां आया हूं। रामनगरी में आकर बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। राम मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने गोवा से यहां दर्शन-पूजन के लिए आए लोगों से भी मुलाकात की। हनुमानगुफा के बाद बनाई गई पंचवटी टेंट में पहुंचे मुख्यमंत्री ने लोगों से बातचीत की।


रामलला को दंडवत प्रणाम करते गोवा के मुख्यमंत्री।

### आज से दोपहर में एक घंटे विश्राम करेंगे रामलला



अयोध्या कार्यालय अमृत विचार : राम मंदिर में विराजमान रामलला को अब दोपहर में एक घंटे विश्राम करेंगे। शुक्रवार दोपहर से 12:30 बजे से 1:30 बजे तक रामलला को आरती भोग लगाने के बाद गर्भगृह का पट बंद कर दिया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पुजारी की सहमति के आधार पर दोपहर में रामलला को विश्राम कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोपहर 12:30 के बाद श्रद्धालुओं को प्रवेश को रोक दिया जाएगा। 1:30 बजे के बाद श्रद्धालु को रामलला का दर्शन कर सकेंगे। बता दें कि 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक अनवरत श्रद्धालुओं का रामलला का दर्शन कराया जा रहा था। जिसको लेकर साधु-संतों की आपत्ति के बाद ट्रस्ट महासचिव ने कहा ने इसे उचित बताते हुए कहा था कि रामलला को लगातार 15 घंटे तक जगाए रखना उचित नहीं है।

## हनुमंत लला को चढ़ने लगा देसी घी के लड्डुओं का चढ़ावा

**अयोध्या, अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में विराजमान हनुमंत लला को अब देसी घी से निर्मित लड्डू प्रसाद का चढ़ावा चढ़ने लगा है। दुकानदारों ने गुरुवार से देसी घी से बने लड्डू प्रसाद की बिक्री शुरू कर दी है।



अयोध्या धाम दौरे पर बीते दिनों आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी दर्शन के दौरान इसके लिए मंदिर प्रशासन और दुकानदारों को प्रेरित किया था। हनुमानगढ़ी के मुख्य महंथ गद्दीनशीन प्रेम दास की अध्यक्षता में साधु-संतों के साथ दुकानदारों की बैठक हुई थी। उसके बाद मंदिर प्रशासन ने बैठक कर वसंत पंचमी के दूसरे दिन से यह व्यवस्था शुरू करने की घोषणा की थी। हनुमानगढ़ी में देसी घी से निर्मित लड्डू प्रसाद के चढ़ावे की खबर 'अमृत विचार' ने ही अपने 31 जनवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। बता दें कि पहले लड्डू 200 रुपये किलो बिकता था पर अब 400 रुपये किलो में मिलेगा। लड्डू प्रसाद विक्रेता सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि 400 रुपये किलो लड्डू देशी घी के बिकेंगे। अभी तक वनस्पति घी का लड्डू 200 रुपये किलो बिकता था। सुधार होना जरूरी था।

## अपर मुख्य सचिव ने पत्नी के साथ किए रामलला के दर्शन



**कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार :** अपर मुख्य सचिव, कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी रामलला का दर्शन करने गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। दर्शन करने के बाद वह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचे।जहां उन्होंने डेयरी एवं मत्सियकी प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। अपर मुख्य सचिव ने धर्मपत्नी के साथ डेयरी प्रक्षेत्र में विभिन्न नस्ल की गायों को गुड़ खिलाया। इसके बाद मत्सियकी प्रक्षेत्र में रिसर्कुलेट्री एक्वाकल्चर सिस्टम और बायोफ्लाक सिस्टम से किए जा रहे मछली पालन का अवलोकन किया।

## राजस्थान में कई विकास परियोजनाओं का प्रधानमंत्री करेंगे शिलान्यास

**लखनऊ ब्यूरो, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को 'विकसित भारत विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे तथा प्रधानमंत्री राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास करेंगे। सभी परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत ट्रांसमिशन, पेयजल तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की हैं। प्रधानमंत्री 16 फरवरी को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिवकसित भारत विकसित राजस्थान कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।



## हत्या की आशंका, रायबरेली डीएम के आदेश पर 53 दिन बाद खोदी गई कब्र

नसीराबाद, रायबरेली

**खुलेगा राज**
- दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में करता था नौकरी, डीएम के निर्देश पर कार्रवाई

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने 53 दिन बाद शव को खोदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रकरण में परिजनों ने हत्या का संदेह व्यक्त करते हुए अभियोग पंजीकृत कराने की मांग की थी। मामला थाना क्षेत्र के गांव बभनपुर का है। उक्त गांव निवासी राम शंकर शर्मा पुत्र मीही लाल शर्मा कुछ समय से पीरागढ़ी दिल्ली स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था।

20 दिसंबर 2023 की रात में वहीं उसकी मृत्यु हो गई। उसी दिन उसने साथ में रह रही पत्नी सुमित्रा को गांव जाने के लिए बस पर बैठाया था। पड़ोसियों द्वारा सूचना पाकर दिल्ली में ही दूर रह रहे मृतक के बेटे और पत्नी वहां पहुंचे और लाश को गांव लाकर मट्टन नाले के किनारे दफन कर दिया। इसके पहले परिजनों ने दिल्ली पुलिस और नसीराबाद पुलिस को पोस्ट मार्टम न कराने का लिखित अनुरोध किया था, लेकिन बाद में मृत्यु को संदिग्ध मानते हुए थाना नांगलोई, जिला नॉर्थ वेस्ट, नई दिल्ली में मुकदमा दर्ज करवा दिया। घटनास्थल थाना मियांवाली नगर, पश्चिम बिहार दिल्ली में होने के कारण विवेचना वहां भेज दी गई। मृतक की पत्नी के अनुरोध पर जिलाधिकारी रायबरेली के आदेश के अनुपालन में गुरुवार को नायब तहसीलदार अंकुर यादव, थानाध्यक्ष राम लखन पटेल, परैया चौकी प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर वीडियोग्राफी कराते हुए शव निकलवाया और पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। मृतक की चार संतानें बेटियां ममता, मंशा और बेटा योगेश व शेखर हैं, जिनमें शेखर के अलावा सभी विवाहित हैं।

## सार-संक्षेप

### रायबरेली एम्स को दान की गई देह

**कानपुर, अमृत विचार :** जूही के गुलमोहर विहार निवासी मदनलाल एलावादी (88) आयुध निर्माणी फैक्ट्री से सेवानिवृत्त थे। उनका गुरुवार तड़के करीब तीन बजे निधन हो गया। उनके बेटे सुरेश ने देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को सूचना देकर देहदान कराने का आग्रह किया। सेंगर दंपति ने एंबुलेंस से देह एम्स रायबरेली ले जाकर दान की। वहां एनाटमी विभागाध्यक्ष डॉ.रजत शुभ्र दास ने सहयोगियों के साथ देह को स्वीकार किया। युग दधीचि देहदान अभियान द्वारा छठवीं देह एम्स रायबरेली को दान कराई गई है। इस दौरान दिवंगत मदनलाल को उनकी पत्नी शकुंतला, पुत्र और पुत्रवधू सुरेश और शैलजा, अंजू भाटिया, शानवी, सुमेश व परिजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की।



### पूर्व मंत्री जनसेवक का निधन, अंत्येष्टि आज

**कानपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री भाजपा नेता अमरजीत सिंह जनसेवक का गुरुवार को एसजीपीजीआई लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। 72 वर्षीय जनसेवक लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनकी अंत्येष्टि शुक्रवार पूर्वाह्न पैतृक गांव आदमपुर बिंदकी (फतेहपुर) में की जाएगी। वह वर्तमान में पांडु नगर स्थित आवास में रह रहे थे। वह अपने पीछे पत्नी प्रमिला सिंह एवं दो पुत्रों आशीष और अमित को छोड़ गए हैं। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद सत्यदेव पचौरी, उत्तर और दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे व शिवराम सिंह, विधायक सुरेंद्र मैथानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज सिंह, कांग्रेस के पूर्व विधायक भूधरनारायण मिश्रा, गणेश दीक्षित, नेकचंद्र पांडे ने श्रद्धांजलि दी है।



### बाइक सवार को बचाने में पलटा लोडर, 15 जख्मी

**उरई (जालौन), अमृत विचार :** चुर्खी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव के पास एक बाइक सवार को बचाने में महिला श्रमिकों को ले जा रहा लोडर गड्ढे में पलट गया, जिसमें 15 महिलाएं जख्मी हो गईं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, चुर्खी-आटा ग्रामीण मार्ग पर एक लोडर 35 महिला श्रमिकों को लेकर आटा जा रहा था। तभी नूरपुर गांव के पास सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में लोडर गड्ढे में पलट गया। हादसे में लोडर पर सवार राम सखी, लीलावती, रज्जन, बबली समेत 15 महिलाएं जख्मी हो गईं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। एसओ चुर्खी कमलेश प्रजापति ने बताया कि हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चौराहों पर लगाई होर्डिंग्स, राहुल गांधी को बताया जिगर वाला

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 18 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेगी। इसको लेकर कांजर्स कार्यकर्ताओ ने शहर में होर्डिंग्स और बैनर लगाना शुरु कर दिया है। राहुल गांधी की इस न्याय यात्रा को लेकर स्थानीय कांग्रेसी नेताओ में काफी उत्साह देखने को मिल रहा हैं। संगम नगरी में राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार को शहर के सिविल लाइंस के चौराहो पर राहुल गांधी के स्वागत को लेकर कांग्रेसियों ने जगह-जगह पोस्टर और बैनर लगाना शुरू कर दिया है। जिसमें राहुल गांधी को जिगरवाला, हिम्मतवाला और दिलवाला बताया गया है। पोस्टर लगाने वाले कांग्रेसी नेता हसीब अहमद ने कहा कि राहुल गांधी ने बड़ा दिल दिखाते हुए हर वर्ग को अपने साथ जोड़ा है।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा, सड़कों पर लगे पोस्टर**




इसलिए वह दिलावला है, राहुल गांधी ने सभी तबके को अपने साथ लेकर चल रहें हैं, जो बेहद हिम्मत का काम है इसीलिए उन्हे पोस्टर में हिम्मतवाला दिखाया गया है। साथ ही पोस्टर में राहुल गांधी को जिगरवाला भी संबोधित किया गया है। क्योंकि इकलौते राहुल गांधी ऐसे नेता हैं जो देश के सभी तबके के लोगों की बात सदन में मजबूत से रखते हैं।

## पूर्व एमएलसी तिलकराम वर्मा को छह माह की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** सर्किट हाउस का कमरा न बुक करने पर पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा को जान से मार डालने की धमकी देने के मामले में सपा के पूर्व एमएलसी तिलक राम वर्मा को कोर्ट ने छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 2000 जुर्माना भी किया है। फैसला एमपी एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार शुक्ला की अदालत से गुरुवार को हुआ। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संजय दुबे व एपीओ आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि घटना 21 जून 2013 की है। तत्कालीन सपा सांसद प्रत्याशी तिलक राम वर्मा ने पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा के सीयूजी नंबर पर फोन कर उन्हें चुनाव प्रचार के लिए सर्किट हाउस में लगातार एक कमरा आवंटन के लिए कहा। आवंटन नहीं किया तो तिलकराम आग बबूला हो गए और धमकाया। इस घटना से सिटी मजिस्ट्रेट का परिवार काफी सदमे में था। मीडिया में उछलने के बाद सपा से सांसद प्रत्याशी तिलकराम वर्मा का टिकट काट दिया गया था। हालांकि, बाद में ये एमएलसी बने थे। रिपोर्ट लिखे जाने के बाद विवेचक ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। कोर्ट ने तिलकराम को सजा दी। सजा सुनाए जाने के बाद जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने का भी आदेश दिया।

## इरफान मामला: पुलिस के दबाव में पलटा था गवाह

**कानपुर, अमृत विचार:** आगजनी कांड में गुरुवार को बचाव पक्ष की ओर से बहस जारी रही। बचाव पक्ष ने कोर्ट में कहा कि सपा विधायक इरफान की ओर से पेश गवाह पुलिस के दबाव में आकर बदल गया।



डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने मामले में बहस जारी रखी। अधिवक्ता शिवाकांत ने कोर्ट में कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से लगातार आरोप लगाया जा रहा है कि घटना के समय विधायक अपना मोबाइल किसी को देकर घटनास्थल पर गए थे, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि किसे मोबाइल देकर गए थे। बचाव पक्ष ने यह साबित कर दिया कि घटनास्थल पर विधायक व उनके भाई रिजवान मौजूद नहीं थे। कोर्ट को बताया कि विधायक की ओर से ऋषभ गुप्ता को गवाह के रूप में पेश किया गया था।

## गोरखपुर में फर्जी विधायक बनकर रौब गांठते 4 गिरफ्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने विधानसभा सचिवालय का फर्जी पास और विधायक लिखी गाड़ियां लेकर भौकाल टाइट करने वाले 4 लोगों को वाहन सहित गिरफ्तार किया है। ये चारों फर्जी पास और गाड़ियों पर विधायक लिखवाकर धौंस जमाने के साथ जालसाजी भी कर रहे थे। सभी गाड़ियों को सीज कर गिरफ्तार किए गए युवकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए लोगों में पूर्व विधायक जीएम सिंह का बेटा भी है। मामला गोरखपुर के रामगढ़ ताल, कैंट थाना क्षेत्र का है जहां पुलिस के चेकिंग अभियान के तहत मामला उजागर हुआ। बुधवार रात विधायक लिखी चार गाड़ियों को पुलिस ने जांच के दौरान रोका तो उसमें सवार युवकों ने रौब जमाते हुए भौकाल टाइट करने की कोशिश की। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो उनका रुआब कम हुआ। ये सब गाड़ियों पर विधायक या पूर्व विधायक, सांसद लिखवाकर भौकाल टाइट करते हैं। इन लोगों ने विधायक, विधानसभा सचिवालय का फर्जी पास तक बनवा रखा है। इसके सहारे ये लोग भौकाल जमाते हुए टोल टैक्स बचाने के लिए ऐसा करते थे। पकड़े गए आरोपियों में से एक सहजनवा के पूर्व विधायक देवनारायण सिंह उर्फ जीएम सिंह का बेटा भी है। जीएम सिंह बसपा सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं और वर्तमान में बीजेपी में हैं। एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि पूर्व विधायक के बेटे नवनीत सिंह और कार लेकर घूमने आए पीपीगंज के रविंद्र कुमार व विशाल यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बहराइच में खेत जा रही वृद्धा को सांड़ ने पटका, मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के हटवा गोपाल गांव में खेत जाते समय सांड़ ने उसे पटक दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हटवा गोपाल गांव निवासी सावित्री देवी (80) पत्नी जयराम गुरुवार सुबह खेत जा रही थीं। घर रास्ते में एक सांड़ ने उसे उठाकर पटक दिया। सींग में फंसाकर सांड़ ने महिला को 2-3 बार पटका जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इलाकाई लोगों ने महिला के परिजनों को सूचना दी। क्षेत्र में टहल रहे छुट्टा मवेशियों को लेकर लोगों में नाराजगी है।

## फूलन की संपत्ति पर मेरा हक, मैं ही पति: पुत्तीलाल

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार :** बेहमई कांड में फैसला आने के बाद फूलन देवी की चर्चा फिर शुरू हो गई है। खासतौर पर यमुना बीहड़ पट्टी के गांवों में बीच दिन भर फूलन के ही किस्से सुनाए जाते रहे। महेशपुर गांव के रहने वाले फूलन के पति ने फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं की।

अमराहट क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी पुत्तीलाल से वर्ष 1962 में फूलन देवी की शादी हुई थी। पुत्तीलाल की पहली पत्नी की मौत हो गई थी। फूलन से दूसरी शादी हुई थी। करीब छह साल फूलन पति पुत्तीलाल के साथ रही। पुत्तीलाल का कहना है कि फूलन से कोई संतान न होने पर उसने ही तीसरी शादी कराई थी। इसके बाद वह छोड़क़र चली गई थी। वह जाने की वजह स्पष्ट नहीं बताते। यह जरूर कहते हैं कि फूलन से उनका कभी विवाद नहीं हुआ। तीसरी शादी और बच्चे होने पर वह परिवार में व्यस्त हो गए। इस बीच फूलन से कोई संपर्क नहीं रहा। फूलन की जब दिल्ली में हत्या हुई तब वह अंतिम संस्कार के लिए गए थे, लेकिन शामिल नहीं होने दिया गया। फूलन ने जेल से बाहर आने के बाद उम्मेद सिंह से शादी की थी और साथ दिल्ली में रहती थी, लेकिन पुत्तीलाल इसे नहीं मानते हैं।


फूलन देवी के पति पुत्तीलाल।

### फूलन ने कई बार बुलाया पर नहीं गए पुत्तीलाल

- पुत्तीलाल का कहना है कि सांसद बनने के बाद फूलन ने उन्हें कई बार बुलावा भेजा था, लेकिन वह नहीं गए। वहीं महेशपुर से जाने के बाद फूलन भी कभी लौटकर नहीं आई। पड़ोस की महिलाओं ने कहा कि फूलन बहुत शांत रहती थी। पुत्तीलाल ने दबी जुबान कहा कि बेहमई कांड में नाम आने के बाद दूरी काफी बढ़ गई थी।

### फूलन की संपत्ति पर हक का मामला कोर्ट में

- वर्ष 2001 में फूलन की हत्या के बाद पुत्तीलाल ने संपत्ति पर हक जताया था। वहीं उम्मेद सिंह पति होने का दावा कर रहे हैं। पुत्तीलाल का कहना है कि फूलन का पति मैं ही हूं। संपति में हक का केस कानपुर नगर की अदालत में चल रहा है। वकील पारसनाथ पैरवी कर रहे हैं।

**बेहमई कांड** — बेहमई और गुढ़ा का पुरवा के बीच सड़कें व पुल तो बने लेकिन दिलों की दूरियां कम नहीं हुईं, कहीं गजब की नफरत तो कहीं फूलन की पूजा की जाती है

# फैसला तो आ गया, पर नफरत अभी भी नहीं गई

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार :** अब से 43 साल पहले कानपुर देहात के बेहमई गांव में डकैत फूलन देवी और उसके गैंग ने जो नरसंहार किया था, उसका फैसला तो आ गया, लेकिन दो गांवों के बीच नफरत की दीवार नहीं गिर सकी है। आज भी बेहमई गांव के लोग न तो गुढ़ा का पुरवा (फूलन का गांव) जाते हैं और न ही वहां के लोग बेहमई की तरफ झांकने की हिम्मत जुटा पाते हैं।

**43 साल में बहुत कुछ बदल गया, मगर बुजुर्गों के जेहन में नरसंहार की तस्वीर आज भी वैसी की वैसी है**


बीहड़ छोड़ने के बाद भी फूलन देवी को असलहों का शौक बरकरार रहा। (फाइल फोटो)

बेहमई गांव से गुढ़ा का पुरवा के बीच कोई चार किलोमीटर की दूरी है लेकिन दिलों की दूरी ऐसी कि कोई आज तक नहीं पाट सका। मुलायम सिंह यादव ने जब फूलन को सांसद बनाया, तब कहा था कि वह बेहमई को सैफई बना देंगे। फूलन भी बेहमई जाकर माफ़ी मांगना चाहती थीं, पर उन्हें वहां घुसने नहीं दिया गया था। इतनी नफरत थी फूलन से बेहमई से। गांव वालों का कहना है कि फूलन ने गुनहगार को मारा होता तो कोई बात नहीं, लेकिन उसने बेहगुनाहों का खून बहाया। उनकी विधवाएं अभी भी खून के आंसू रो रहीं हैं। कैसे माफ़ कर दें।बेहमई ठाकुरों तो गुढ़ा का पुरवा (कालपी) मल्लाहों का गांव है। कहते हैं कि अपने ऊपर अत्याचारों से परेशान होकर फूलन ने बंदूक उठाई थी। उसे जानकारी हुई कि उसके दुश्मन डकैत लालाराम -श्रीराम को बेहमई में शरण मिलती है और इसी कारण उसने 14 फरवरी 1981 को उस गांव में धावा बोला था। गांव को घेरकर सभी 25 पुरुषों को कुएं के पास एकत्र किया और मैदान में उन्हें लाइन में खड़ा कर उन पर गोलियों की बौछार कर दी थी। 20 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद कई डकैत मारे गए और फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में मुलायन सिंह यादव ने फूलन को मिर्जापुर से सपा का टिकट देकर सांसद बना दिया था। इसके बाद तो बेहमई ने हमेशा सपा का बहिष्कार किया। इस नरसंहार के बाद बेहमई और गुढ़ा का पुरवा के बीच नफरत की ऐसी खाई बनी जो अभी तक नहीं पट सकी है। फूलन के गांव वाले अभी भी बेहमई जाने से घबराते हैं।


गुढ़ा का पुरवा में फूलन की प्रतिमा।

# बाहरी राज्यों से खरीदेंगे उन्नत नस्ल की गाय, मिलेगा ऋण

▸▸ हरियाणा में सीखेंगे दुग्ध उत्पादन की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नंदनी योजना में चयनित जिले के छह पशुपालक बाहरी राज्यों से गाय खरीदकर डेयरी खोलेंगे। इन्हें डेयरी चलाने के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल, हरियाणा में प्रशिक्षित किया जाएगा।

पिछले वर्ष प्रदेश में पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने नंदनी योजना संचालित की थी। इससे पशुपालकों को स्वरोजगार देना है। इस क्रम में जिले में छह लाभार्थी भरत सिंह निवासी विनय खंड, अंकित सिंह ग्राम मसीडा हमीर, तृप्ति सिंह सेक्टर एच अलीगंज, अजय कुमार शुक्ला भौली बीकेटी, शिवपाल सिंह सलौली गोसाईगंज व सुमित कुमार हरिदास खेड़ा बस्तौली घुसकर का ई-लॉटरी से चयन हुआ है। यह योजना के 60 लाख रुपये से 25 देशी गाय की डेयरी संचालित करेंगे। पंजाब, हरियाणा व राजस्थान से साहिवाल, गिर, थारपारकर नस्ल की गाय खरीदेंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि इन पशुपालकों को इकाई संचालन के लिए 23 से 25 फरवरी तक राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल हरियाणा में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा।

### बर्फबारी और बारिश नहीं होने से परेशानी, वनाग्नि की घटनाओं में होगी बढ़ोतरी, काश्तकारों पर भी भारी पड़ेगी मौसम की बेरुखी

# नैनी झील के जलस्तर में कमी होने से बढ़ेगी पेयजल समस्या

संतोष बोरा, नैनीताल

**अमृत विचार :** 15 फरवरी के बाद भी नगर में बारिश, बर्फबारी नहीं हो पाई है। इसके चलते फरवरी में ही अप्रैल वाली गर्मी का एहसास होने लगा है।

हालांकि नैनीताल में पूरे वर्ष भर सुबह शाम को ठंड रहती है, लेकिन इस बार बर्फबारी नहीं होने से जहां प्राकृतिक जल स्रोत सूखने के कगार पर आ चुके हैं, वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि झील के स्तर में भी कमी आ रही है। इस बार अभी से भीषण गर्मी के भी संकेत मिलने लगे हैं, जो कि नैनीताल के भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। बारिश व बर्फबारी नहीं होने के चलते जमीन पूरी तरह से गर्म हो चुकी है। इससे फायर सीजन के दौरान जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं में भी बढ़ोतरी होगी। पर्यावरण के साथ-साथ जंगली जानवरों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। हालांकि वनाग्नि को रोकने के लिए वन विभाग ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।



नैनीझील में नौकायन का आनंद लेते सैलानी। :अमृत विचार

### वन विभाग ने कसी कमर

नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि चाइना पीक, नगर पालिका, कोसी, दक्षिणी गोला, बड़ौन, नैना, मनोरा, भवाली, उत्तरी गोला, नथवाखान समेत कई अन्य क्षेत्रों में सेंसर युक्त फायर डेंजर रेटिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। जो जंगलों की आर्द्रता बढ़ते ही अग्नि नियंत्रण कक्ष को अलर्ट करेंगे और वन कर्मी इसकी सूचना पर आसपास के जंगलों को आग से बचाने के काम में जुट जाएंगे।

### पिछले वर्ष पड़ी थी रिकॉर्ड ठंड

बता दें कि बीते वर्ष अब तक बर्फबारी चुकी थी और रिकॉर्ड ठंड ने लोगों को घरों में दुबके रहने पर मजबूर कर दिया था। लेकिन इस वर्ष लोग अब तक ठंड बारिश व बर्फबारी की आस में टकटकी लगाए बैठे हैं। बर्फबारी नहीं होने से काफी कम सैलानी नैनीताल पहुंच रहे हैं, जिसके चलते पर्यटन पर आधारित व्यापारियों के चेहरों पर हताशा देखने को मिल रही है।

### जल स्रोत सूखने से बढ़ेगा संकट

मौसम के जानकारों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में काफी बदलाव आ चुके है। बर्फबारी नहीं होने से इस बार प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखने के कगार पर आ चुके हैं, जिससे झील के जल स्तर पर भी काफी प्रभाव पड़ेगा। इस वर्ष गर्मी का एहसास भी ज्यादा रहेगा।

### फसलों की बुआई नहीं कर पाए किसान

बारिश व बर्फबारी नहीं होने से खेती भी संकट में है। नैनीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश लोगों की आजीविका खेती से जुड़ी है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में मटर, पालक, प्याज, गाजर और सभी हरी सब्जियों को लगाने का समय है। मगर बारिश नहीं होने से काश्तकार फसलों की बुआई तक नहीं हो पाई है। जिससे काश्तकार बेहद मायूस हैं।

# मातृशक्ति के बिना संपूर्ण विकास संभव नहीं : धामी

▸▸ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली के गौचर में नंदा देवी महोत्सव में मातृशक्ति को किया संबोधित

▸▸ 97 करोड़ की 260 योजनाओं का लोकार्पण व 303 करोड़ की 344 योजनाओं का शिलान्यास भी किया

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गौचर में नंदा-गौरा महोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य की मातृशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को धरातल पर उतारने का काम कर रही है। मातृशक्ति के सहयोग से राष्ट्र उन्नति के नए शिखर को छू रहा है। इस अवसर पर सीएम ने चमोली जिले में 400 करोड़ से अधिक की 604 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने गौचर हवाई पट्टी से मेला मैदान तक रोड शो किया। इस अवसर पर जनपदवासियों व छात्राओं ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। नंदा-गौरा महोत्सव को संबोधित करते हुए धामी ने कहा कि मां नंदा चमोली जनपद के साथ ही समूचे गढ़वाल और कुमांऊ में अधिष्ठात्री देवी के रूप में पूज्यनीय हैं। गौरा देवी पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिपको आंदोलन की अगुवा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान को समर्पित है। मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। इस दौरान सांसद तीरथ सिंह रावत, जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भोपाल राम टम्टा, दर्जा मंत्री रमेश गढ़िया, गढ़वाल मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय, डीएम हिमांशु खुराना, एसपी रेखा यादव, सीडीओ अभिनव शाह, जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, हिमानी वैष्णव मौजूद रहे।



चमोली के गौचर में महिला लाभार्थी को भवन की चाबी देते मुख्यमंत्री धामी। :अमृत विचार

### मुख्यमंत्री ने इन्हें किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने मत्स्य पालन में मुल्लागांव ग्वाड़ की लीला देवी, ग्राम पिंडवाली की सीता देवी, परम्परागत हस्तशिल्प में अपर बाजार चमोली की सुनीता देवी, ग्राम गमशाली की रूकमणि देवी, पर्यटन में मंडल की पूजा देवी, महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण में योगदान और तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित ग्राम मठ की चन्द्रकला तिवारी, गोपेश्वर की मीना तिवारी और शशि देवली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### भवन की चाबियां सौंपी, चेक वितरित किए

मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना में ग्राम दुआ की राजेश्वरी, कुसुम और यशोदा देवी, अटल आवास योजना में ग्राम सूकी सुराईथोटा की नन्दी देवी एवं ग्राम तोलमा सुराईथोटा की सरिता देवी को भवन की चाबियां सौंपी। ग्राम नौटी की नीमा मैठाणी को उत्कृष्ट कृषि को 25 हजार का चेक, युवक मंगल दल बूरा, लुणतरा एवं वादुक को 75-75 हजार और महिला मंगल दल आला जोखना को 37,500 हजार रुपये का चेक दिया।

# अब्दुल मलिक के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी

▸▸ ओमान, अमीरात और दुबई में मलिक की रिश्तेदारी

▸▸ विदेशी एंजेसियों को भी सौंपा मलिक का बायोडाटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कर दिया है। अब इन दोनों पिता-पुत्र की तलाश में उत्तराखंड की पुलिस के साथ ही देश के अन्य राज्यों की पुलिस और एंजेसियां भी जुट गईं हैं। विदेश भागने की आशंका पर गृह मंत्रालय ने दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी होते ही उत्तराखंड से सटे अन्य राज्यों पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। विदेशी एजेंसियों की भी अब्दुल मलिक का बायोडेटा सौंप दिया गया है।

बनभूपुरा निवासी अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद के देश छोड़ने की प्रबल संभावना है। इसकी वजह यह है कि दोनों न सिर्फ धनबल से मजबूत हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक पहुंच भी अच्छी है। 8 फरवरी को दंगा भड़कने के बाद से फरार दोनों पिता-पुत्र को पुलिस की चार टीमें उत्तराखंड के अलावा दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में तलाश रही थीं, लेकिन अभी तक दोनों पुलिस की आंखों में धूल झोंकने में कामयाब रहे हैं। पुलिस मलिक के विदेशी कनेक्शन भी तलाश रही है। इसकी वजह न सिर्फ मलिक के धंधे हैं, बल्कि राजनीतिक पहुंच भी है। ओमान, अमीरात और दुबई में भी उसकी रिश्तेदारी है। गुरुवार को कोतवाली सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि पुलिस मलिक और उसके बेटे मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हो गया है। अब वह देश छोड़ कर भाग नहीं पाएगा। उत्तराखंड पुलिस के साथ अन्य एजेंसियां भी उसकी तलाश में जुट गई हैं। जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी।



### मलिक नहीं कर रहा इंटरनेट का इस्तेमाल

हल्द्वानी : मोबाइल और नेट बैंकिंग का इस्तेमाल अब्दुल मलिक नहीं कर रहा है और न ही उसका बेटा। यही वजह है कि पुलिस दोनों तक नहीं पहुंच पा रही है। पुलिस का मानना है कि दोनों एक शातिर अपराधी की तरह बर्ताव कर रहे हैं, लेकिन ज्यादा दिन तक वह बच नहीं पाएंगे। वहीं लुक आउट नोटिस जारी होने के बाद अब दोनों का देश छोड़ पाना भी संभव नहीं है। अनुमान है कि दोनों देश में ही हैं।



नई दिल्ली में गुरुवार को किसानों के विरोध-प्रदर्शन के चलते कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है जिसके कारण गाज़ीपुर बॉर्डर के पास आमजन को भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। :एजेंसी

# सिपाही ने कराई थी पत्नी के प्रेमी की हत्या

▸▸ हत्या को दंगे में मौत का रंग देने के लिए दंगा स्थल के पास की हत्या

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के दौरान मिली पहली लाश को दंगे से जोड़ कर देखा जा रहा था, लेकिन प्रकाश की मौत दंगे का नतीजा नहीं थी। बल्कि नैनीताल पुलिस के ही एक सिपाही ने अपनी पत्नी, साले, दोस्त और साले के दोस्त के साथ मिलकर प्रकाश के सिर में तीन गोली मारी थी। प्रकाश के सिपाही के पत्नी से अंतरंग संबंध थे और वो उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में दंगा भड़का था। दंगे की अगली सुबह 9 फरवरी बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के आंवला चौकी गेट के पास छिने गांव भोजपुर सिन्हा बिहार निवासी प्रकाश कुमार सिंह उर्फ अविराज पुत्र श्याम देव सिंह की लाश मिली थी। उसके सिर के पीछे तीन गोलियां लगी थीं। हल्द्वानी कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि ऊधम सिंह नगर के खटीमा निवासी कांस्टेबल चोरगलिया थाने में तैनात है, उसकी पत्नी से प्रकाश के अवैध संबंध थे। प्रकाश ने सिपाही की पत्नी प्रियंका के साथ अंतरंग वीडियो बनाए थे और उसी वीडियो के जरिये उसे ब्लैकमेल कर रुपये वसूल रहा था।

यह बात सिपाही की पत्नी ने उसे बता दी। सिपाही के कहने पर पत्नी ने प्रकाश को फोन कर हल्द्वानी बुलाया। हत्या की साजिश पहले ही रची जा चुकी थी, लेकिन उसी रोज दंगा भड़क गया और सिपाही ने हत्या की साजिश में बदलाव कर दिया। 9 फरवरी की रात करीब 11 बजे सिपाही अपने दोस्त निवासी बनभूलपुरा, साले और साले के दोस्त के साथ आंवला चौकी गेट के पास पहुंचा और प्रकाश को तीन गोलियां मार मौत के घाट उतार दिया। सिपाही, उसके दोस्त, सिपाही के साले और साले के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि सिपाही पत्नी की तलाश की जा रही है। असलहा भी बरामद कर लिया गया है।

# सोनिया की भावुक अपील से उठ सकती सहानुभूति की लहर

**कांग्रेस** संसदीय दल की अध्यक्ष व सांसद सोनिया गांधी द्वारा राजस्थान से राज्यसभा के लिए पर्चा दाखिल करने के बाद रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से नेहरू-गांधी खानदान की एक और पीढ़ी की विदाई की इबारत लिख गई। विदाई के पहले सोनिया ने रायबरेली के निवासियों के नाम एक भावुक अपील जारी की है। इस अपील में परिवार के पीढ़ियों पुराने संबंधों की याद दिलाते हुए परिवार के नए सदस्यों का साथ देने का आग्रह भी शामिल है। लेकिन,सवाल यह है कि क्या इस भावुक अपील से सोनिया या गांधी परिवार के प्रति रायबरेली में सहानुभूति की लहर आसन्न लोकसभा चुनाव में उठ पाएगी? अपने अपील में उन्होंने दो दशक के चुनावी सफर में दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताया है। बताया है कि रायबरेली से परिवार का रिश्ता कायम रहेगा।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सोनिया गांधी ने अपने ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी की तरह ही अपने दो दशक के प्रतिनिधित्व काल में रायबरेली के विकास की चिंता की। वर्ष 2006 में उपचुनाव में उन्होंने कुल पड़े मतों का 80 प्रतिशत वोट प्राप्त कर इंदिरा गांधी की लोकप्रियता को भी पीछे छोड़ दिया था। जनता के इस प्यार को उन्होंने विकास के रूप में लौटाने की कोशिश भी अपने दो दशक के कार्यकाल में पूरी शिद्दत से की। दो दशक में करीब 15000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं रायबरेली के लिए मंजूर कराई। रेल कोच कारखाना, रेल पहिया कारखाना, आयुर्विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी), 5-5 राजमार्गों की स्वीकृति, रायबरेली लखनऊ फोरलेन आदि विकास के कार्य सोनिया गांधी की ही देन हैं।



**राजनीतिक विश्लेषण**

सोनिया गांधी रायबरेली में सांसद के रूप में कम गांधी परिवार की बहू के रूप में में ही ज्यादा आती-जाती रहीं। जब तक उनका स्वास्थ्य साथ देता रहा वह अपने लोकसभा क्षेत्र में हर तीन महीने में एक बार भ्रमण के रिवाज को जारी रखे रहीं। बहुत कम मौके ऐसे आए होंगे जब सोनिया को सार्वजनिक सभा में सिर पर पल्लू के बिना किसी ने देखा या सुना होगा। उनकी संजीदगी यहां के आम लोगों के दिलों पर राज करती है। लेकिन पिछले चुनाव के बाद से क्षेत्र में न आना भाजपा को चुनाव के लिए मुद्दा जरूर देता है। पर्चा दाखिले के बाद से ही स्थानीय भाजपा नेता हमलावर हैं। भाजपा नेता इस पराजय के डर से मैदान छोड़ना कहकर प्रचारित करना शुरू कर चुके हैं। सोनिया के भावुक अपील पर सहानुभूति उठने का दावा कांग्रेस के मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी भी कर रहे हैं। विनय ने कहा कि रायबरेली के लोग गांधी परिवार के उत्तराधिकारी को भी वैसे हाथों-हाथ लेंगे जैसे उन्होंने सोनिया को दो दशक पहले लिया था। अब यह आने वाला लोकसभा चुनाव परिणाम बताएगा कि इस भावुक अपील का असर हुआ या भाजपा का सोनिया के खिलाफ प्रचार परवान चढ़ पाया।

*-गौरव अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार*

# लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी नेशनल कॉन्फ्रेंस : अब्दुल्ला

▸▸ पार्टी प्रमुख एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने की घोषणा

▸▸ आप व टीएमसी ने भी किया है अकेले लड़ने का एलान

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी नेशनल कांफ्रेंस ने गुरुवार को घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और केंद्र शासित प्रदेश में संभावित विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी प्रमुख और लोकसभा सांसद फारूक अब्दुल्ला ने यहां यह घोषणा की। इसे विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के अलावा क्षेत्रीय गठजोड़ पीएजीडी के लिए एक झटके के तौर पर देखा जा रहा है। अब्दुल्ला ने यहां पत्रकारों से कहा कि मुझे लगता है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव एकसाथ होंगे। जहां तक सीटों के बंटवारे की बात है तो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नेशनल कांफ्रेंस अकेले चुनाव लड़ेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है।



नेशनल कांफ्रेंस पिछले साल गठित इंडिया गठबंधन का हिस्सा रही है। इसमें कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राजद, शिवसेना (यूबीटी), टीएमसी, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम और वामपंथी दल शामिल हैं। 'आप' और तृणमूल कांग्रेस ने भी कहा है कि वे क्रमशः पंजाब और पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगी। वहीं दूसरी ओर नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का घटक दल है और वह जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की छह लोकसभा सीटों में से तीन को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है।

# रियाद से लखनऊ आने वाली फ्लाइट नागपुर डायवर्ट

कार्यालय संवाददाता
सरोजनीनगर/लखनऊ

**अमृत विचार :** मौसम के बदले मिजाज के कारण गुरुवार को विमान सेवाएं प्रभावित हुईं। कोहरे के कारण रियाद से लखनऊ आने वाली फ्लाइट नागपुर डायवर्ट कर दी गई। वहीं अन्य उड़ानें दो से चार घंटे तक विलंब से रहीं।

गुरुवार सुबह अचानक घने कोहरे के कारण चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर दृश्यता कम हो गई। इसके कारण रियाद से सुबह 8:05 बजे लखनऊ आने वाली फ्लायनास की उड़ान (एक्स वाई 333) नागपुर के लिए डायवर्ट कर दी गई। इसके अलावा दिल्ली से सुबह 9 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 2107) करीब सवा 3 घंटा देरी से पहुंची। इसी तरह नागपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 7467) 2 घंटा और इंदौर से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान डेढ़ घंटा विलंब रही। अहमदाबाद से सुबह 10:25 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान दोपहर 1:10 पर लखनऊ पहुंची। देहरादून से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान दोपहर 12:25 के बजाय शाम 4:45 बजे लखनऊ पहुंची।

# बुजुर्गों के जेहन में नरसंहार की तस्वीर आज भी जीवंत

## बेहमई कांड: कोर्ट का निर्णय तो आया, लेकिन दो गांवों के मध्य दुश्मनी ज्यों की त्यों

▸▸ फूलन को अपना मानने वाले बहुतेरे, मंदिर बना की जाती है पूजा

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार :** अब से 43 साल पहले कानपुर देहात जिले के सिकंदरा तहसील के बेहमई गांव में दस्यु सुंदरी फूलन देवी व उसके गैंग ने जो नरसंहार किया था उसका फैसला तो आ गया। लेकिन, दो गांवों के बीच नफरत की दीवार वैसे ही खड़ी है। आज भी बेहमई गांव के लोग न तो गुढ़ा का पुरवा (फूलन का गांव ) जाते हैं और न ही वहां के लोग बेहमई की तरफ झांकने की हिम्मत जुटा पाते हैं । बेहमई गांव से गुढ़ा का पुरवा के दूरी करीब चार किलोमीटर है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने जब फूलन को सांसद बनाया तब कहा था कि वह बेहमई को सैफई बना देंगे। फूलन भी बेहमई जाकर माफ़ी मांगना चाहती थीं पर उन्हें वहां घुसने नहीं दिया गया था। गांव वालों का कहना है कि फूलन ने गुनहगारों को मारा होता तो कोई बात नहीं। लेकिन उसने बेहगुनाहों का खून बहाया । उनकी विधवाएं अभी भी खून के आंसू रो रहीं हैं।



बेहमई ठाकुरों तो गुढ़ा का पुरवा (कालपी) मल्लाहों का गांव है। कहते हैं अपने ऊपर अत्याचार से परेशान होकर फूलन ने बंदूक उठाई थी। उसे जानकारी हुई कि उसके दुश्मन डकैत लालाराम -श्रीराम को बेहमई में शरण मिलती है और इसी कारण उसने 14 फरवरी 1981 को उस गांव में धावा बोला था। पूरे गांव को घेरकर सभी 25 पुरुषों को कुएँ के पास एकत्र किया। फिर मैदान में उन्हें लाइन में खड़ा कर उन पर गोलियों की बौछार कर दी थी।इसमें 20 की मौत हो गई थी । उस समय वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। इस नरसंहार से सरकार हिल गई थी । इसके बाद कई डकैत मारे गए और फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में मुलायन सिंह यादव ने फूलन को मिर्जापुर से सपा का टिकट देकर सांसद बना दिया था। इसके बाद तो बेहमई ने हमेशा सपा का बहिष्कार किया।

फूलन की हत्या से पहले तक तो यदि उसके गांव वाला कोई बेहमई में दिख गया तो उसकी शामत आ जाती थी। कई बार घेर कर पीटा भी गया।

### इधर स्मारक तो उधर मंदिर

बेहमईकांड में मारे गए 20 ठाकुरों की याद में गांव में ही उस स्थान पर स्मारक बनवाया गया है जहां फूलन ने नरसंहार किया था। हर साल यहां श्रद्धांजलि सभा होती है । दूसरी तरफ गुढ़ा का पुरवा में फूलन देवी की प्रतिमा स्थापित कर उसकी पूजा की जाती है। गांव के लोग कहते हैं कि उसने अत्याचार के खिलाफ बंदूक उठाई और न जाने कितनी लड़कियों की प्रेरणा बनी ।

### वहां जाने से डरते हैं

मोहन ( गुढ़ा का पुरवा ) का कहना है कि मुझे बेहमई के पास सड़क बनाने का काम मिला था पर मैंने बिल्कुल मना कर दिया। बहुत डर लगता है। पता नहीं क्या कर दें। कई बार बेहमई में हमारे गांव वालों को घेरकर उन्हें अपमानित किया जा चुका है। वहीं सिद्धनाथ ( गुढ़ा का पुरवा ) का कहना है कि मैंने अपनी बेटी की शादी बेहमई के बगल के गांव खोजा में की है। उस गांव का रास्ता बेहमई होकर जाता है तो उधर से गुजरते जी घबराता है। लेकिन कभी कुछ नहीं हुआ। सुरेश सिंह ( बेहमई गांव ) ने बताया कि हम कभी फूलन के गांव नहीं गए। उसने तो यहां निर्दोष लोगों का खून बहाया। उसे कैसे माफ़ी दी जा सकती है। बुजुर्गों ने वह मंज़र देखा है, नई पीढ़ी क्या जाने दर्द। जिनके सुहाग उजड़ गए, उन्हें कैसे दिलासा मिलेगी।

# ओएमआर शीट सही ढंग से भरना निष्पक्षता का एक हिस्सा : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा में हुई अनियमितता के एक मामले में कहा कि निष्पक्षता किसी भी चयन प्रक्रिया की आत्मा होती है। ओएमआर शीट और उस पर दिए गए विवरण को निर्देशों के अनुसार सही ढंग से भरना निष्पक्षता का ही एक हिस्सा है।

ओएमआर को निर्देशों के अनुसार न भरने पर आने वाले परिणाम के लिए चयन प्रक्रिया को कटघरे में नहीं खड़ा किया जा सकता है।



उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने रंजीत कुमार यादव और 28 अन्य के साथ दर्जनों याचिकाओं को खारिज करते हुए की। मामले के अनुसार याचियों ने शासनादेश दिनांक 19 फरवरी 2021 के अनुसरण में शुरू की गई जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक

**▸▸ हाई कोर्ट ने खारिज की अभ्यर्थियों की दर्जनों याचिकाएं**

एवं सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया, जिसका परिणाम 15 नवंबर 2021 को घोषित हुआ, उसमें सभी याची उत्तीर्ण थे। उसके बाद कुछ शासनादेशों के आधार पर नियामक प्राधिकरण ने पहले के परिणाम को रद करने के बाद 6 सितंबर 2022 को नये परिणाम की सूची घोषित की, जिसमें याचियों का नाम नहीं था।

याचियों के अधिवक्ता का तर्क है कि प्रारंभिक परिणाम में ओएमआर शीट के त्रुटिपूर्ण होने की बात नहीं पाई गई थी। अतः यह नहीं कहा जा सकता कि नए मूल्यांकन के लिए उनकी ओएमआर शीट की जांच न की गई हो। हालांकि कोर्ट का कहना है कि प्रश्न पुस्तिका में उल्लिखित निर्देश बहुत ही स्पष्ट थे कि विषय के सामने केवल एक ही गोला भरना है, जिसका पालन याचियों द्वारा नहीं किया गया। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष दिया कि याची उत्तर पुस्तिका के बाद के सत्यापन या जांच में किसी भी कानूनी त्रुटि को इंगित करने में विफल रहे हैं। इस आधार पर कोर्ट ने सभी यचिकाएं खारिज कर दीं।

# एसटीएफ ने असलहा तस्कर को दबोचा 10 पिस्टल बरामद, सरगना रक्षित फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ अर्न्तजनपदीय स्तर पर असलहा की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई**

**▸▸ इंदौर से असलहा मंगाकर दिल्ली उत्तराखंड में भी करते थे सप्लाई**

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने बुधवार की रात मेरठ से एक असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 10 पिस्टल बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में सरगना और अन्तरराज्यीय असलहा तस्कर रक्षित त्यागी फरार हो गया। एसटीएफ उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है।



विनय त्यागी

एसटीएफ टीम ने सहारनपुर के मवाना बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पम्प के पास से असलहा तस्कर विनय त्यागी को गिरफ्तार किया। देवबंद (सहारनपुर) के रहने वाले विनय ने पूछताछ में बताया कि फरार साथी चरथावल मुजफ्फरनगर का रक्षित त्यागी था। उसके रूहाना मुजफ्फरनगर स्थित टोल पर कार्य करने के दौरान उसकी मुलाकात रक्षित त्यागी से हुई थी। उसके बाद से वह उसके द्वारा सौंपा गया कार्य करता था। वह मध्य प्रदेश से असलहा लाकर रक्षित को सौंप देता था। ऐसा दो बार वह कर चुका है। तीसरी बार वह इंदौर से असलहा लाया था। मेरठ में किसी को देना था। रक्षित उसी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एसटीएफ टीम पहुंच गई। इस दौरान वह पकड़ा गया जबकि रक्षित फरार होने में कामयाब रहा।

एसटीएस के मुताबिक विनय ने बताया कि रक्षित त्यागी कुख्यात अपराधी विक्की त्यागी का बेटा है तथा उसकी मां मीनू त्यागी जिला कारागार अम्बेडकरनगर में निरुद्ध है। विक्की त्यागी गैंग को रक्षित त्यागी ही संचालित कर रहा है। विनय त्यागी ने यह भी बताया कि रक्षित त्यागी इन्दौर (मप्र) से पिस्टल मंगवाकर मुजफ्फरनगर, मेरठ, दिल्ली एवं उत्तराखण्ड में सप्लाई करता है।

## एलिवेटेड रोड का नाम बदलकर रामसेतु किया गया

**गाजियाबाद :** नगर निगम की कार्यकारी समिति ने राजनगर विस्तार को उत्तर प्रदेश (यूपी) गेट से जोड़ने वाली 10 किलोमीटर लंबी उपरिगामी सड़क का नाम बदलकर रामसेतु करने का फैसला किया है। गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने गुरुवार को बताया कि अब इस सड़क का नाम एलिवेटेड रोड की जगह रामसेतु कर दिया गया है। यह रोड समाजवादी पार्टी की महत्वाकांक्षी परियोजना थी और इसका निर्माण 2014 में अखिलेश यादव के कार्यकाल के दौरान शुरू किया गया था। साल 2017 में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकाल में इसका उद्घाटन किया गया था।

## एक नजर

### अनियंत्रित ट्रक ने बाइक रौंदी पिता-पुत्र की मौत, एक घायल

फिरोजाबाद : जिले के थाना राजावली क्षेत्र के जलेसर फिरोजाबाद मार्ग के पास गुरुवार को अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। टूंडला के क्षेत्र अधिकारी अनिवेश कुमार सिंह के मुताबिक राजावली थाना क्षेत्र के मिलिख गांव के रहने वाले चंद्रपाल सिंह और उनके दो बेटे बाइक पर सवार होकर पेट्रोल भरवाने के लिए जलेसर फिरोजाबाद रोड पर एरई मोड स्थित पेट्रोल पंप गए थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार 65 वर्षीय चंद्रपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि 36 वर्षीय बबलू की अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। तीसरे घायल राजकुमार की हालत गंभीर है, जिसे जिला अस्पताल फिरोजाबाद से आगरा के लिए रेफर किया है।

### पानी विवाद में चाचा ने भतीजे की गोली मारकर हत्या की

कासगंज, अमृत विचार : सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव एवनपुर ताखरू में चाचा ने भतीजे को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। बचाव में आए भाई को भी गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्तपाल में भर्ती कराया है। जहां से उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना गुरुवार दोपहर की है। गांव एवनपुर ताखरू निवासी वीरेश और अवधेश सगे भाई है। दोनों भाइयों के बीच सबमर्सिबल से खेत में पानी लगाने को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पहले अपने खेत में पानी लगाने की बात कह रहे थे। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया। उसके थोड़ी देर बाद अवधेश का बेटा राघवेंद्र खेत पर गया जहां वीरेश से कहासुनी हो गई। आवेश में आए वीरेश ने भतीजे राघवेंद्र को लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# पत्नी संग सचिन ने किया ताज का दीदार

एजेंसी, आगरा

**वेलेंटाइन** डे के अगले दिन गुरुवार को पत्नी अंजलि तेंदुलकर संग सचिन तेंदुलकर ताजमहल पहुंचे। भारत रत्न सचिन तेंदुलकर एक घंटे तक ताज में रहे, जहां उन्होंने चर्चित डायना सीट पर पत्नी अंजलि के साथ फोटो खिंचवाए। सचिन के ताजमहल भ्रमण के दौरान भारी पुलिस फोर्स और निजी बाउंसर तैनात रहे।

इस दौरान क्रिकेट के भगवान को देखकर ताजमहल आए सैलानी बेकाबू हो उठे। सचिन के साथ फोटो खिंचवाने के लिए पर्यटकों में होड़ मच गई। सचिन की एक झलक पाने के लिए परेशान पर्यटक सेंट्रल टैंक के पास जमा होने लगे, लेकिन भारी पुलिस सुरक्षा के बीच सचिन और उनकी पत्नी को अलग से मुख्य गुंबद तक ले जाया गया। सचिन एक घंटे तक ताज में रहे, जहां उन्होंने ताजमहल का इतिहास जाना।



आगरा के ताजमहल का गुरुवार को दीदार करने पत्नी अंजलि संग पहुंचे सचिन तेंदुलकर चर्चित डायना सीट पर फोटो खिंचवाते हुए। :एजेंसी

## मांगें पूरी न होने पर आंदोलन में शामिल होगी भाकियू

**बागपत :** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि किसानों की मांग पूरी नहीं की तो भाकियू कार्यकर्ता आंदोलन में भाग लेंगे। किसान आंदोलन को लेकर 17 फरवरी को सिसौली में होने वाली पंचायत में रणनीति तैयार की जाएगी।

उन्होंने दोबारा से कहा कि राजनीति में दुश्मन कब दोस्त बन जाए इसका पता नहीं चलता है। भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत गुरुवार को बागपत के कासिमपुर खेडी गांव में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह के आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

# अग्रिम जमानत की राहत का उद्देश्य व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत से जुड़े एक मामले में राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि अग्रिम जमानत की राहत का उद्देश्य व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करना है। यह गिरफ्तारी की शक्ति के दुरुपयोग को रोकने और निर्दोष व्यक्तियों को उत्पीड़न से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है।

यह कानून के सामने व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा और सार्वजनिक हित की रक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती प्रस्तुत करता है। मामले की योग्यता के अनुसार ही अग्रिम जमानत आवेदन स्वीकार या अस्वीकार किया जा सकता है। उपरोक्त के मद्देनजर वर्तमान अग्रिम जमानत



**कोर्ट-कचहरी**

**▸▸ अग्रिम जमानत से जुड़े मामले पर हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी**

आवेदन योग्यता से रहित होने के कारण खारिज कर दिया गया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति कृष्णा पहल की पीठ ने रंजीत की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

मामले के अनुसार याची ने अपना नाम और माता-पिता का नाम बदलकर तीन बार पासपोर्ट के लिए आवेदन किया, जिसके कारण आईपीसी और पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धाराओं के तहत थाना बड़हलगंज, गोरखपुर में याची के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। हालांकि याची के अधिवक्ता का तर्क है कि पासपोर्ट उचित पूछताछ और जांच के बाद जारी किए गए थे। पुलिस ने याची से रिश्वत की मांग की और याची के मना करने पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई, जबकि पासपोर्ट अधिनियम की धारा 15 के तहत केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती है। जिस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सीआरपीसी की धारा 197 के अनुसार किसी लोक सेवक के खिलाफ भी पूर्व मंजूरी प्राप्त किए बिना प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है। यही शर्त समान रूप से पासपोर्ट अधिनियम में भी लागू होती है, जिसके तहत आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# वेरी-वेरी स्पेशल इशिका... आईक्यू 40... पदक 18

शब्या सिंह तोमर, बरेली

**▸▸ नेशनल फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में यूपी की टीम को गोल्ड दिलाने वाली इशिका का इरादा अब राष्ट्रीय टीम में खेलने का**

**अमृत विचार :** इशिका कोचर का आईक्यू स्तर 40 प्रतिशत है लेकिन हौसला इतना लाजवाब है कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबाल, हैंडबॉल और फ्लोरबॉल प्रतियोगिताओं में अब तक 18 पदक जीत चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने यूपी की ओर से खेलते हुए दिल्ली में 25 से 30 जनवरी तक हुई स्पेशल बच्चों की नेशनल फ्लोर बॉल प्रतियोगिता में टीम को गोल्ड मेडल दिलाया है। अब वह राष्ट्रीय टीम में अपने चयन के लिए तैयारी कर रही हैं।



इशिका कोचर

सिर्फ इशिका नहीं, उनकी मां कमलजीत कौर का हौसला भी बेमिसाल है। कमलजीत के पति मनमीत सिंह की दस साल पहले ही मृत्यु हो चुकी है। तभी से इशिका और दूसरी बेटी साइना को कमलजीत अकेले संभाल रही हैं। सुभाषनगर में रहने वाली कमलजीत कौर पेशे से शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से ही इशिका दूसरे बच्चों से अलग थी। वह काफी उत्तेजित रहती थी और उसे चोट का एहसास भी नहीं होता था। कितना खाना है, कैसे कपड़े कैसे पहनने हैं, इससे भी बेखबर रहती थी।

कमलजीत कौर के मुताबिक उम्र बढ़ने के साथ इशिका की समझदारी भी नहीं बढ़ी। स्कूल भेजने के बाद वह दूसरे बच्चों के साथ तालमेल नहीं बना पाई। पढ़ने में बहुत ज्यादा समस्याएं आने लगीं। डॉक्टर की सलाह पर उसका आईक्यू टेस्ट कराया तो वह 40 प्रतिशत से भी कम निकला। उन्हें सौ फुटा रोड पर स्पेशल बच्चों को उनकी जरूरतों और टैलेंट के मुताबिक सिखाने वाली एक संस्था के बारे में पता चला तो उन्होंने इशिका को उसमें भर्ती करा दिया। इसके बाद इशिका में बदलाव आना शुरू हो गया। खेल और कला में उसका शुरू से से रुझान था, इस संस्था में उसकी इसी प्रतिभा को निखारा गया।

अब 25 की हो चुकीं इशिका फ्लोर बॉल के अलावा वॉलीबाल और हैंडबॉल भी बहुत अच्छा खेलती हैं। अब तक जीते गए 18 पदक इशिका के हौसले की ही निशानी हैं। कमलजीत कौर बताती हैं कि इशिका अब राष्ट्रीय टीम में अपने चयन के लिए तैयारी कर रही हैं।

## वर्ग पहेली-344

**बाएं से दाएं**

1. 1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना
4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अंगीठी।
5. 1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।
6. 1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।
7. 1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना : इठलाना, लहराना।
8. पैर।
9. 1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।

**ऊपर से नीचे**

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।
3. 1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़जाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।
4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।




## वर्ग पहेली - 343 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ठ | | 2 फ | | 3 चि |
| | ह | | ल | | न |
| 4 नि | र | नु | ना | सि | क |
| | ना | | फू | | |
| | | 5 फ | ल | ही | न |
| 6 नि | खो | ट | ना | | |
| | | ना | | 7 पै | रा |

# भदोही में राहुल गांधी खेत में करेंगे रात्रि विश्राम

## मुंशी लाटपुर स्थित एक खेत में कटेगी कांग्रेस नेता की रात

एजेंसी, भदोही

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आगामी 17 फरवरी को भदोही आ रहे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और उनके काफिले को पूर्व निर्धारित विश्राम स्थल पर ठहरने के लिये प्रशासन से अनुमति नहीं मिली है। अब वह मुंशी लाटपुर स्थित एक खेत में ठहरेंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुमार दुबे ने गुरुवार को बताया कि राहुल के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को 17



**▸▸ पूर्व निर्धारित विश्राम स्थल पर ठहरने के लिए प्रशासन से नहीं मिली अनुमति**

फरवरी की रात में जिले के ज्ञानपुर क्षेत्र में स्थित विभूति नारायण इंटर कॉलेज के मैदान में ठहरना था, लेकिन जिला प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी है।

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि विभूति नारायण इंटर कॉलेज को पुलिस भर्ती परीक्षा के लिये केंद्र बनाया गया है और 17 तथा 18 फरवरी को वहां दोनों ही पालियों में परीक्षा होनी है। इसके मद्देनजर उसके प्रांगण में यात्रा को ठहरने की अनुमति नहीं दी गयी है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने जिला प्रशासन पर बाधा डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने प्रशासन को विभूति नारायण इंटर कॉलेज में यात्रा के ठहरने की सूचना एक सप्ताह पहले ही दे दी थी, लेकिन इसके बावजूद इस कॉलेज को परीक्षा केंद्र बना दिया गया, जबकि कई अन्य कॉलेज भी विकल्प के तौर पर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि राहुल और उनका काफिला अब मुंशी लाटपुर स्थित उदय चंद राय के खेत में रात्रि विश्राम करेगा। इसके लिये जिला प्रशासन से इजाजत मिल गयी है। खेत में ठहराव के लिये तैयारियां की जा रही हैं। दुबे ने बताया कि राहुल की अगुवाई में पार्टी की न्याय यात्रा चौरी के कंधिया रेलवे क्रॉसिंग से भदोही जिले में दाखिल होगी। उसके बाद राहुल इंदिरा मिल चौराहे पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद वह रजपुरा चौराहा जाएंगे जहां वह भदोही और मिर्जापुर जिलों के लोगों को जनसभा करके संबोधित करेंगे। अगले दिन वह गोपीगंज होते हुए प्रयागराज रवाना हो जाएंगे।

## सुडोकू-61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

## सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 08 .54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 08 .47 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष**: आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में उन्नति होगी। जीवनसाथी आपके कार्यों में आपका साथ देगा।

**वृष**: आज आपके परिजनों में कुछ असंतोष हो सकता है। लोग आपकी बातों का बुरा न मानें इसके लिए आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें। अत्यधिक विचार-विमर्श आपके विचारों को प्रभावित कर सकता है।

**मिथुन**: आज शाम के समय आपकी कोई समस्या हल हो सकती है। व्यापार में शानदार डील मिलने की संभावना बन रही है। आपका चित्त शांत रहेगा। नए व्यापारिक साझेदार जुड़ सकते हैं। परिवार में सुख-समृद्धि रहेगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**कर्क**: आज पैतृक संपत्ति को लेकर मनमुटाव हो सकता है। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत जीवन में न पड़ने दें। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

**सिंह**: आज नई कंपनी में जॉब या ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रयास करें। अपने काम के प्रति एकाग्र रहें। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों को लेकर अध्ययन करेंगे। कार्यक्षेत्र के माहौल में शांति रहेगी।

**कन्या**: आज अपनी समस्या को लोगों से शेयर न करें क्योंकि लोग मजाक बना सकते हैं। आपकी बातों को लोग कम महत्व देंगे। गृहस्थ जीवन में तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के व्यवहार से कुपित हो सकते हैं। बेहतर होगा की आप थोड़े सतर्क रहें।

**तुला**: आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। अचानक धन प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। ऋण कम करने में सफल होंगे। शाम को आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। अपने प्रेमी को खुश करने का भरसक प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक**: आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी आपके व्यवहार से काफी प्रसन्न रहेगा। गठिया के रोगियों का दर्द उभर सकता है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। कार्य के प्रति आपके समर्पण की प्रशंसा होगी।

**धनु**: आज आपकी मेहनत सफल होगी। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। प्रेमी जन आज काफी रोमांटिक मूड में हो सकता है। घर के वातावरण में प्रसन्नता रहेगी। बिना योजना के किसी नए कार्य को शुरू न करें।

**मकर**: आज मौसमी बीमारियों के कारण संक्रमण हो सकता है। कोर्ट-केस से जुड़े मामलों में कठिनाई आ सकती है। सरकारी नियमों की अवहेलना न करें। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ वाद-विवाद भी हो सकते हैं।

**कुंभ**: आज नई नौकरी के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। शरीर स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम वगैरह की तरफ रुचि लेंगे। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। आपके व्यवहार में आत्मविश्वास और स्वाभिमान दोनों एक साथ व्यक्त होगा।

**मीन**: आज धन को लेकर कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति की संभावना है। दांपत्य संबंधों में जटिलता रहेगी। जब तक आपसे पूछा न जाए तब तक अपनी राय व्यक्त करने से बचें। आर्थिक समस्या परेशानी का कारण बन सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
बागी — सुबह : 09 .19
एजेंट विनोद — रात : 07 .58

SONY MAX
तू झूठी मैं मक्कार — सुबह : 10 .22
ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान — रात : 09 .37

SONY PIX
जुमांजी — सुबह : 10 .53
ब्राइटबर्न — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
मशीन — सुबह : 10 .30
भीड़ — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
ग्रेट गैंबलर — दोपहर : 01 .19
शेरशाह — रात : 10 .01

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 835 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# खाद्य कीमतों के झटके और भू-राजनीतिक तनाव मुद्रास्फीति से निपटने में चुनौतियां

## गवर्नर्स सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर दास बोले-अंतिम चरण के लिए हम सतर्क

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाद्य कीमतों की तरफ से बार-बार झटके लगने और भू-राजनीतिक मोर्चे पर नए तनाव पैदा होने से मुद्रास्फीति से निपटने की राह में चुनौतियां पैदा होती हैं। दास ने यहां '59वें सीसेन गवर्नर्स सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि कहा-हम अवस्फीति (मुद्रास्फीति में गिरावट) के अंतिम चरण से निपटने के लिए सतर्क हैं क्योंकि यह अक्सर सफर का सबसे मुश्किल दौर होता है। हमारा दृढ़ मत है कि स्थिर और निम्न मुद्रास्फीति स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी आधार देगी।

उन्होंने कहा कि भारत कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर चुका है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा-विवेकपूर्ण मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों ने मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है।

आरबीआई का अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। देश के लिए यह लगातार चौथा साल होगा जब इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी। इसके साथ ही दास ने कहा कि मुद्रास्फीति वर्ष 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से अब नीचे आ चुकी है। द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए अहम खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी महीने में 5.1 प्रतिशत रही है।

### नए अवसर भी दरवाजे पर दे रहे हैं दस्तक



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए आज यहां कहा कि इससे निपटने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ तो भरपूर हैं, लेकिन नए अवसर भी दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में, केंद्रीय बैंकों को मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस माहौल में सहयोग एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की आवश्यकता है।

## भारत, नेपाल ने यूपीआई-एनपीआई को जोड़ने के लिए किया समझौता

**मुंबई, एजेंसी:** भारत और नेपाल के केंद्रीय बैंकों-भारतीय रिजर्व बैंक और नेपाल राष्ट्र बैंक ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और नेशनल पेमेंट इंटरफेस (एनपीआई) के एकीकरण के लिए समझौते किए हैं।



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बयान में कहा कि एकीकरण की औपचारिक शुरुआत या परिचालन की शुरुआत बाद की तारीख में की जाएगी। इसने कहा-इस एकीकरण का उद्देश्य दोनों प्रणालियों के उपयोगकर्ताओं को तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण को सक्षम बनाकर भारत और नेपाल के बीच सीमापार प्रेषण की सुविधा प्रदान करना है। आरबीआई ने कहा कि यूपीआई-एनपीआई एकीकरण के माध्यम से अपनी तेज भुगतान प्रणालियों को जोड़ने में भारत और नेपाल के बीच सहयोग वित्तीय कनेक्टिविटी को और गहरा करेंगे और दोनों देशों के बीच स्थायी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेंगे। आरबीआई और एनआरबी के बीच हुईं संदर्भ शर्तों के आधार पर यूपीआई और नेपाल के एनपीआई को आपस में जोड़ने के लिए आवश्यक तंत्र स्थापित किया जाएगा।

## देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 माह के उच्चस्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी:** लाल सागर संकट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जनवरी में देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 महीने के उच्चस्तर 36.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 9 महीने के निचले स्तर 17.49 अरब डॉलर पर आ गया। बृहस्पतिवार को सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, लगातार दो महीनों तक नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद जनवरी में आयात लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 54.41 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान निर्यात भी सालाना आधार पर 3.12 प्रतिशत बढ़कर 36.92 अरब डॉलर हो गया। यह तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। इसके साथ आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा 17.49 अरब डॉलर पर आ गया, जो नौ महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल, 2023 में व्यापार घाटा 15.24 अरब डॉलर रहा था। व्यापार घाटे में पिछला निचला स्तर अप्रैल, 2023 में 15.24 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में यह 17.03 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन माह में कच्चे तेल का आयात 4.33 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.56 अरब डॉलर हो गया। वहीं सोने का आयात लगभग 174 प्रतिशत उछलकर 1.9 अरब डॉलर हो गया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,225 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,100–47,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

## भारतीयों के कनाडा चीन, अमेरिका और ब्रिटेन पंसदीदा स्थल

**नई दिल्ली।** बीते वर्ष में भारतीयों के बीच कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, चीन, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका लोकप्रिय स्थलों में शामिल है। वीजा से जुड़ी सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कहा कि वर्ष 2023 में भारतीयों ने सबसे अधिक कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के लिए वीजा आवेदन किए। उसने कहा कि 2023 में दिल्ली से वीजा आवेदन में 10 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है।

## सरकार दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कर रही प्रयास

- केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 2027 तक का लक्ष्य बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भारत 2027 तक दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।



उन्होंने कहा कि घरेलू दलहन उत्पादन में पहले ही उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो 2014 के 1.7 करोड़ टन से अब काफी अधिक हो चुका है। इस साल के लिए लक्ष्य 2.95 करोड़ टन के उत्पादन का है। मुंडा ने जलवायु अनुकूल किस्मों और अन्य प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रसार की जरूरत पर भी जोर दिया। दालों की कमी को पूरा करने के लिए देश सालाना लगभग 35 लाख टन दलहन का आयात करता है। मुंडा ने यहां ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन और सहकारी संस्था नेफेड की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-भारत चने और कई अन्य दलहन फसलों में आत्मनिर्भर हो गया है।

## ईएसआई में 18.86 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ईएसआई योजना में दिसंबर 2023 में 18.36 लाख से अधिक श्रमिक शामिल हुए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि ईएसआई योजना में दिसंबर, 2023 में 18.86 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इसी माह में नये 23,347 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। आंकड़ों के अनुसार देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं क्योंकि आलोच्य अवधि के दौरान जोड़े गए कुल 18.86 लाख कर्मचारियों में से 8.83 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग तक के हैं,जो लगभग 47 प्रतिशत है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ

- आरबीआई की कार्रवाई के बाद कई दस्तावेज जमा किए

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने की आरबीआई की हालिया कार्रवाई के बाद, पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और कई दस्तावेज जमा किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत फिनटेक कंपनी में आरबीआई द्वारा चिह्नित कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि पेटीएम के अधिकारियों ने हाल ही में कुछ दस्तावेज जमा किए थे जिसके बाद उनसे कुछ सवाल पूछे गए। कुछ और जानकारी भी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। फेमा के तहत कोई उल्लंघन पाए जाने पर ही इस कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# राष्ट्रीय

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलीं-इलाके में शांति बहाली के लिए की गई आवश्यक कार्रवाई

# संदेशखालि मामले में दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अशांत संदेशखालि में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए हरसंभव आवश्यक कार्रवाई की गई है। बनर्जी ने राज्य विधानसभा में कहा कि अशांत संदेशखालि क्षेत्र में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचारों को लेकर जिस क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हो रहा है, उसका जिक्र करते हुए बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि उन्होंने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही होने देंगी। उन्होंने कहा-हम संदेशाखालि की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। किसी भी गलत काम में शामिल किसी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। मैंने वहां राज्य महिला आयोग को भेजा है और संदेशाखालि के लिए एक पुलिस दल गठित किया है। बनर्जी ने कहा-क्षेत्र में अशांति फैलाने के लिए एक भयानक साजिश रची जा रही है और राज्य सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की है। बुधवार को सातवें दिन संदेशखालि में विरोध प्रदर्शन जारी रहा, बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की।

### बंगाल पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखालि जाने से रोका

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी को बृहस्पतिवार को संदेशखालि जाने से रोक दिया। जिस वाहन में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और तीन अन्य भाजपा विधायक सवार थे, उसे संदेशखालि जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले रामपुर गांव में पुलिसकर्मियों के एक दल ने रोक दिया। अधिकारी ने कहा कि कुल चार विधायक इलाके में जा रहे थे इसलिए निषेधात्मक आदेश के उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले, अधिकारी और पांच अन्य भाजपा विधायकों को सोमवार को संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोक दिया गया था।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने संदेशखालि का किया दौरा

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि का दौरा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि वहां के लोगों ने आयोग के सदस्यों के साथ अपने 'खौफनाक अनुभव' साझा किए। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचार किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हलदर के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने उस क्षेत्र के निवासियों से बात की, जहां मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़े समुदायों के लोग रहते हैं। दौरे के बाद हलदर ने कहा कि हमने विभिन्न लोगों से बात की जिन्होंने अपने साथ हुए खौफनाक अनुभवों के बारे में बात की।

## पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत अर्जी खारिज

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात एवं रंगदारी के मामले में अभियुक्त बनाए गए पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत याचिका आज खारिज कर दी।

▸▸ विश्वासघात एवं रंगदारी के मामले में कोर्ट ने दिया झटका

सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित पटना की विशेष अदालत के प्रभारी न्यायाधीश आशुतोष खेतान ने यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें जमानत पर मुक्त किए जाने से इनकार कर दिया। पूर्व सांसद की ओर से विशेष अदालत में 13 फरवरी 2024 को आत्म समर्पण सह जमानत याचिका दाखिल की गई थी लेकिन जमानत अर्जी पर बहस नहीं की गई थी।

## रजिस्ट्रार जनरल को मिला बम की धमकी वाला ईमेल

- धमकी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की बढ़ाई गई सुरक्षा
- वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मामले के बारे में दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद अदालत में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को बुधवार को उनके आधिकारिक अकाउंट में ईमेल मिला। बलवंत देसाई नामक व्यक्ति द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को 12 फरवरी को भेजे गए ईमेल में आगाह किया गया है कि गुरुवार को एक बम धमाका होगा और यह दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। ईमेल में लिखा है कि यह दिल्ली में सबसे बड़ा विस्फोट होगा। मंत्री को भी फोन करो, सबको उड़ा दिया जाएगा। इस ईमेल को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल के बाद उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के सक्षम प्राधिकरण ने मामले को गंभीरता से लिया है और आयुक्त से उच्च न्यायालय परिसर में और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है। वहीं उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने मामले की विस्तृत जांच कराने और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट सौंपने की मांग की है।

## भाजपा के नंदकिशोर सर्वसम्मति से बने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से गुरुवार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया । विधानसभा में सभाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने श्री यादव के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा की । इसके बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव श्री नंदकिशोर यादव को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए और उन्हें आसन पर बैठाया । इससे पहले उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन के नेता और तेजस्वी प्रसाद यादव को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान की जाने की घोषणा की। इसके बाद सभाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू करते हुए सभाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन होने की सदन को सूचना दी।

## एक नजर

### किसानों के लिए खोलें सोयाबीन-चना खरीद केंद्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने महाराष्ट्र सरकार से यवतमाल, चंद्रपुर और विदर्भ जिलों में सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने को कहा है, जहां ज्यादातर किसान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने से इसकी खेती में लगे क्षेत्रीय किसानों को लाभ होगा। महाराष्ट्र के सहकारिता, विपणन और कपड़ा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी किसानों की शिकायत और ऐसे खरीद केंद्रों की उनकी मांग के बारे में सूचित किया गया।

### यूएपीए संबंधी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले व्यक्तियों और समूहों ने गुरुवार को अचानक उच्चतम न्यायालय में अपनी याचिकाएं वापस ले लीं और कहा कि उन्होंने उचित मंचों पर जाने का निर्णय लिया है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने बुधवार को आठ याचिकाएं वापस लेने की अनुमति दे दी।

## कोर्ट का 182 साल जेल की सजा टाल रहे कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार

- हाईकोर्ट ने कहा-निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भूखंड खरीददारों से ठगी करने के मामले में 182 साल जेल की सजा को टाल रहे एक रियल एस्टेट कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा है कि इसे प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, नियमित रूप से विस्तारित किए जाने वाला अधिकार नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा कि निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता और महज इस आधार पर पैरोल को अनंत काल तक जारी रखने की व्यक्ति द्वारा की जा रही कोशिशें दिल्ली कारागार नियम, 2018 के तहत 'फर्लो' एवं 'पैरोल' प्रदान करने की योजना के खिलाफ होगी।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा-मौजूदा मामले में, याचिकाकर्ता दिल्ली कारागार नियम, 2018 के अनुरूप पैरोल प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकार के समक्ष अर्जी लगाए बिना, कानूनन सुनाई गई सजा को वर्षों से टाल रहा है। उन्होंने कहा कि रिट याचिकाओं के जरिये पैरोल के स्वतः विस्तार को नियमित नहीं माना जा सकता, जो करीब चार साल से जारी है। तिरुपति



एसोसिएट्स के राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय का यह आदेश आया है। कुमार ने छह महीनों के पैरोल के लिए अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा-पैरोल प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, और उपरोक्त अवधि के लिए नियमित रूप से पैरोल अधिकार नहीं है...। याचिकाकर्ता के अनुसार, वह सात साल हिरासत में रह चुके हैं। उन्हें एक उपभोक्ता मंच ने भूखंड खरीददारों के एक संघ द्वारा दायर किये गये मामले में 182 साल जेल की सजा सुनाई है। कुमार ने दलील दी कि उच्च न्यायालय के 13 सितंबर 2019 के एक आदेश पर उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया और मामले को सुलझाने के उनके आश्वासन के मद्देनजर समय-समय पर इसे विस्तारित किया गया। पिछला आदेश इस साल 10 जनवरी को जारी किया गया था।

## एनआईए ने महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापे मारे

**आईएसआईएस षड्यंत्र मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिमी घाट क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की साजिश से संबंधित एक मामले में महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापों के बाद बृहस्पतिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में नौ जगहों पर अनेक संदिग्धों के आवासों पर छापों के दौरान मोहम्मद जोहेब खान को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान मामले से संबंधित अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। प्रवक्ता ने कहा कि खान के खिलाफ मामला एनआईए मुंबई द्वारा इस जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया था कि उसने और उसके साथियों ने आईएसआईएस खलीफा के लिए काम करने की शपथ ली थी।

## गुजरात में दो समूहों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत, 30 लोगों पर मामला दर्ज

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज शहर में दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात खोडियार कुवा इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक विजय पटेल ने कहा-मयूर भोई और इमरान कादरी नाम के दो व्यक्तियों के बीच पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद झड़प हुई। जिसमें राजू भोई नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''राजू की हत्या के आरोप में 30 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें से 17 लोगों की पहचान कर ली गई है।

## राजस्थान : छात्रा से दुष्कर्म मामले में चार आरोपी छात्र गिरफ्तार

कोटा, एजेंसी : राजस्थान की कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने गुरुवार को चार आरोपी छात्रों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने बताया कि मंगलवार को एक नाबालिग कोचिंग छात्रा ने कुन्हाड़ी थाने में जाकर शिकायत दर्ज की थी कि एक कोचिंग छात्र ने उसे 10 फरवरी को अपने फ्लैट पर बुलाया था जहां उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस शिकायत के बाद पुलिस सक्रिय हुई और पीडिता द्वारा बताए नामों के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार छात्र कोटा में रहकर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए कोचिंग कर रहे हैं और सभी मूल रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हालांकि सुरक्षा कारणों से उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान नहीं की गई है। कोचिंग छात्रा भी मेडिकल संस्थान में प्रवेश के लिए कोचिंग कर रही है। पीड़िता ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

# अयोग्यता के मामले में अजित गुट की जीत

- महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने खारिज की सभी याचिकाएं
- नार्वेकर बोले-संख्या बल के हिसाब से अजित गुट असली एनसीपी

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि अजित पवार की अगुवाई वाला समूह उस समय असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) था, जब पार्टी में जुलाई 2023 में दो गुट उभरे थे, और अजित तथा शरद पवार नीत खेमों की अयोग्यता याचिकाएं खारिज कर दीं।

नार्वेकर ने यहां विधानमंडल परिसर में अपने फैसले में कहा-(विधायकों की) अयोग्यता का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। अजित पवार के अपने समर्थकों के साथ जुलाई 2023 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अयोग्यता याचिकाएं शरद पवार और उनके भतीजे



अजित पवार नीत प्रतिद्वंद्वी खेमों ने दायर की थीं। नार्वेकर ने फैसले में कहा कि पार्टी संस्थापक शरद पवार के फैसलों पर सवाल उठाना या उनकी इच्छा की अवहेलना करना दल-बदल नहीं है बल्कि यह केवल एक आंतरिक असहमति है।

उन्होंने कहा कि दल-बदल रोधी प्रावधानों से संबद्ध संविधान की 10वीं अनुसूची का इस मामले में दुरूपयोग किया गया। पार्टी नेतृत्व बड़ी संख्या में सदस्यों को अयोग्य करार दिए जाने की धमकी देकर उनकी असहमति की आवाज दबाने के लिए 10वीं अनुसूची का इस्तेमाल नहीं कर सकता। फैसले में कहा गया है कि राकांपा में (जुलाई 2023 में) हुआ घटनाक्रम स्पष्ट रूप से पार्टी की अंदरूनी असहमति थी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में टूट होने के समय अजित पवार गुट में ज्यादातर विधायक होने से उनका खेमा असली एनसीपी है। कहा कि अजित पवार खेमे के फैसले ने राकांपा की इच्छा को प्रदर्शित किया। पिछले हफ्ते, अजित पवार नीत पार्टी को असली राकांपा करार देने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद नार्वेकर का यह निर्णय आया है।

# भारतीय टेस्ट कैप पाकर भावुक हो गए सरफराज और जुरेल

## राहुल के चोटिल होने, अय्यर के बाहर और विराट की अनुपस्थिति के कारण टेस्ट टीम में मिली जगह

राजकोट, एजेंसी



**311** वें टेस्ट क्रिकेटर बने सरफराज

**312** वें खिलाड़ी बने ध्रुव जुरेल

भारतीय टीम में गुरुवार सुबह तब भावनाएं पड़ी जब सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले टेस्ट कैप सौंपी गई। मुंबई की तरफ से अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।

केएल राहुल के चोटिल होने, श्रेयस अय्यर को बाहर किए जाने तथा विराट कोहली की अनुपस्थिति से सरफराज को टेस्ट टीम में जगह मिला। दूसरी तरफ केएस भरत के बल्लेबाजी में लगातार लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश के जुरेल का विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में चयन तय माना जा रहा था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत लगभग 47 है। सरफराज भारत के 311वें और जुरेल 312वें टेस्ट क्रिकेटर बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। कुंबले ने कहा कि सरफराज जैसे आगे बढ़े उस पर हमें गर्व है। आपने जो हासिल किया मुझे विश्वास है कि आपके पिता और परिवार को गर्व होगा। आपसे पहले केवल 310 लोग टेस्ट खेले हैं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। जुरेल को पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने टेस्ट कैप सौंपी। कार्तिक ने कहा कि आगरा से आना और छोटी उम्र में नोएडा जाना और आपके साथ आपकी मां का होना। इस यात्रा में कुछ मुश्किलें जरूर आई होंगी। इस यात्रा में कई लोगों ने आपकी मदद की होगी और मुझे यकीन है कि आज आपको देखकर वे खुश हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि आपने विभिन्न प्रारूप में मैच खेले होंगे लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे कड़ा प्रारूप होता है और जब आप इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है।

### पिता के सामने खेलना चाहता था: सरफराज

सरफराज का सपना पिता के सामने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना था। उनका सपना गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण से साकार हुआ। स्टेडियम में मौजूद उनके पिता नौशाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। सरफराज ने कहा कि मैदान पर आना और पिता के सामने कैप लेना और उनके सामने भारतीय टीम के लिए खेलूं। पिता के सामने भारत के लिए खेलने से अधिक रन और प्रदर्शन मायने नहीं रखते।

# टी-20 विश्व कप तक भारत के मुख्य कोच राहुल और टीम के कप्तान रहेंगे रोहित : शाह

राजकोट, एजेंसी



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राहुल द्रविड़ इस साल जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच बने रहेंगे। द्रविड़ का अनुबंध पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था, लेकिन उन्हें कार्यकाल तय किए बिना उनके सहयोगी स्टाफ के साथ दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के दौरे तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया था। शाह ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप तक द्रविड़ को मुख्य कोच बनाए रखने का फैसला करने से पहले इस पूर्व कप्तान से बातचीत की। शाह ने कहा कि विश्व कप के बाद राहुल को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना पड़ा। आप राहुल द्रविड़ जैसे सीनियर के अनुबंध को लेकर चिंतित क्यों हैं। वह टी-20 विश्व कप में भी कोच बने रहेंगे। शाह ने हालांकि संकेत दिए कि टी20 विश्व कप से पहले उनके बीच कुछ दौर की बातचीत होगी।

### रोहित की अगुवाई में भारत टी-20 विश्वकप जीतेगा

जय शाह ने भारत की कप्तानी पर कहा कि उन्हें भरोसा है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत खिताब जीतेगा। शाह ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम करने के कार्यक्रम में कहा कि हम भले ही 2023 वनडे विश्वकप का फाइनल हार गए हों, लेकिन हमने लगातार 10 मैच जीतकर दिल जीत लिया। मुझे विश्वास है कि भारत बारबाडोस में रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्वकप जीतेगा। शाह ने टी-20 विश्वकप के लिए रोहित को कप्तानी की कमान सौंपने के फैसले के बारे में यह जानकारी दी।

## खेल डायरी

### डब्ल्यूपीएल 2 : यूपी वारियर्स से जुड़े अभय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रह चुके अभय शर्मा 23 फरवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र से पहले यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग कोच के रूप में जुड़ गए हैं। रेलवे के पूर्व रणजी कप्तान अभय ने पिछले घरेलू सत्र में दिल्ली की रणजी टीम को कोचिंग दी थी। वह भारत ए और भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। इंग्लैंड के जॉन लुईस यूपी वारियर्स के मुख्य कोच हैं। डब्ल्यूपीएल के सूत्र ने कहा कि अभय यूपी वारियर्स के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ गए हैं। अभय 54 साल के हैं और उन्होंने 1988 से 2003 के बीच 89 प्रथम श्रेणी मैच खेले। यूपी वारियर्स की टीम बेंगलुरू में ट्रेनिंग कर रही है। डब्ल्यूपीएल का पहला चरण बेंगलुरू में होगा जिसके बाद दूसरा और अंतिम चरण दिल्ली में खेला जाएगा।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम आस्ट्रेलिया से 4-6 से हारी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल भी भारतीय पुरुष हॉकी टीम के काम नहीं आए, जिसने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम क्वार्टर में 3 गोल गंवा दिए और 4-6 से हार गई। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 12वें और 20वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागे जबकि सुखजीत सिंह ने 18वें और मंदीप सिंह ने 29वें मिनट में मैदानी गोल से 4-2 से बढ़त बनाई थी। अंतिम क्वार्टर में मैच का रूख बदल गया। आस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स ने दूसरे मिनट दो गोल, अरान जालेवस्की ने 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से, लाचलान शार्प ने 52वें मिनट में, जैकब एंडरसन ने 55वें और जैक वेल्च ने 58वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। आस्ट्रेलिया ने दूसरे ही मिनट में दो गोल करके भारत को हैरान कर दिया था।

### फीफा रैंकिंग में भारत खिसककर 117वें स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम हाल में एएफसी एशियाई कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गुरुवार को फीफा रैंकिंग में 15 पायदान खिसककर 117वें स्थान पर पहुंच गई जो 7 साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है। भारत एएफसी एशियाई कप में अपने सभी तीनों ग्रुप मैच गंवा बैठा था। यह भारत की जनवरी 2017 में 129वीं रैंकिंग के बाद सबसे खराब रैंकिंग है। अब तक देश की सबसे खराब रैंकिंग 2015 में 173 थी। भारत ने पिछली रैंकिंग से 35 .63 रेटिंग अंक गंवा दिए। अब यह टोगो (116वीं रैंकिंग) और गिनी बिसाऊ (118वीं) के बीच में है। एशियाई देशों में भारत की रैंकिंग 22 है। कोच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में भारत एशियाई कप में आस्ट्रेलिया से 0-2, उज्बेकिस्तान से 0-3 और सीरिया से 0-1 से हार गया था जिससे उसे कोई अंक नहीं मिला और टीम इसमें कोई गोल भी नहीं कर पाई।

### कोलमैन को हराकर नागल क्वार्टरफाइनल में



बेंगलुरु ओपन

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के दूसरे वरीय सुमित नागल को गुरुवार को हांगकांग के कोलमैन वांग से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन वह एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले को जीतकर बेंगलुरू ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। नागल ने 6-2, 7-5 से जीत हासिल की। नागल ने पहले सेट में 2-0 की बढ़त बनाई। नागल को फिर आठवें गेम में एक और ब्रेक मिला, जिससे उन्होंने पहला सेट 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में वोंग ने नागल को संघर्ष कराया। पहले चार गेम में दोनों ने अपनी सर्विस पर गेम जीते। कोलमैन ने पांचवें गेम में नागल की सर्विस तोड़ी, जिससे इस टूर्नामेंट में पहली बार नागला ने अपनी सर्विस 'ड्राप' की। नागल ने छठे गेम में सर्विस ब्रेक कर स्कोर 3-3 कर दिया। सातवें गेम में नागल 0-40 से पीछे थे और वोंग ने दो विनर जमा दिए। नागल ने खेल में सुधार करते हुए स्कोर 'ड्यूस' किया और 4-3 से आगे हो गए। नागला को 10वें गेम में मैच खत्म करने का मौका मिला लेकिन वोंग ने दोनों मैच प्वाइंट बचा दिए। नागल ने 12वें गेम में तीसरे मैच प्वाइंट में मौका नहीं गंवाया। वोंग ने 40-30 पर मजबूत वॉली लगाई पर नागल ने फोरहैंड क्रॉस कोर्ट विनर से मैच अपने नाम किया।

# रोहित और जडेजा के शतक से भारत संभला

## भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर गंवाए तीन विकेट

राजकोट, एजेंसी



कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने गुरुवार को शतक जड़कर न सिर्फ टीम को शुरुआती झटकों से उबारा बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच का पहला दिन भी भारत के नाम किया। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 5 विकेट पर 326 रन बनाए हैं। रोहित (131) और जडेजा (नाबाद 110) ने चौथे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी की। यह भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ चौथे विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इन दोनों के अलावा अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने 66 गेंद पर 62 रन की मनोरंजक पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय जडेजा के साथ नाइट वॉचमैन कुलदीप यादव एक रन पर खेल रहे थे।



रोहित और जडेजा ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर यशस्वी जायसवाल (10), शुभमन गिल (00) और रजत पाटीदार (05) के विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। रोहित और जडेजा ने सहजता से रन बटोरे। वुड को हालांकि सुबह के सत्र में थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था लेकिन बाद में उन्होंने शॉर्ट पिच गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ली। रोहित ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर दो रन लेकर 11वां टेस्ट शतक पूरा किया जो इंग्लैंड के खिलाफ उनका तीसरा शतक है। रोहित ने रेहान को निशाने पर रखा, लेकिन वुड ने शॉर्ट पिच गेंद करना जारी रखा। रोहित इस तेज गेंदबाज की एक और शॉर्ट पिच गेंद को सबक सिखाने के प्रयास में मिड विकेट पर बेन स्टोक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 196 गेंद पर 14 चौके और 3 छक्के लगाए। जडेजा ने शतक के करीब पहुंचने के बाद धीमी बल्लेबाजी की। उन्होंने 198 गेंद पर अपने टेस्ट कॅरियर का चौथा शतक बनाया। उन्होंने लेग साइड में रन बटोरे तथा विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। जडेजा ने अब तक 212 गेंद पर 9 चौके और 2 छक्के जड़े हैं। सरफराज को देखकर नहीं लगा कि वह पहला टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी की तथा चारों तरफ शॉट लगाया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली की गेंद पर छक्का मारकर 48 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। जब लग रहा था कि सरफराज बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे तब जडेजा के साथ गफलत के कारण उन्हें रन आउट होना पड़ा। उन्होंने 66 गेंद में 9 चौके और 1 छक्का लगाया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही जबकि वुड ने सुबह के सत्र में 2 और हार्टली ने 1 विकेट लेकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। वुड की गति और पिच से मिल रहे मूवमेंट के कारण भारत को शुरू में कुछ करारे झटके लगे। पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए तथा वुड की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे। विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक बनाकर वापसी करने वाले गिल को वुड ने खाता भी नहीं खोलने दिया। उन्होंने विकेटकीपर बेन फॉक्स को आसान कैच दिया। गिल की पारी केवल नौ गेंद तक सीमित रही। भारत का स्कोर तब 3 पर 33 रन हो गया। नंबर 4 पर आए पाटीदार ने हार्टली की गेंद पर शॉर्ट कवर पर खड़े बेन डकेट को कैच दिया। दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित का भाग्य ने साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें पगबाधा दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस से पता चला की गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई थी। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित तब 27 रन पर खेल रहे थे।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- रोहित और जडेजा ने 204 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला, सरफराज ने दिया 62 रन का योगदान
- इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर लिए 3 विकेट, हार्टली ने भी 1 विकेट लिया

### जडेजा ने सरफराज से मांगी माफी

**राजकोट।** रविंद्र जडेजा ने तीसरे टेस्ट के पहले दिन रन के लिए बुलाने के गलत फैसले के लिए सरफराज खान से माफी मांगी, जिससे वह रन आउट हो गए। 1 रन के लिए बुलाने के जडेजा के गलत फैसले से सरफराज गेंदबाजी छोर पर रन आउट हो गए। जडेजा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'सरफराज के लिए बुरा लग रहा है। यह मेरा गलत फैसला था, आप अच्छा खेले।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी)** 326/5 (86 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा (खेल रहे) | 110 | 212 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट (मार्क वुड) | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव (खेल रहे) | 01 | 10 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** (बाई-1, लेगबाई-3, नो बॉल -2, वाइड-1) 07, **विकेट पतन :** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, **गेंदबाजी :** जेम्स एंडरसन 19-5-51-0, मार्क वुड 17-2-69-3, टॉम हार्टली 23-3-81-1, जो रूट 13-1-68-0, रेहान अहमद 14-0-53-0

# डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फिर से निलंबित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि संजय सिंह की अगुआई वाली संस्था को बहाल करने से पहलवान 'खतरे और उत्पीड़न' के दायरे में आ गए हैं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। बजरंग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल में साझा किए पत्र में लिखा कि इस फैसले से भारतीय पहलवान एक बार फिर डब्ल्यूएफआई सदस्यों से खतरे और उत्पीड़न के दायरे में आ गए हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था। कई अड़चनों के बाद अंततः डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए और संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बजरंग ने कहा कि हम पहलवान आपसे अनुरोध करते हैं कि विभिन्न माध्यमों से अनुचित कार्यों और उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करें। भारतीय पहलवान न्याय और निष्पक्ष एवं सुरक्षित खेल के अपने अधिकारों के लिए आपकी ओर देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप भारत में स्वच्छ और निष्पक्ष खेल गतिविधियों का समर्थन तथा डब्ल्यूएफआई के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के हमारे अनुरोध पर विचार करेंगे।

# भारतीय पुरुष टीम चीन से 2-3 से हारी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय पुरुष टीम को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी की कमी खली, जिससे उसे गुरुवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप (बीएटीसी) के ग्रुप मैच में चीन से 2-3 से हार मिली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने अपने एकल मुकाबले जीते लेकिन चीन ने दोनों युगल मुकाबले जीतकर स्कोर 2-2 कर दिया और अंतिम मैच में चिराग सेन को वांग झेंग जिंग से हार मिली, जिससे भारत मुकाबला गंवा बैठा। पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुकी भारतीय टीम ग्रुप में दूसरी रही और चीन ने शीर्ष स्थान पाया। पता चला है कि सात्विक और चिराग को टीम प्रबंधन ने आराम दिया था क्योंकि भारत पहले ही हांगकांग पर 4-1 की जीत से क्वार्टरफाइनल में जगह बना चुका था। प्रणय ने वेंग पर जीत दर्ज कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पहले युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला एक गेम जीतने के बावजूद चेन बो यांग और लियू यिन से पराजित हो गए। लक्ष्य सेन ने फिर लेई लान जि को हराकर भारत को वापसी कराई। लेकिन सूरज गोआला और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय की जोड़ी को दूसरे युगल में रेन जियांग यु और जि हाओ नान की जोड़ी से हार मिली, जिससे स्कोरलाइन 2-2 हो गई। निर्णायक मैच में चिराग भारत के लिए मैच नहीं जीत सके।

बीएटीसी



# बॉलीवुड हलचल



## शैतान का गाना खुशियां बटोर लो रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो रिलीज हो गया है। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत'। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

## आलिया भट्ट की सीरीज पोचर का ट्रेलर जारी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट निर्मित फिल्म पोचर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'पोचर' अमेज़न प्राइम वीडियो की ओरिजिनल क्राइम सीरीज़ है। इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।' पोचर' को आलिया भट्ट ने प्रोड्यूस किया है . वहीं, निर्देशक रिची मेहता है। यह सीरीज असल घटना पर बनी है, इसकी कहानी एक हाथी के इर्द-गिर्द घूमती है। पोचर 23 फरवरी को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। पोचर को हिंदी के साथ इंग्लिश, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। 'पोचर' के ट्रेलर में हाथियों की लगातार हो रही हत्या की एक झलक दिखाई गई है। इस अवैध शिकार में पुलिस वालों के साथ तमाम लोग इस गिरोह में शामिल होते हैं। इस गिरोह पर जांच बैठती है।

## मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री



बॉलीवुड में जब भी खूबसूरती की का जिक्र होता है मधुबाला के बाद माधुरी दीक्षित का नाम आना लाजमी है। 90 के दशक में माधुरी के नाम का डंका बजता था और वो न केवल सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री थीं बल्कि कई सुपरस्टार्स से अधिक फीस लिया करती थीं। फिल्म तेजाब का गाना एक, दो, तीन पर माधुरी ने ऐसा डांस किया कि जिसे आज भी उदाहरण की तरह देखा जाता है। इस फिल्म के साथ ही माधुरी की स्टारडम की जर्नी भी शुरू हो गई थी। शादी के बाद जब माधुरी भारत छोड़ कर चली गईं तो उनके फैंस बेहद निराश हुए थे और शायद उन्हीं के लिए वो लौट आईं। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म अबोध से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि उनकी इस फिल्म में उन्हें खास पसंद नहीं किया गया। 1988 में आई फिल्म तेजाब उनके लिए जैकपॉट साबित हुई। इस फिल्म में माधुरी ने अपनी काबिलियत साबित की। उनके डांस के लोग दीवाने हो गए। फिल्म के आइकोनिक सॉन्ग 'एक-दो-तीन' का आज भी कोई जवाब नहीं है। तेजाब के बाद बेटा और दिल जैसी फिल्मों के साथ माधुरी बॉलीवुड पर छा गईं। इसके बाद आई राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' जिसकी सफलता ने माधुरी को लेडी सुपरस्टार बना दिया। करियर के पीक पर माधुरी ने 1999 में डॉ श्रीराम नेने से शादी की और फिर अमेरिका चली गईं। इस बात से उनके फैंस बेहद निराश हुए, लेकिन 2007 में माधुरी ने 'आजा नचले' से कमबैक किया और फिर कई सारी सफल फिल्में दीं।

## एकता कपूर ने की मोशन पोस्टर के साथ लव, सेक्स और धोखा 2 की घोषणा



फिल्मकार एकता कपूर ने लव, सेक्स और धोखा की अगली किस्त की घोषणा की। दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी। बनर्जी ने ही 2010 में इसके पहले भाग का निर्देशन किया था। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2021 में रिलीज हुई थी जिसका नाम संदीप और पिंकी फरार था। एकता कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, 'लव सेक्स और धोखा' का दरिया है और डूब के जाना है। लव सेक्स और धोखा 2सिनेमाघरों में 19 अप्रैल को। निर्माताओं के अनुसार, लव, सेक्स और धोखा 2 या एलएसडी 2 रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाता है और इंटरनेट के युग में आधुनिक प्रेम के छिपे पहलुओं को उजागर करता है। फिल्म एक मनोरंजक कथा और सम्मोहक प्रदर्शन के माध्यम से प्यार, विश्वासघात और हमारी तकनीकी रूप से संचालित दुनिया के परिणामों को गहराई से उजागर करने का वादा करती है। इसका निर्माण एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने किया है।

## शाहरुख खान की फिल्म डंकी ओटीटी पर



शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक नाटकीय प्रदर्शन के बाद राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने बुधवार आधी रात को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफोर्म नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के साथ लिखा कि अपना सामान पैक करें। दुनिया भर में डंकी के बाद, अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग। डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी रिलीज़ थी। दो बैक-टू-बैक मेगा ब्लॉकबस्टर के बाद फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक थीं। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर 'पठान' और 'जवान' की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन मेगा हिट रही और भारत में 227 करोड़ की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन पर सबसे ज्यादा असर प्रभास-स्टारर सालार पार्ट वन : सीजफायर से हुआ, जो शाहरुख की फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लांट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा क्षेत्र में बनी सहमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार देर रात कतर की राजधानी दोहा पहुंच गए। यहां उन्होंने अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच भारत और कतर के संबंधों को बढ़ाने पर बात हुई। पीएम मोदी ने इस बैठक को शानदार करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद कतर के शासक शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-कतर के संबंधों के साथ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को कहा कि भारत और कतर दो देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए निवेश को माध्यम के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं।



दोहा में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की और भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश और साझेदारी को लेकर बात की।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की वार्ता पर विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा में व्यापार साझेदारी, निवेश सहयोग और ऊर्जा संबंध शामिल हैं।

### भारतीयों ने किया मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी के दोहा पहुंचने के बाद होटल के बाहर प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। हाथों ने भारतीय तिरंगा लेकर आए लोगों ने 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पीएम मोदी ने होटल के बाहर स्वागत के लिए जुटे लोगों से हाथ मिलाया। कुछ प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी को किताबें भी भेंट कीं। इस दौरान लोगों ने पीएम मोदी से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी लीं। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, दोहा में असाधारण स्वागत के लिए प्रवासी भारतीयों का आभारी हूं।



# महेश दत्तानी की सोच से मैंने बहुत कुछ सीखा

**मुंबई, एजेंसी**

- अभिनेत्री शिल्पा ने कहा- दत्तानी का नाटक 'बिग फैट सिटी' देश की सबसे प्रमुख ब्लैक कॉमेडी

1986 में अपने पहले नाटक 'व्हेयर देयर इज ए विल' से ही, नाटककार और निर्देशक महेश दत्तानी ने समकालीन भारतीय वास्तविकताओं को थिएटर में शामिल किया और आधुनिक मुद्दों और रिश्तों को एक नए दृष्टिकोण के साथ पेश किया।

जी थिएटर के टेलीप्ले 'बिग फैट सिटी' में भी महेश मुंबई के संघर्षमय जीवन से जूझते उन लोगों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं जो अधूरी जरूरतों और इच्छाओं के चक्र में फंसे हुए हैं। जानी-मानी फिल्म, थिएटर, ओटीटी और टेलीविजन अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला इस बात से रोमांचित हैं कि उन्हें दत्तानी के साथ काम करने का मौका मिला और कहती हैं, जब उन्होंने मुझे 'बिग फैट सिटी' के लिए बुलाया, तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। ये उन्हीं के मार्गदर्शन का नतीजा है की आज में अभिनय की कला को एक नए



अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला।

दृष्टिकोण से देखती हूं जहां कोई एकरसता नहीं है। उन्होंने कहा- मैंने उनसे, जीवन पर उनकी टिप्पणियों और उनके संपूर्ण अस्तित्व से कितना कुछ सीखा है। एक शिक्षक के रूप में वह उत्कृष्ट हैं। उन्होंने कितने ही लोगों का मार्गदर्शन दिया है और वह वास्तव में हमारे लिए एक अथाह खजाने की तरह हैं। उनके जैसे बहुत कम लोग हैं। 'बिग फैट सिटी' में की गई सामाजिक टिप्पणी के बारे उन्होंने कहा, नाटक उन आकांक्षाओं के बारे में है जिनके चलते हम एक फ्लैट, एक प्रेमी या शायद एक बड़ी भूमिका की कामना में उलझे रहते हैं। ये कहानी दर्शाती है कि कुछ लोग बाहरी नजरिए से दुनिया को देखते हैं और अंदर नहीं झांकते । वे ग्लैमर और छवि के संदर्भ में ही सोचते हैं जबकि वास्तव में, उनके सपनों के शहर में बहुत गंदगी हो सकती है। यह संभवतः भारत की पहली ब्लैक कॉमेडी है जो आकांक्षा के अंधेरे पक्ष को उजागर करती है। उन्होंने कहा- दत्तानी ने नाटक में 'हास्य' और 'वीभत्स' जैसे रसों का मिश्रण किया है, जहां ठहाकों के साथ-साथ एक लाश से उपजी भय की भावना भी है। उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने कहानी के भीतर जटिल जमीनी हकीकतों को बुना है, वह लाजवाब है। महेश सर ने आधुनिक तकनीक का भी शानदार ढंग से उपयोग किया है। जिस तरह से उन्होंने टेक्स्ट संदेशों आदि का उपयोग किया है , वह अब कहीं जाकर ओटीटी शो दिखा रहे हैं।

## एक नजर

### अमेरिका में धोखाधड़ी के आरोप में भारतवंशी युवक को पांच साल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक 24 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के को अमेरिकी महिला के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में 51 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, लड़के ने महिला को कंप्यूटर हैकिंग के जरिए 150,000 अमेरिकी डॉलर का चूना लगाया था। भारतीय मूल के लड़के की पहचान सुखदेव वैद्य के तौर पर की गई है। उसे पिछले साल दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। उसने अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटर हैकिंग के जरिए महिला को निशाना बनाया था और उनसे 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी की। बुधवार को अदालत ने बताया कि कस्टडी से रिहा होने के बाद आरोपी को निर्वासन के लिए ब्यूरो ऑफ कस्टम और इमीग्रेशन इंफोर्समेंट के पास भेजा जाएगा।

### सेना व्यवसाय के बजाए रक्षा पर दे ध्यानः पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट

**इस्लामाबाद।** सेना के राजनीतिक और व्यवसायिक हस्तक्षेप को लेकर पाकिस्तान स्थित सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की है। एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आश्वासन मांगा कि सेना रक्षा के अलावा किसी अन्य व्यवसायों पर फोकस नहीं करेगा। गौरतलब है कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सैन्य भूमि के इस्तेमाल की जांच करने वाले एक मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ का नेतृत्व पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस बात पर जोर दिया कि देश की सभी संस्थानों को सिर्फ अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए।

### निजी कंपनी ने चंद्रमा पर भेजा मून लैंडर, सफलतापूर्वक लॉन्च

**वाशिंगटन।** नासा की मदद से गुरुवार को अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने मून लैंडर ओडिसी को लॉन्च करने में सफलता हासिल की है। इसका नाम कवि होमर के हीरो के नाम पर रखा गया है। पहले इसे 14 फरवरी को लॉन्च किया जाना था, लेकिन ईंधन संबंधी समस्या के कारण इसमें देरी हुई। अबतक अमेरिका, रूस, चीन, भारत और जापान ने चंद्रमा पर सफल मिशन भेजा है। हालांकि, किसी निजी फर्म की ओर से अबतक ऐसा संभव नहीं हो पाया है।

### अमेरिका के कंसास सिटी में गोलीबारी, एक की मौत, 21 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर फायरिंग हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 21 लोग घायल हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने बताया कि गोलीबारी चीफ्स की सुपर बाउल जीत के लिए परेड और रैली के बाद हुई थी। घटना मिसौरी के कंसास शहर की है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, जब चीफ्स के प्रशंसक यूनियन स्टेशन के पश्चिम में गैरेज के पास से गुजर रहे थे, तभी वहां गोलीबारी हो गई थी। पुलिस ने हमले के बाद तीन हथियारबंद लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर है। घटना के बारे में एक महिला ने बताया कि जब गोलियां की आवाज आई तो हम वहां से भागकर एक लिफ्ट में छिप गए।

## पाकिस्तानः पीएम पद के लिए शहबाज का नाम आने के बाद, पीटीआई ने भी की घोषणा

# इमरान ने लगाई अयूब के नाम पर मुहर

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान में आम चुनाव खत्म हुए एक हफ्ता हो गया है, लेकिन प्रधानमंत्री पद को लेकर अभी भी संशय बरकरार है। अगला पीएम कौन होगा इसपर भी स्थिति साफ नहीं है। नवाज शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की रूपरेखा लगभग तैयार होने के बीच एन वक्त पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित कर दिया है।



शरीफ परिवार की घोषणा के बाद पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने गुरुवार को बड़ा दांव चला, पीटीआई ने पीएम पद के लिए पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान के पोते और पार्टी महासचिव उमर अयूब के नाम पर मुहर लगा दी है। बता दें, आशंका जताई जा रही है कि शहबाज शरीफ के पीएम बनते ही बड़े भाई नवाज शरीफ के राजनीतिक करियर का अंत हो जाएगा। दरअसल, पिछले हफ्ते चुनावों के आए नतीजों में त्रिशंकु संसद बनने के बाद शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है। नवाज-शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले पीएमएलएन का अन्य पार्टियों के साथ लगभग गठबंधन हो चुका है।

इस गठबंधन में छह पार्टियां शामिल हैं, जिसमें बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भी शामिल है। बता दें कि पाकिस्तान के तीनों प्रमुख दलों में से किसी को भी चुनावों में बहुमत नहीं मिला है।



### विजेता उम्मीदवार की अधिसूचना रद करने वाली नवाज की याचिका खारिज

पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ झटका दिया है। ईसीपी ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने पंजाब प्रांत के एक निर्वाचन क्षेत्र में विजयी उम्मीदवार की अधिसूचना रोकने की मांग की थी। पीटीआई समर्थित उम्मीदवार ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नवाज को हराया था। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के नेतृत्व में ईसीपी की दो सदस्यी पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने नवाज शरीफ के अनुरोध को खरिज किया और पीएमएल-एन सुप्रिमो के वकील को अर्जी फिर से दायर करने का निर्देश दिया। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार शाहजादा गुस्तासप खान ने एनए-15 (मानसेहरा) सीट पर 105,249 मतों से जीत दर्ज की। जबकि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ 80,2382 मतों के साथ दूसरे नंबर पर रहे।

## राजनीति मेरे बस की नहीं, टीएमसी सांसद मिमी देंगी इस्तीफा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेता मिमी चक्रवर्ती ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने घोषणा की है। वे लोकसभा में पश्चिम बंगाल की जादवपुर सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं।



हालांकि, मिमी ने अब तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा नहीं सौंपा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को अपना त्याग पत्र सौंपा है। बताया जा रहा है कि मिमी स्थनीय स्तर पर पार्टी नेतृत्व से खुश नहीं थीं। इस वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। मिमी चक्रवर्ती ने इस्तीफा देने को लेकर कहा कि राजनीति मेरे लिए नहीं है, यहां अगर आप किसी की मदद कर रहे हैं तो आपको उसका प्रचार करना होता है। राजनीति के साथ-साथ मैं एक अभिनेत्री के रूप में भी कार्य करती हूं, मेरा दायित्व दोनों तरफ एक समान बनता है, अगर कोई राजनीति में आता है तो आप काम करें या न करें आपको भला-बुरा कहा जाता है।



अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का समकक्ष के साथ निरीक्षण करते मनोज पांडे।

# सेना प्रमुख ने अमेरिकी समकक्ष से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- 16 फरवरी तक अमेरिकी यात्रा पर हैं सेना प्रमुख मनोज पांडे

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक शांति और सुरक्षा प्रयासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चर्चा की। बता दें कि जनरल मनोज पांडे की 13 फरवरी को शुरू हुई अमेरिकी यात्रा 16 फरवरी को संपन्न हो जाएगी।

जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अर्लिंगटन नेशनल सीमेट्री में 'टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर' पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जनरल मनोज पांडे की अमेरिकी यात्रा की तस्वीरें शेयर कीं और कहा, बयान में कहा गया कि जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय चर्चा में हिस्सा लिया। इस चर्चा का उद्देश्य द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों और वैश्विक शांति व सुरक्षा के लिए परस्पर प्रतिबद्धता को बढ़ाना था। सेना प्रमुख ने फोर्ट बेल्वोइर में आर्मी जियोस्पेशियल सेंटर का भी दौरा किया और फोर्ट मैकनेयर में राष्ट्रीय रक्षा विव के साथ बातचीत की।

### रामलला के दरबार में गोवा सरकार...



**गोवा :** मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ गोवा का पूरा मंत्रिमंडल रामलला के दरबार में पहुंचा और दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ आए सभी 51 सदस्यों ने रामलला के चरणों में माथा टेका। गुरुवार को अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे तो परंपरागत अंदाज में उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी को ई बस द्वारा एयरपोर्ट से राममंदिर परिसर ले जाया गया। • एजेंसी



## इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति होंगे रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो

**जाकर्ता।** इंडोनेशिया में हुए राष्ट्रपति चुनावों की मतगणना बुधवार को शुरू हुई। नतीजों के शुरुआती रुझानों में तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो ने 58 फीसदी मतों के साथ प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है।



रुझानों के बाद सुबियांतो ने अपनी जीत का एलान करते हुए कहा कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। हालांकि, सुबियांतो को देश में लोकतंत्र विरोधी नेता के तौर पर जाना जाता है। इंडोनेशिया के करीब 20 करोड़ लोगों ने अपना राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को मतदान किया था। कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 80 फीसदी ने मतदान किया है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के एक और शख्स की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारतवंशी नागरिक होटल कारोबारी था किराये पर कमरे को लेकर हुआ विवाद

अमेरिका के अलबामा राज्य में भारतवंशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि भारतीय मूल के नागरिक का होटल का कारोबारी था और एक कमरे को लेकर ग्राहक के साथ विवाद हो गया, जिसके बाद ग्राहक ने मोटल (होटल) मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी।

बता दें, एक हफ्ते पहले शेफील्ड में हिलक्रेस्ट मोटल के मालिक प्रवीण रावजीभाई पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में 34 वर्षीय विलियम जेरेमी मूर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी किराये पर एक कमरा लेना चाहता था, इसी बीच विवाद हो गया और उसने ने बंदूक निकाली और पटेल को गोली मार दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी मूर को शेफील्ड पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि मूर की तलाशी लेने पर उसके पास से हथियार मिला। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के पास चश्मदीदों का बयान लिया गया है।

एशियन अमेरिकन होटल ओनर्स एसोसिएशन ने इस घटना पर दुख जताया है। एसोसिएशन ने कहा है कि वे इस घटना से काफी दुखी और स्तब्ध हैं। एएचओए के अध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि हिंसा के संवेदनहीन कृत्यों के लिए हमारे समुदायों में कोई जगह नहीं है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका में कई भारतीय मूल के नागरिकों की हत्या कर दी गई है।

### क्या बोले चश्मदीद

घटनास्थल के पास काम करने वाले नाई जेमेरिज ओवेन्स ने बताया, मैंने तीन गोलियों की आवाज सुनी। उन्होंने कहा कि गोली चलने पर उन्हें विश्वास नहीं हुआ और वह अपने काम में लगे रहे।

## कुपवाड़ा से आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में गुरुवार को पुलिस और सुरक्षाबलों को एक आतंकी मददगार को पकड़ने में सफलता मिली है। उसके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। जिले के गुंडमाचेर ब्रिज पर कुपवाड़ा पुलिस, सेना की 28 आरआर और सीआरपीएफ की 162बीएन ने संयुक्त नाका लगाया हुआ था।

चेकिंग के दौरान, लालपोरा से गुंडमाचेर की ओर आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके पास सफेद रंग का बैग था। जैसे ही उक्त व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रफीक अहमद गनई पुत्र गुलाम अहमद गनई निवासी लालपोरा शेखपोरा बताया। बैग की तलाशी के दौरान उसमें से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

# बीजद विधायक व पूर्व मंत्री के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

- 7 से 8 वर्ष पहले इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का लगा था आरोप

ओडिशा सरकार के पूर्व मंत्री व भद्रक जिला भंडारीपोखरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रफुल्ल सामल के 10 ठिकानों पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक साथ छापामारी की है। यह छापामारी भद्रक शहर में छह स्थानों पर तथा भुवनेश्वर में चार स्थानों पर की जा रही है।

विधायक के विभिन्न ठिकानों के साथ उनके रिश्तेदारों के यहां भी छापामारी किए जाने की सूचना मिली है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार तड़के प्रवर्तन निदेशलय की विशेष टीम भद्रक पहुंची। टीम भद्रक पहुंचने के बाद शहर के नुआ बाजार में मौजूद भंडारीपोखरी विधायक तथा पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल के आवास के अंदर गई। केन्द्रीय सुरक्षा बल के कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी की टीम भद्रक पहुंची है। 7 से 8 वर्ष पहले जिले के बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का आरोप लगा था। इसे लेकर एकाधिक बार इंजीनियरिंग कॉलेज के कर्मचारियों ने प्रतिवाद किया था। इस बीच कर्मचारियों के वेतन भी रोक दिए गए। ऐसे में वर्षों से वेतन ना मिलने कॉलेज कर्मचारियों ने कॉलेज के सामने, जिलाधीश कार्यालय के सामने, विधानसभा के सामने न्याय के लिए प्रतिवाद किया था।

### कोर्ट में विचाराधीन है मामला

बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज का मामले हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसको लेकर पहले ईडी एवं सतर्कता विभाग से जांच करने की भी मांग की गई थी। इस को आधार पर बीजद विधायक के घर पर छापामारी की है।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने पतझड़ में 'ला नीना' के सक्रिय होने की जताई संभावना, अल्बानी विवि न्यूयॉर्क ने जारी की रिपोर्ट

# अब छटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** अच्छी खबर है कि अल नीनो समाप्ति की ओर है। बसंत के आखीर में प्रभाव समाप्त हो जाएगा और पतझड़ में ला नीनो सक्रिय होगा। वायुमंडलीय और पर्यावरण विज्ञान अल्बानी विश्वविद्यालय व स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने यह रिपोर्ट जारी की है।

अल नीनो के प्रभाव से शीतकाल मे देश दुनिया के कई हिस्से सूखे की चपेट में रहे। पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में कृषि क्षेत्र में बड़ा असर पड़ा है। शीतकाल में जंगलों की आग भी अन्य वर्षों की तुलना में अधिक भड़की है। वर्षा नही होने से भूजल भी काफी घटा होगा। इसका असर ग्रीष्मकाल तक देखने को मिलेगा। स्वाभाविक है वर्षा की कमी से पेयजल संकट उत्पन्न होगा।




अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

मगर अब अलनीनो समाप्ति की ओर है। एक माह के अंतराल में इसका प्रभाव पूरी तरह समाप्त होने की संभावना है और संभवतः चालू वर्ष के पतझड़ तक ला नीना सक्रिय होने लगेगा। ला नीना सक्रिय होने से मौसम का पैटर्न लौट आएगा और वर्षा के साथ बर्फबारी सामान्य रूप से होने लगेगी। वैज्ञानिक अल नीनो का प्रभाव लंबा खींचने की आशंका जता रहे थे। जिसका भारतीय मानसून पर असर पड़ता। मगर अब इसके कमजोर पड़ने से आशंका के बादल छट गए हैं।

### क्या है अल नीनो

अल नीनो और इसके विपरीत ला नीना जलवायु पैटर्न हैं जो दुनिया भर के मौसम को प्रभावित करते हैं। अल नीनो वैश्विक तापमान बढ़ाता है। जिसका प्रभाव हाल के महीनों में देखा गया। इसके उलट ला नीना की घटनाएं थोड़ी ठंडी होती हैं। अल नीनो की शुरुआत दक्षिण अमेरिका से दूर पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में भूमध्य रेखा के साथ समुद्र के गर्म पानी की धारा की उत्पत्ति करता है। भूमध्य रेखा से लगे क्षेत्र के तापमान ने असामान्य रूप से वृद्धि करता है। अलनीनो की घटना 4 से 5 साल में एक बार होती है, लेकिन दस 10 से 20 के बीच यह शक्तिशाली रूप से सक्रिय होता है।

# ट्रंप से ज्यादा अनुभवी नेता जो बाइडनः व्लादिमीर पुतिन

**मॉस्को, एजेंसी**

- उन्होंने कहा- किसी भी निर्वाचित अमेरिकी नेता के साथ मिलकर करेंगे काम

अमेरिका में आम चुनाव से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने बाइडन को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ज्यादा अनुभवी बताया। पुतिन ने कहा कि उनका देश बाइडन को दूसरे कार्यकाल के लिए जीतते हुए देखना पसंद करेगा।

पुतिन ने रूस के सरकारी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह निर्वाचित होने वाले किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करना पसंद करेंगे। लेकिन, जब उनसे पूछा गया कि रूस के नजरिए से कौन बेहतर विकल्प होगा तो उन्होंने कहा कि वह बाइडन की जीत को तरजीह देंगे।

पुतिन ने कहा, बाइडन ज्यादा अनुभवी और पुराने राजनेता हैं।





लेकिन हम ऐसे किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं, जिस पर अमेरिकी लोग भरोसा करते हैं। पुतिन की ओर से यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले आई है। इन चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी के बाइडन के खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी डोनाल्ड ट्रंप को खड़ा कर सकती है। चुनाव से पहले दोनों सियासी दल यूक्रेन की सैन्य मदद को लेकर एक दूसरे पर हमले बोल रहे हैं।